


बालाघाट, सिवनी, मंडला, गोंदिया एवं भंडारा जिले में प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 26 अगस्त 2026 | दिन - बुधवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 210 | मूल्य - 5 रुपये









## हैती में गिरोह के हमले में 47 लोगों की मौत, 50 से अधिक अगवा..

**पोर्ट-ओ-प्रिंस (हैती), (एपी)।** हैती की राजधानी के पास एक इलाके में हथियारबंद लोगों ने हमला कर कम से कम 47 लोगों की हत्या कर दी और 50 से अधिक लोगों का अपहरण कर लिया। संयुक्त राष्ट्र ने मंगलवार को यह जानकारी दी। माना जा रहा है कि हाल के वर्षों में हैती में हुई सामूहिक अपहरण की यह सबसे बड़ी घटनाओं में से एक है। एक गिरोह के सरगना ने धमकी दी है कि अगर अधिकारियों ने इलाके को सुरक्षित करने की कार्रवाई के दौरान उसके गिरोह के किसी सदस्य को नुकसान पहुंचाया तो वह बंधकों की हत्या कर देगा।

रविवार को पोर्ट-ओ-प्रिंस के पास पहाड़ियों में बसे केन्सकॉफ इलाके पर हुए इस हमले ने उस धारणा को झटका दिया है कि हिंसा से जूझ रहे इस कैरेबियाई देश में सुरक्षा स्थिति सुधर रही है।

सोशल मीडिया पर जारी एक वीडियो में गिरोह के सरगना ने हैती की राष्ट्रीय पुलिस के निदेशक व्लादिमीर पैराइसन को धमकी दी और इलाके में गिरोहों को खदेड़ने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल नहीं करने की चेतावनी दी। गिरोह के इस सदस्य ने अपनी पहचान केवल 'इजो 2' के रूप में बताई। यह नाम 'इजो' या जॉनसन आंद्रे के संदर्भ में है, जो हैती के सबसे ताकतवर गिरोह सदस्यों में से एक है। अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध के खिलाफ वैश्विक पहल में हैती ऑब्जर्वेटरी के प्रमुख रोमेन ले कूर ने कहा, ''यह हमला सरकार और पुलिस को संदेश है कि सुरक्षा को लेकर उनके दावे हकीकत से मेल नहीं खाते। गिरोह यह कह रहे हैं कि वे जब हमला करना चाहेंगे, कर सकते हैं और सफल भी होंगे।''हैती में संयुक्त राष्ट्र एकीकृत कार्यालय (बिनुह) के अनुसार, मारे गए 47 लोगों में कम से कम पांच बच्चे थे।

# झारखंड : विरोध प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ता से छेड़छाड़ को लेकर 38 लोगों पर प्राथमिकी

**रांची, (भाषा)।**

***रांची में 21 अगस्त को विरोध प्रदर्शन के दौरान 'जेपीएससी-जेएसएससी रिफॉर्म्स मंच' की एक सदस्य के साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ करने को लेकर 38 लोगों के खिलाफमामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस महिला ने झारखंड विधानसभा में विपक्ष के नेता (भाजपा) बाबूलाल मरांडी के साथ यहां कोतवाली थाने में जाकर शिकायत की जिसके बाद सोमवार को यह मामला दर्ज किया गया।***

कोतवाली थाने के प्रभारी सनोज चौधरी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''प्राथमिकी में 30 अज्ञात लोगों के अलावा आठ लोगों को नामजद किया गया है। उन पर छेड़छाड़ और बीएनएस की अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।'' यह कथित घटना भर्ती परीक्षा में 'गड़बड़ियों' को लेकर निकाले गए एक जुलूस के दौरान अल्बर्ट एक्का चौक के पास हुई। पीड़िता ने कहा, ''हमने शांतिपूर्ण जुलूस निकाला तथा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के पुतले जलाने की कोशिश कर रहे थे। तभी करीब आठ ज्ञात और 30 से ज़्यादा अज्ञात लोगों ने मुझ पर हमला किया तथा मेरे साथ छेड़छाड़ की।''मरांडी ने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज़ उठा रहे विद्यार्थियों पर '(सत्तारूढ) झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के गुंडों' का कायरतापूर्ण हमला बेहद निंदनीय है। उन्होंने कहा, ''भाजपा विद्यार्थियों के साथ मजबूती से खड़ी है और हर स्तर पर उनके संघर्ष का समर्थन करेगी।'' इस बीच, मरांडी अन्य भाजपा नेताओं के साथ रांची सदर के अंचलाधिकारी-सह-मजिस्ट्रेट के कार्यालय पहुंचे और झामुमो के 'गुंडों' के खिलाफप्राथमिकी दर्ज करने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया, ''21 अगस्त के विरोध-प्रदर्शन के दौरान ड्यूटी पर मौजूद मजिस्ट्रेट ने एकतरफा कार्रवाई की है। उस दिन झामुमो के गुंडों ने दहशत फैलाई जबकि विद्यार्थियों के खिलाफमामले दर्ज किए जा रहे हैं। अधिकारी ने उन लोगों के खिलाफप्राथमिकी दर्ज नहीं की जिन्होंने प्रदर्शन में बाधा डाली और छात्राओं के साथ बदसलूकी की।''

विपक्ष के नेता ने कहा, ''हम सभी ऐसे अधिकारियों को उनकी ज़िम्मेदारियों का एहसास कराने आए हैं। हमने अंचलाधिकारी-सह-मजिस्ट्रेट से निष्पक्ष कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।'' मरांडी ने कहा कि अगर वह इन गुंडों के खिलाफप्राथमिकी दर्ज नहीं करते हैं, तो उनके दफ़्तर के सामने धरना दिया जाएगा। मरांडी ने दावा किया कि सोशल मीडिया पर कई वीडियो और अन्य सबूत मौजूद हैं, जो इस बात की पुष्टि करते हैं कि उस दिन कौन लोग गुंडागर्दी कर रहे थे। रांची सदर के अंचलाधिकारी (सीओ) शिव शंकर पांडेय ने कहा कि उनकी शिकायत ''मौके पर मैंने जो तथ्य देखे, उन पर आधारित थी और इसका किसी राजनीतिक दल से कोई संबंध नहीं था।'' मरांडी ने यह भी कहा कि जिन विद्यार्थियों के खिलाफप्राथमिकी दर्ज की गई है, भाजपा उन्हें मुफ्त कानूनी सहायता देगी। मरांडी के आरोपों पर प्रदेश कांग्रेस के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि भाजपा 'झारखंड में अपनी खोई हुई राजनीतिक जमीन वापस पाने के लिए विद्यार्थियों का इस्तेमाल करने की कोशिश कर रही है।' सिन्हा ने कहा, ''बाबूलाल मरांडी प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए सीओ कार्यालय और कोतवाली जा रहे हैं, लेकिन मैं पूछता हूं कि जब जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन कर रहे एक छात्र को पैलेट गन से चोट लगी थी और प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए उसे तीन दिन तक थाने के चक्कर काटने पड़े थे, तब मरांडी और उनकी पार्टी के नेता कहां थे? दिल्ली पुलिस ने राहुल गांधी के दखल के बाद ही उसकी प्राथमिकी दर्ज की थी।''




# सावधान! दिल्ली पुलिस ने कैंसर रोधी दवाओं की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया..

**नई दिल्ली, (भाषा)।**

***राष्ट्रीय राजधानी की पुलिस ने दिल्ली-एनसीआर में नकली और गैर-अनुमोदित कैंसर रोधी तथा अन्य जीवनरक्षक दवाओं की तस्करी, मिलावट और वितरण में कथित रूप से संलिप्त एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस***

मामले में 39 वर्षीय एक डॉक्टर को गिरफ्तार किया है और कई संदिग्ध नकली तथा अवैध रूप से आयातित दवाइयां बरामद की हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, आरोपी की पहचान हरियाणा के फरीदाबाद निवासी डॉ. मनीष शर्मा के रूप में हुई है। पुलिस ने एक बयान में कहा कि बरामद की गई कुछ दवाइयां कथित तौर पर अवैध रास्तों से भारत में तस्करी कर लाई गई थीं, जबकि कुछ अन्य ऐसी दवाइयां थीं जिन्हें केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) या भारतीय औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) ने देश में बिक्री के लिए मंजूरी नहीं दी है। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में नकली कैंसर रोधी और जीवनरक्षक दवाइयों की आपूर्ति के बारे में 21 अप्रैल को गुप्त सूचना मिली थी जिसके बाद अपराध शाखा ने यह अभियान चलाया था। बयान में कहा गया है कि जानकारी से पता चलता है कि प्रतिष्ठित दवा कंपनियों के लेबल का एक गिरोह इस्तेमाल कर रहा था।

पुलिस ने बताया कि आईक्लूसिग (पोनाटिनिब) टैबलेट के चार पैकेट बरामद किए गए हैं। पुलिस का दावा है कि इस दवा को भारत में बिक्री की मंजूरी नहीं मिली है और इसकी कीमत अमेरिका में करीब 17,000 अमेरिकी डॉलर (लगभग 17 लाख रुपये) प्रति डिब्बा है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बयान में कहा, ÷पोनाटिनिब का इस्तेमाल ल्यूकेमिया (रक्त कैंसर) के उपचार में किया जाता है। यह कैंसर कोशिकाओं की वृद्धि में शामिल असामान्य प्रोटीन को अवरुद्ध करके काम करती है। पुलिस ने बताया कि ह्यूमन एल्ब्यूमिन सॉल्यूशन आईपी 20 प्रतिशत की 100-100 मिलीलीटर क्षमता वाली चार शीशियां भी बरामद की गई हैं। पुलिस के अनुसार, यह उत्पाद तुर्किये का प्रतीत होता है और इसे कथित तौर पर तस्करी के जरिए भारत लाया गया था। पुलिस ने इसके अलावा भी कई दवाइयां बरामद की हैं। पुलिस ने बताया कि बरामद दवाओं से जुड़ी मूल कंपनियां जापान और अमेरिका में स्थित हैं, जबकि पता चला है कि संदिग्ध नकली उत्पादों का निर्माण तुर्किये में किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी मूल रूप से मध्य प्रदेश के भिंड जिले का रहने वाला है। उसने ग्वालियर में 12वीं कक्षा तक पढ़ाई की और इसके बाद एमबीबीएस की पढ़ाई करने के लिए रूस चला गया था।




## आवश्यकता है..

बालाघाट शहर के प्रसिद्ध डिस्ट्रीब्यूटर वाधवानी फटाखा बाजार एवं विजय सेल्स में कार्य के लिये मार्केटिंग सेल्समेन, पुरुष एवं महिला कर्मचारी की आवश्यकता है। संपर्क करें.. 9425639000, 9300039839

## आवश्यकता है..

*बालाघाट शहर के प्रसिद्ध गपशप रेस्टॉरेंट (केशर प्लाजा कॉम्पलेक्स, हनुमान चौक) में वेटर, हेल्पर की आवश्यकता है। संपर्क 9301210805, 7000671780*




## हरिद्वार में व्यक्ति ने अपनी दो बहनों की गोली मारकर हत्या की

**देहरादून, (भाषा)।**

उत्तराखंड के हरिद्वार जिले में रक्षाबंधन के त्योहार से ठीक पहले एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। रुड़की के गंगनहर क्षेत्र में मंगलवार रात एक व्यक्ति ने अपनी दो सगी बहनों की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। इस वारदात में आरोपी का जीजा भी गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आरोपी विवेक कुमार मंगलवार रात सबसे पहले अपनी एक बहन पुष्पा के घर पहुंचा और उसे गोली मार दी। इसके बाद वह अपनी दूसरी बहन शकुंतला के घर गया, जहां उसने शकुंतला और उसके पति पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं।

गोली लगने से दोनों बहनों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि घायल जीजा को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। इस वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी विवेक कुमार मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, हत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है और आरोपी की तलाश में दबिश दी जा रही है।

## 'फूल और कांटे' के निर्देशक कुकू कोहली का निधन

**मुंबई, (भाषा)।** फिल्म निर्माता कुकू कोहली का मंगलवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 77 वर्ष के थे। 1991 में रिलीज हुई उनकी फिल्म 'फूल और कांटे' से अभिनेता अजय देवगन के बॉलीवुड करियर की शुरुआत हुई थी। कोहली के फिल्म निर्माता दोस्त अशोक पंडित ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''उन्हें बेचैनी महसूस हो रही थी, इसलिए कल उन्हें कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शाम करीब 4:30 बजे दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया।'' कोहली का असली नाम अवतार कोहली था। उन्होंने निर्देशक के रूप में अपनी शुरुआत करने से पहले राज कपूर और अन्य फिल्मकारों के साथ काम किया था। उन्होंने 'फूल और कांटे' फिल्म से बतौर निर्देशक अपना करियर शुरू किया। इसी फिल्म से सिने जगत में देवगन के करियर की भी शुरुआत हुई थी। इसके बाद उन्होंने 'कोहराम', 'सुहाग', 'हकीकत', 'अनाड़ी नंबर 1', 'ये दिल आशिकाना' और 'वो तेरा नाम था' जैसी फिल्मों का निर्देशन किया। उनके परिवार में उनकी पत्नी एवं अभिनेत्री अरुणा ईरानी और पहली शादी से हुई दो बेटियां हैं। कोहली का अंतिम संस्कार बुधवार को ओशिवारा श्मशान घाट पर किया जाएगा।


कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..

मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.

ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर,
शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800





मान्यता ऑटो पार्ट्स

सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते हैं एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।
Hero BAJAJ HONDA TVS
मनीष वर्मा
मो. 9425448126
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्प्लेक्स, बालाघाट (म.प्र.)


### बैहर के प्रभावित परिवारों की सहायता और स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर

# पूर्व विधायक जनजाति आयोग सदस्य भगत सिंह नेताम ने की मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंट..

## मुख्यमंत्री को स्थिति से अवगत कराकर की आर्थिक सहायता एवं स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने की मांग..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***बैहर विधानसभा क्षेत्र के बीमारी प्रभावित ग्रामों में बैगा जनजाति के बच्चों की हुई दुखद मृत्यु एवं प्रभावित परिवारों की परिस्थितियों को लेकर भगत सिंह नेताम ने भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंट की। इस दौरान***

उन्होंने बैहर विधानसभा के कोरका, बोंदरी, कुंडेकसा, मछुरदा सहित अन्य प्रभावित ग्रामों की जमीनी स्थिति से मुख्यमंत्री को विस्तारपूर्वक अवगत कराया। श्री नेताम ने प्रभावित परिवारों की आर्थिक स्थिति एवं उनके सामने उत्पन्न परिस्थितियों को देखते हुए मुख्यमंत्री से अधिक से अधिक आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि बीमारी से प्रभावित परिवारों को शासन स्तर से हरसंभव मदद और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाना जरूरी है।

### स्वास्थ्य सुविधाओं की रखी मांग

बैहर विधानसभा क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए श्री नेताम ने मुख्यमंत्री के समक्ष विभिन्न मांगें भी रखीं। इनमें दमोह एवं बिठली स्वास्थ्य केंद्रों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में उन्नयन, मछुरदा एवं पाथरी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना तथा बैहर सिविल अस्पताल में एम्बुलेंस और सोनोग्राफी मशीन उपलब्ध कराने की मांग प्रमुख रही। इसके अलावा सोनोग्राफी टेक्नीशियन, स्त्री रोग विशेषज्ञ सहित आवश्यक चिकित्सकीय स्टाफ की पदस्थापना तथा क्षेत्र की आवश्यकता के अनुसार अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति की मांग भी रखी गई।

### प्रभावित क्षेत्रों की रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंपी..

भेंट के दौरान श्री भगत सिंह नेताम ने प्रभावित क्षेत्रों की वास्तविक परिस्थितियों से संबंधित रिपोर्ट भी मुख्यमंत्री को प्रस्तुत की। उन्होंने बैगा जनजाति के बच्चों एवं प्रभावित परिवारों के हित में आवश्यक सहायता, उपचार एवं स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की। श्री नेताम ने कहा कि बैहर विधानसभा के प्रभावित परिवारों के साथ खड़े रहना सभी की जिम्मेदारी है। प्रभावित परिवारों को आवश्यक सहायता दिलाने, उनके हितों की रक्षा करने तथा क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे।

### कलेक्टर कुमार सत्यम की प्रेरणा से आदिवासी परिवारों की मदद हेतु

# विसाग बायोफ्यूल्स एवं रमनिक पावर एंड अलोयस ने दी 10 लाख की राहत सामग्री..

## एक हजार परिवारों के लिए की सहायता सुनिश्चित..





जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिले के वनांचल क्षेत्रों में निवासरत बैगा एवं अन्य आदिवासी परिवारों की सहायता के लिए विसाग बायोफ्यूल्स एवं रमनिक पावर एंड अलोयस ने कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के तहत सराहनीय पहल की है। कलेक्टर श्री कुमार सत्यम की प्रेरणा से दोनों कंपनियों ने संयुक्त रूप से करीब 10 लाख रुपये मूल्य की***

राहत एवं सुरक्षा सामग्री एक हजार आदिवासी परिवारों के लिए उपलब्ध कराई है। कंपनी के मुखिया सोहन वैद्य एवं सुधीर भाई त्रिवेदी ने राहत सामग्री का पहला यूनिट कलेक्टर कुमार सत्यम को भेंट किया। सामग्री में प्रत्येक परिवार के लिए दो मच्छरदानियां, छोटे बच्चों के दो जोड़ी कपड़े, मॉस्किटो किट तथा बच्चों के पोषण को ध्यान में रखते हुए रोस्टेड दलिया शामिल किया गया है। वनांचल क्षेत्रों में निवासरत परिवारों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए राहत सामग्री तैयार की गई है। इसका उद्देश्य परिवारों को मच्छरों से होने वाली परेशानियों से बचाव के साथ छोटे बच्चों की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण में सहयोग प्रदान करना है। मच्छरदानियां एवं मॉस्किटो किट जहां मच्छरों से बचाव में सहायक होंगे, वहीं बच्चों के लिए कपड़े और रोस्टेड दलिया उनकी तत्काल जरूरतों को पूरा करने में मदद करेंगे।

दोनों कंपनियों द्वारा संयुक्त रूप से एक हजार परिवारों के लिए सामग्री उपलब्ध कराई गई है। इसका पहला यूनिट जिला प्रशासन को सौंप दिया गया है। शेष राहत सामग्री बैहर एसडीएम को सौंपी जाएगी, ताकि वनांचल क्षेत्रों में निवासरत जरूरतमंद बैगा एवं अन्य आदिवासी परिवारों तक सामग्री पहुंचाई जा सके। कलेक्टर श्री कुमार सत्यम की प्रेरणा से शुरू हुई यह पहल प्रशासन और उद्योग जगत के बीच सामाजिक सरोकारों के लिए सहयोग की सकारात्मक मिसाल है। कंपनियों की इस पहल से वनांचल के जरूरतमंद परिवारों को प्रत्यक्ष सहायता मिलेगी। कंपनियों की ओर से यह संदेश भी दिया गया कि उद्योगों की जिम्मेदारी केवल व्यवसाय तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के जरूरतमंद एवं वंचित वर्गों के साथ खड़े होकर उनके जीवन को बेहतर बनाने में योगदान देना भी उनका सामाजिक दायित्व है। वनांचल में निवासरत बैगा एवं अन्य आदिवासी परिवारों और बच्चों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर की गई यह पहल सीएसआर के माध्यम से सामाजिक सहभागिता एवं जनकल्याण की दिशा में जिले के लिए एक सराहनीय कदम मानी जा रही है।

# बालाघाट में मुस्लिम जागृति मंच ने समान नागरिक संहिता विधेयक के विरोध में सौंपा ज्ञापन, की मांग..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***मध्य प्रदेश समान नागरिक संहिता विधेयक, 2026 के विरोध में मुस्लिम जागृति मंच की ओर से राष्ट्रपति के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में विधेयक को वापस लेने तथा नागरिकों के मौलिक एवं धार्मिक अधिकारों की रक्षा करने की मांग की गई है।***

मंच ने अपने ज्ञापन में कहा कि समान नागरिक संहिता का विचार संविधान के अनुच्छेद 44 के नीति-निर्देशक तत्वों में शामिल है, लेकिन इसके क्रियान्वयन को लेकर विभिन्न समुदायों से व्यापक परामर्श आवश्यक है। ज्ञापन में मध्य प्रदेश विधानसभा द्वारा 21 जुलाई 2026 को पारित समान नागरिक संहिता विधेयक को संविधान के मौलिक अधिकारों, विशेषकर धार्मिक स्वतंत्रता से जुड़े प्रावधानों के संदर्भ में चिंता का विषय बताया गया है। ज्ञापन में धार्मिक स्वतंत्रता, सांस्कृतिक अधिकार और समानता के अधिकार का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि व्यक्तिगत एवं धार्मिक कानूनों में बदलाव से संबंधित विषयों पर प्रभावित समुदायों के साथ व्यापक एवं सार्थक विचार-विमर्श किया जाना चाहिए। मुस्लिम जागृति मंच ने विवाह, निकाह, बहुविवाह, फर्स्ट कजिन से विवाह, तलाक तथा उत्तराधिकार एवं वसीयत से जुड़े प्रावधानों पर भी आपत्ति जताई है। मंच का कहना है कि प्रस्तावित प्रावधानों से मुस्लिम समुदाय के प्रचलित व्यक्तिगत कानून प्रभावित होंगे। ज्ञापन में दावा किया गया है कि विधेयक में विवाह पंजीकरण की अनिवार्यता, तलाक की प्रक्रिया और उत्तराधिकार से जुड़े प्रावधानों का व्यक्तिगत कानूनों पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा। मंच ने इन प्रावधानों को लेकर सरकार से पुनर्विचार की मांग की है।

### मुस्लिम जागृति मंच की प्रमुख मांगें

मध्य प्रदेश समान नागरिक संहिता विधेयक, 2026 को वर्तमान स्वरूप में वापस लिया जाए। नागरिकों के मौलिक अधिकारों, धार्मिक स्वतंत्रता और निजता के अधिकार की रक्षा की जाए। प्रभावित समुदायों, कानूनी विशेषज्ञों और अन्य पक्षों से व्यापक एवं सार्थक परामर्श किया जाए। व्यक्तिगत कानूनों में प्रस्तावित बदलावों पर पुनर्विचार किया जाए तथा मुस्लिम एवं अन्य धर्म-आधारित समुदायों को अपने व्यक्तिगत कानूनों के संबंध में उचित संरक्षण दिया जाए। ज्ञापन के अंत में मंच की ओर से इन मांगों पर तत्काल विचार कर आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया है।

### यह रहे उपस्थित..

ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रमुख रुप से युनुस खान, मो. परवेज, सगीर खान, अबरार खान संहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# अमन का पैगाम लेकर आए रसूल, आज निकलेगा जुलुसे-मोहम्मदी..

## मुस्लिम क्षेत्र में हुई आकर्षक साज-सज्जा, जगह-जगह होगा जुलुस का इस्तकबाल..

## हाजी शोएब ने दी जानकारी..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***पैगंबर हजरत मोहम्मद के जन्मदिन के अवसर पर मनाए जाने वाले पर्व ईद-मिलादुन्नबी पर आज पूरी अकीदत के जुलुसे-मोहम्मदी निकाला जाएगा। जिसका जगह-जगह इस्तकबाल किया जायेगा। जश्ने ईद-मिलादुन्नबी के मौके पर मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रो के चौक, चौराहो में आकर्षक सजावट***

की गई है। जिसमें मदिना मुनव्वरा, हजरत अली का गुंबद, गौसे पाक, आला हजरत सहित इस्लामिक हस्तियो के अलावा देशभक्ति को दर्शाती झांकियां तैयार की गई है। हाजी शोएब खान ने बताया कि 26 अगस्त को ईद-मिलादुन्नबी का पर्व, पूरे देश सहित प्रदेश और जिले में मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा अकीदत और पूरी शानौ-शौकत के साथ जुलुस-ए-मोहम्मदी की शुरूआत जामा मस्जिद चौक के इमाम शमशीर मिस्बाही और अन्य धर्मगुरू और समाजजनों की उपस्थिति में परचम कुशाई के साथ की जाएगी। जिसके बाद सलातो-सलाम और दरूद, नात पढ़ते हुए जुलुस रवाना होगा। जो फ्रेंड्स नगर, ताज नगर, चांदनी चौक, शास्त्री चौक से होकर, देवी तालाब चौक, इतवारी गंज, महाराणा प्रताप चौक, सुभाष चौक, महावीर, गुजरी चौक, राजघाट चौक, काली पुतली चौक से जेल रोड होते हुए जयस्तंभ चौक, बूढ़ी चौक से अस्पताल मार्ग और रानी अवंतीबाई चौक से होते हुए रजा चौक, डॉ. खान खली, पुराना थाना से होकर अंजुमन शादी हॉल पहुंचेगा। जहां जुलुसे-मोहम्मदी का समापन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि मुस्लिम कैलेंडर के अनुसार इस्लामिक माह के तीसरे महिने में चांद के दीदार से लेकर चांद की 12 तारीख तक जश्ने ईद-मिलादुन्नबी पर्व पर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाते है। धार्मिक मान्यता अनुसार, पैगंबर मोहम्मद साहब का आज 1501 वां जन्मदिवस मनाया जाएगा। जिनका जन्म अरब के मक्का शहर में हुआ था। उनके जन्म के समय पूरी दुनिया में भय और आतंक और बदअमनी का माहौल था। ऐसे समय में इस्लाम धर्म के माध्यम से अमन और शांति के पैगाम को लोगों तक पहुंचाने का काम किया। इस्लाम धर्म का पवित्र ग्रंथ कुरान, पैगंबर हजरत मोहम्मद पर उतारा गया हैं। जो पूरी दुनिया को इंसानियत और मानवता का संदेश देता है। जिन्होंने कहा था कि यदि किसी ने बेगुनाह की हत्या की तो उसने पूरी मानवता की हत्या कर दी और किसी की जान बचाई तो समझो उसने पूरी इंसानियत को बचा लिया। जिन्होंने इस्लाम धर्म के माध्यम से अमन और शांति के पैगाम को लोगों तक पहुंचाने का काम किया। जिनके जन्मदिन को पूरी दुनिया में इस्लाम धर्मावलंबी पूरे अकीदत के साथ मनाते है, उन्होंने बताया कि अहले सुन्नत के मुख्यालय, बरेली शरीफसे जुलुसे-मोहम्मदी को लेकर, जो गाईडलाईन दी गई है। उसका पालन करते हुए परंपरागत तरीके से सलातो-सलाम और नात पढ़ते हुए जुलुसे-मोहम्मदी निकाले।

शहर सहित जिले के मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में जश्ने ईद मिलादुन्नबी पर निकाले जाने वाले जुलुसे-मोहम्मदी को लेकर तैयारियां कर ली गई है। मुस्लिम धर्मावलंबियों के सबसे बड़े त्यौहार जश्ने ईद-मिलादुन्नबी को लेकर मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में खुशियां देखी जा रही है। रजा एक्शन कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष हाजी शोएब खान ने प्रशासन से अपील की है कि ईद-मिलादुन्नबी पर्व और इसमें निकाले जाने वाले जुलुसे-मोहम्मदी को लेकर समुचित व्यवस्था की जाए।

# 134 आवेदकों ने प्रस्तुत किये समस्याओं के आवेदन, कलेक्ट्रेट में संपन्न हुई जनसुनवाई

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई की श्रृंखला में 25 अगस्त को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर कुमार सत्यम की अध्यक्षता में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर जीएस धुर्वे, डीपी बर्मन, संयुक्त कलेक्टर राहुल नायक, एमआर कोल, विजय यादव तथा एसडीएम गोपाल सोनी ने आवेदकों की समस्याएँ सुनीं और संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में 134 आवेदक अपनी समस्याएँ लेकर पहुँचे।

जनसुनवाई में कृषि विज्ञान केन्द्र बड़गाँव में कार्यरत दैनिक वेतनभोगी महिला श्रमिक सुनीता कावरे छह माह से वेतन नहीं मिलने की शिकायत लेकर आयी थी। उसका कहना था कि नियमित कार्य करने के बावजूद प्रतिमाह 2 से 7 दिनों की अनुपस्थिति दर्शाकर वेतन में कटौती की गई। इस प्रकरण में उप संचालक कृषि को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है। लामता तहसील अंतर्गत ग्राम खुरसोडा निवासी 59 वर्षीय सूप सिंह मरावी भविष्य निधि की जमा राशि दिलाने की मांग लेकर आये थे। उन्होंने बताया कि लामता परियोजना मंडल में वर्ष 1989 से 2015 तक चौकीदार के पद पर कार्य किया और उनके पीएफ खाते में राशि जमा है। राशि के भुगतान के लिए वर्ष 2024 में आवेदन देने के बाद संबंधित विभागों द्वारा पत्राचार किया गया, लेकिन अब तक भुगतान नहीं हुआ। सूप सिंह ने पीएफ खाते की समस्त जमा राशि का शीघ्र भुगतान कराने की मांग की है। इस प्रकरण में जिला कोषालय अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये गए है। लांजी तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत बेलगांव के ग्राम लोढ़ामा के ग्रामीण शिकायत लेकर आये थे कि गांव में बिजली के तार नीचे झुकने से ग्रामीणों और स्कूली बच्चों के लिए हादसे का खतरा बना हुआ है। इस प्रकरण में एमपीईबी के अधीक्षण अभियंता को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है। लालबर्रा तहसील अंतर्गत ग्राम बडगांव के निवासी पवन आचरे सस्पेंड आधार कार्ड को पुनः एक्टिव कराने की मांग लेकर आये थे। पवन का कहना था कि उसका आधार कार्ड सस्पेंड हो चुका है और आधार कार्ड न होने की वजह से उसे बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। इस प्रकरण में डीईजीएम को आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है।

किरनापुर तहसील अंतर्गत ग्राम सिहोरा निवासी किसान धनलाल माहुले एवं विरेंद्र माहुले मुख्यमंत्री किसान कल्याण निधि एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि नहीं मिलने की शिकायत लेकर आये थे। इस प्रकरण में अधीक्षक भू-अभिलेख को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है। जनपद पंचायत लालबर्रा अंतर्गत ग्राम पंचायत सिहोरा के पीएम आवास योजना का हितग्राही सूची से नाम गायब होने की शिकायत लेकर आये थे। अतः सभी पात्र लोगों के नाम आवास सूची में शामिल कर योजना का लाभ दिलाया जाए। इस प्रकरण में जिला पंचायत की परियोजना अधिकारी आवास को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है। वार्ड नं. 14 बालाघाट की निवासी गिरजा बाई मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का लाभ दोबारा दिलाए जाने की मांग लेकर आयी थी। इस प्रकरण में महिला एवं बाल विकास के जिला कार्यक्रम अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है।

जनसुनवाई में किरनापुर तहसील अंतर्गत ग्राम करियादण्ड की निवासी भूमेश्वरी शरणागत रोजगार दिलाने की मांग लेकर आयी थी। भूमेश्वरी ने बताया कि वह और उसके पति विकलांग श्रेणी में आते है और उनकी एक बच्ची भी है। उसने बताया कि उसकी आर्थिक स्थिति ठीक नही है। इस प्रकरण में जिला रोजगार अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने कहा गया है। बालाघाट तहसील अंतर्गत ग्राम हट्टा निवासी घुरपता साठे प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिलने की शिकायत लेकर आयी थी। उसने बताया कि वर्ष 2005 से वह अपने परिवार के साथ पिता एवं भाई के घर में रह रही हैं, बावजूद इसके उन्हें योजना का लाभ नहीं मिला। इस प्रकरण में जिला पंचायत की परियोजना अधिकारी आवास को आवश्येक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है। जनपद पंचायत लालबर्रा अंतर्गत ग्राम पंचायत भाण्डामुर्री के निवासी मनोज कटरे पुलिया निर्माण कार्य में लगायी गई मिक्चेर मशीन का भुगतान नही किये जाने की शिकायत लेकर आये थे। इस प्रकरण में जनपद सीईओ लालबर्रा को आवश्येक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है।

Government of Madhya Pradesh
DEPARTMENT OF HIGHER EDUCATION,
P.M.C.O.E. GOVERNMENT JATA SHANKAR TRIVEDI POST GRADUATE COLLEGE, BALAGHAT, (MP).
**E-mail:** hegjtcbal@mp.gov.in

P.M.C.O.E. GOVERNMENT JATA SHANKAR TRIVEDI POST GRADUATE COLLEGE, BALAGHAT, (MP), DEPARTMENT OF HIGHER EDUCATION GOVERNMENT OF MADHYA PRADESH invites Request for Bid for Procurement of Goods- Supply,Installation,Testing,Commissioning of Laboratory Equipments on turnkey basis bid proposal to college. Interested bidders are requested to view the *mptender.gov.in* e-Portal for the Bid information from 24-08-2026 onwards. Last date of Submission on 15-09-2026.

Tender Notice

NIT No: 2026_HED_531972_1
RFQ No:- 2988/Laboratory EQUIPMENT

**Principal**
**P.M.C.O.E. GOVERNMENT JATA SHANKAR TRIVEDI POST GRADUATE COLLEGE, BALAGHAT, MP**

विज्ञापन संकलन
मो. हासिब खान
जिला सिवनी
संपर्क - मो. 7898530101

3 बुधवार 26 अगस्त 2026
जग प्रेरणा live जिला सिवनी
बरघाट, छपारा, केवलारी, घंसौर, लखनादौन, धनोरा एवं संपूर्ण सिवनी जिले की खबरें..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# शानो-शौकत से मनाया जाएगा ईद मिलादुन्नबी का पर्व, आज निकलेगा विशाल पैदल जुलूस..

जगप्रेरणा सिवनी।

*पूरी दुनिया को इंसानियत, भाईचारे, मोहब्बत और मानवता का पैगाम देने वाले इस्लाम धर्म के पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की पैदाइश के मुबारक मौके पर मनाया जाने वाला ईद मिलादुन्नबी पर्व इस वर्ष आज 26 अगस्त को पूरे शानो-शौकत और अजीम-ओ-शान अंदाज में मनाया जाएगा।*



पर्व को लेकर मुस्लिम समाज में खासा उत्साह नजर आ रहा है और नगर सहित जिले के विभिन्न मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में विशेष सजावट की जा रही है।

## कमेटी के सदर मोहम्मद असलम खान पत्ते वालों

ने बताया कि ईद मिलादुन्नबी के मुख्य पर्व के अवसर पर 26 अगस्त को बुधवारी बाजार स्थित ईदगाह मस्जिद से सुबह 9 बजे विशाल पैदल जुलूस निकाला जाएगा। जुलूस निर्धारित मार्ग से भ्रमण करते हुए ईद मिलादुन्नबी ग्राउंड बस स्टैंड पहुंचेगा। जुलूस में बड़ी संख्या में समाज के लोगों के शामिल होंगे वहीं इसी दिन 26 अगस्त को वाहन रैली ईदगाह मस्जिद से दोपहर 4 बजे निकाली जाएगी जो विभिन्न मार्गों से गुजरने के पश्चात अपने समापन स्थल पहुंचेगी

## आलिमों की होगी तकरीर, मांगी जाएगी अमन-चैन की दुआ

बस स्टैंड स्थित ईद मिलादुन्नबी ग्राउंड में पहुंचने के बाद आलिमों द्वारा तकरीर की जाएगी। तकरीर में पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की सीरत, उनके बताए इंसानियत, मोहब्बत, भाईचारे और अमन के रास्ते पर चलने का पैगाम दिया जाएगा। इसके बाद सामूहिक दुआ का आयोजन होगा।

## लंगर का भी रहेगा इंतजाम

दुआ के पश्चात जुलूस में शामिल सभी लोगों के लिए लंगर का इंतजाम किया गया है। आयोजन को लेकर सीरतुन्नबी कमेटी के पदाधिकारियों एवं समाजजनों द्वारा तैयारियां की जा रही हैं।

## सजावट से रोशन हो रहा शहर

ईद मिलादुन्नबी को लेकर सिवनी नगर सहित जिले के मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में खास सजावट की जा रही है। विभिन्न स्थानों पर आकर्षक विद्युत सज्जा एवं सजावट देखते ही बन रही है। पर्व को लेकर समाज के लोगों में उत्साह का माहौल है।

## कमेटी ने की अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील

जिला सीरतुन्नबी कमेटी के सदर मोहम्मद असलम खान सहित तमाम पदाधिकारियों ने समाज के लोगों से अपील की है की वाहन रैली और विशाल पैदल जुलूस में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आयोजन को कामयाब बनाएं तथा ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के बताए अमन, भाईचारे और इंसानियत के पैगाम को आम करें।

# ग्राम थांवरी में हुई मोटर चोरी का खुलासा, 02 आरोपी गिरफ्तार, चोरी का मशरूका बरामद, घटना में प्रयुक्त पिक-अप भी जप्त..

जगप्रेरणा सिवनी।

*पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में SDOP केवलारी आशीष भराड़े के नेतृत्व में थाना कान्हीवाड़ा पुलिस ने खेत से हुई मोटर चोरी की घटना का त्वरित खुलासा किया है।*




दिनांक 20.08.2026 को प्रार्थी नवनीत अरोदिया, निवासी ग्राम थांवरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 15.08.2026 की दरम्यानी रात अज्ञात चोरों द्वारा उनके खेत में बने कमरे का ताला तोड़कर कमरे में रखी क्रॉम्प्टन कंपनी की 20 एचपी की मोटर, कीमती करीबन 85,000/- रुपये चोरी कर ले गए।

रिपोर्ट पर थाना कान्हीवाड़ा में अपराध क्रमांक 270/2026, धारा 331(4), 305(ए) ब्हस्र का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

घटना स्थल का बारीकी से परीक्षण, तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिर तंत्र की सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने आरोपियों को चिन्हित कर घेराबंदी कर पकड़ा।

## गिरफ्तार आरोपी

रामा उर्फरामप्रसाद पिता रिखीराम राय, उम्र 33 वर्ष, निवासी ग्राम चिखला, पोस्ट बादलपार, थाना कुरई, हाल - पैराडाइज लॉन के सामने, थाना कोतवाली, सिवनी, राकेश साहू पिता गंगाप्रसाद साहू, उम्र 49 वर्ष, निवासी गुरूनानक वार्ड, साहू कबाड़ा के ऊपर, थाना कोतवाली, सिवनी

मामले के अन्य 02 आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई करते हुए माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

## जप्ती

घटना में प्रयुक्त वाहनः पिक-अप क्रमांक स्क्ब्ल 5 त 2794, आरोपी राकेश साहू के कब्जे सेः चोरी गई मोटर के सभी पार्ट्स, कीमती लगभग 85,000/- रुपये

## सराहनीय भूमिका

इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी संतोष पन्द्रे, सउनि जयदीप सेंगर, सउनि संजय यादव, प्र.आर. सत्यकुमार इनवाती, प्र.आर. कपिल बादशाह, प्र.आर. फूलवंत धुर्वे, आर. उलेश कटरे एवं थाना कान्हीवाड़ा की पुलिस टीम की विशेष भूमिका रही।

# ईद-मिलादुन्नबी एवं आगामी त्यौहारों को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

## अति. पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं एडीएम नीलमणि अग्निहोत्री ने लिए सुरक्षा प्रबंधों का जायजा

## पुलिस ने किया अपील - पर्व को शांति एवं सौहार्द के साथ मनाएं, अफवाहों पर ध्यान न दें

जगप्रेरणा सिवनी।

*आगामी ईद मिलादुन्नबी पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन में दिनांक 24/08/26 को पुलिस कंट्रोल रूम, सिवनी में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।*

बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी द्वारा की गई। बैठक में स्ष्ठरू सिवनी श्रीमती पूर्वी तिवारी, डीएसबी प्रभारी, अन्य प्रशासनिक अधिकारी एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

बैठक में अधिकारियों से क्षेत्रवार सुरक्षा व्यवस्था, पुलिस बल की तैनाती, जुलूस मार्ग, यातायात व्यवस्था एवं संवेदनशील क्षेत्रों की जानकारी ली गई तथा आयोजन समिति से किए गए समन्वय की समीक्षा की गई।

## बैठक में दिए गए प्रमुख निर्देश

## सुरक्षा एवं निगरानी

नमाज स्थल पर प्रवेश-निकास, पार्किंग, बैरिकेडिंग तथा प्रमुख चौराहों एवं संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने एवं सीसीटीवी कैमरों से सतत निगरानी के निर्देश।

यातायात एवं मार्ग व्यवस्था

जुलूस मार्ग पर यातायात सुचारू रखने हेतु ट्रैफिक प्लान तैयार करने, अतिक्रमण हटाने तथा भीड़ प्रबंधन हेतु व्यवस्थित आवागमन सुनिश्चित करने के निर्देश।

आपातकालीन तैयारी

विद्युत, अग्नि सुरक्षा एवं आकस्मिक स्थिति से निपटने हेतु संबंधित विभागों से समन्वय तथा क्विक रिस्पॉन्स टीम को अलर्ट पर रखने के निर्देश।

सोशल मीडिया मॉनिटरिंग

भ्रामक एवं अफवाहजनक सूचनाओं पर सतत निगरानी रखने तथा तथ्यात्मक जानकारी तत्काल साझा करने के निर्देश।

समन्वय एवं संवाद

सभी अधिकारियों को आयोजन समिति एवं गणमान्य नागरिकों से निरंतर संवाद बनाए रखने तथा कानून व्यवस्था प्रभावित करने वाले तत्वों पर विशेष निगरानी रखकर वैधानिक कार्रवाई के निर्देश।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में आपसी सौहार्द एवं भाईचारा बनाए रखने हेतु निरंतर सक्रिय रहें।

सिवनी पुलिस आमजन से अपील करती है कि पर्व को शांतिपूर्ण एवं सद्भावपूर्ण वातावरण में मनाएं, निर्धारित मार्ग एवं प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देते हुए पुलिस-प्रशासन का सहयोग करें।

# कान्हीवाड़ा पशु चिकित्सालय बना लापरवाही का अड्डा, डॉक्टर सिर्फ अटेंडेंस लगाकर गायब, गरीब पशुपालक परेशान

जगप्रेरणा सिवनी।





जिले में सरकारी व्यवस्थाओं की पोल खोलती एक गंभीर तस्वीर सामने आई है। कान्हीवाड़ा पशु चिकित्सालय में पदस्थ जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी अपनी ड्यूटी के प्रति पूरी तरह लापरवाह बने हुए हैं। आलम यह है कि दूर-दराज के ग्रामीण अंचलों से अपने बीमार पशुओं को लेकर आने वाले पशुपालक इलाज के अभाव में भारी परेशानियां झेलने को मजबूर हैं, लेकिन जिम्मेदारों पर इसका कोई असर नहीं पड़ रहा है। शासकीय नियमानुसार पशु चिकित्सालय के खुलने और बंद होने का समय सुबह 9:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक निर्धारित किया गया है। इसके बावजूद कान्हीवाड़ा अस्पताल के कर्मचारी अपनी मर्जी के मालिक बने हुए हैं। जानकारी के मुताबिक इस अस्पताल में कुल 4 कर्मचारी पदस्थ हैं, जिनमें डॉक्टर और अन्य अमला शामिल है। इसके बावजूद या तो अस्पताल पर हमेशा ताला लटका रहता है या फिर जिम्मेदार नदारद मिलते हैं। सूत्रों और पड़ताल से यह बड़ा खुलासा हुआ है कि अस्पताल में पदस्थ कर्मचारी महज कागजी खानापूर्ति करने आते हैं। आरोप है कि ये कर्मचारी सुबह अस्पताल पहुंचकर केवल अटेंडेंस रजिस्टर में अपने हस्ताक्षर करते हैं और इसके बाद गायब हो जाते हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार पीतांबर इनवाती (ड्ड.स्र) सिर्फ अपने हस्ताक्षर करने आते हैं और इसके बाद नदारद हो जाते हैं। वहीं कृष्णराव पाटिल (.ड्ड.स्न.ह)साहब भी अटेंडेंस लगाने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में घूम-घूमकर प्राइवेट प्रैक्टिस करते हैं। ग्रामीण इलाकों में पशुओं का प्राइवेट इलाज कर ये लोग गरीब पशुपालकों से मोटी रकम वसूल रहे हैं, जिसमें कथित तौर पर सरकारी दवाइयों का भी धड़ल्ले से इस्तेमाल किया जा रहा है। एक तरफगरीब किसान पशुओं की बीमारी से परेशान है, तो दूसरी तरफये लोग प्राइवेट प्रैक्टिस कर जेबें भरने में लगे हैं।

## अधिकारियों की चुप्पी पर उठ रहे सवाल

इस अवैध खेल में कहीं न कहीं उच्च अधिकारियों की भी मौन सहमति या शह प्राप्त है, जिसके चलते इन लापरवाह कर्मचारियों के हौसले बुलंद हैं। इस खुलासे के बाद जिला प्रशासन और पशुपालन विभाग के उच्च अधिकारी इस मामले में क्या कड़ा कदम उठाते हैं, या फिर यह मामला भी फाइलों में ही दबता रह जाएगा।

# पिपरडाही में समस्याओं का अंबार, स्कूल ड्रेस में सड़क पर उतरे छात्र-छात्राएं..

## अधिकारियों के आश्वासन के बाद समाप्त हुआ प्रदर्शन..

जगप्रेरणा सिवनी।

जिले के लखनवाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत जनपद पंचायत सिवनी की ग्राम पंचायत पिपरडाही में सड़क सहित अन्य मूलभूत समस्याओं को लेकर सोमवार को ग्रामीणों और विद्यार्थियों का आक्रोश सामने आया। चारगांव से पिपरडाही तक करीब 10 वर्षों से जर्जर पड़े मार्ग के निर्माण की मांग को लेकर एक शाला-एक परिसर में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण सिवनी-छिंदवाड़ा मार्ग पर पहुंच गए और धरना-प्रदर्शन करते हुए घंटों जाम लगा दिया।

प्रदर्शन में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे स्कूल जाने के बजाय स्कूल ड्रेस में ही सड़क पर बैठ गए। ग्रामीणों और विद्यार्थियों ने नारेबाजी करते हुए सड़क निर्माण की मांग उठाई। उनका कहना था कि चारगांव से पिपरडाही पहुंच मार्ग की हालत इतनी खराब है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। सड़क खराब होने से विद्यार्थियों, किसानों और अन्य ग्रामीणों को प्रतिदिन आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है।

## दस साल से मिल रहा आश्वासन, नहीं हुआ सड़क निर्माण

ग्रामीणों के अनुसार पिछले करीब 10 वर्षों से सड़क निर्माण की मांग की जा रही है। इस दौरान जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की ओर से कई बार आश्वासन दिए गए, लेकिन सड़क की स्थिति में कोई स्थायी सुधार नहीं हुआ। लगातार अनदेखी से ग्रामीणों और विद्यार्थियों में नाराजगी बढ़ती गई, जिसके बाद सोमवार को उन्होंने सड़क पर उतरकर विरोध दर्ज कराया।

## जर्जर स्कूल और पंचायत भवन का भी उठाया मुद्दा

प्रदर्शनकारियों ने स्कूल और ग्राम पंचायत कार्यालय के जर्जर भवनों का मुद्दा भी उठाया। ग्रामीणों का आरोप है कि इन भवनों को अब तक डिस्मेंटल नहीं किया गया है, जिससे कभी भी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने स्कूल प्रबंधन पर भी लापरवाही के आरोप लगाए और संबंधित समस्याओं के तत्काल निराकरण की मांग की।

## अधिकारी पहुंचे मौके पर, समझाइश के बाद खत्म हुआ जाम

जाम की सूचना मिलते ही लखनवाड़ा थाना प्रभारी सीके सीरामे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद एसडीएम पूर्वी तिवारी, नायब तहसीलदार राधिका पाठक, जिला शिक्षा अधिकारी अभिनाश दीक्षित, जनपद सीईओ लोकेश साहू और आरआई अनिल मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने विद्यार्थियों और ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं।

विद्यार्थियों ने अधिकारियों के समक्ष अपनी मांग रखते हुए कलेक्टर को मौके पर बुलाने तथा सड़क और पुलिया निर्माण को लेकर लिखित आश्वासन देने की मांग की। काफी देर तक चली समझाइश और चर्चा के बाद अधिकारियों के आश्वासन पर विद्यार्थियों और ग्रामीणों ने जाम समाप्त किया।

## विद्यार्थियों को साथ लेकर अधिकारियों ने किया मार्ग का निरीक्षण

जाम समाप्त होने के बाद एसडीएम पूर्वी तिवारी और जनपद सीईओ लोकेश साहू कुछ विद्यार्थियों को अपने वाहनों में साथ लेकर संबंधित मार्ग का निरीक्षण करने गांव पहुंचे। अधिकारियों ने मौके पर सड़क और पुलिया की स्थिति देखी तथा समस्या को वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाने की बात कही।

## सरपंच-सचिव की अनुपस्थिति पर भी नाराजगी

प्रदर्शन के दौरान ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव दोनों की मौके पर अनुपस्थिति को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी देखने को मिली। ग्रामीणों का कहना था कि जब गांव के लोग वर्षों पुरानी समस्याओं को लेकर सड़क पर उतरने को मजबूर हैं, तब पंचायत के जिम्मेदार प्रतिनिधियों की मौजूदगी आवश्यक थी।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि सड़क, पुलिया और अन्य मूलभूत समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को आगे भी जारी रखा जा सकता है।

# समरस, संस्कारित समाज और शक्तिशाली राष्ट्र का निर्माण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी : वीरेन्द्र डहेरिया

## गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती पर कुरई में गूंजा सामाजिक समरसता का संदेश



जगप्रेरणा कुरई।

संत शिरोमणि गुरु श्री रविदास जी महाराज की 650वीं जयंती के पावन अवसर पर देशभर में चलाए जा रहे समरसता संकल्प अभियान के अंतर्गत कुरई में भव्य कलश वंदन यात्रा निकाली गई। यात्रा कुरई के प्रमुख मार्गों से होते हुए बाजार चौक स्थित बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की प्रतिमा स्थल पर पहुँची, जहाँ सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा, सिवनी के जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र डहेरिया ने कहा कि संतों का जीवन केवल आध्यात्मिक प्रेरणा का स्रोत नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने और मानवता को नई दिशा देने वाला आंदोलन रहा है।

उन्होंने कहा कि ÷मनुष्य की महानता उसकी जाति, धन या पद से नहीं, बल्कि उसके चरित्र, सेवा, सदाचार और मानवता से होती है।÷ संत रविदास जी ने ऐसे समाज की कल्पना की थी, जहाँ किसी व्यक्ति के साथ जाति, वर्ग या सामाजिक स्थिति के आधार पर भेदभाव न हो। उनकी 'बेगमपुरा' की परिकल्पना समानता, सम्मान, स्वतंत्रता और न्याय पर आधारित समाज का संदेश देती है।

श्री डहेरिया ने कहा कि आज आवश्यकता है कि हम संत रविदास जी के विचारों को केवल स्मरण न करें, बल्कि उन्हें अपने जीवन और व्यवहार में उतारें। जात-पात, ऊँच-नीच और भेदभाव की दीवारों को समाप्त कर सामाजिक एकता को मजबूत करना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय से ÷समरस समाज, संस्कारित समाज और शक्तिशाली राष्ट्र÷ के निर्माण का संकल्प लेने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि जब तक समाज से भेदभाव, जात-पात और ऊँच-नीच की भावना समाप्त नहीं होगी, तब तक स्वर्णिम भारत का सपना पूर्ण नहीं हो सकता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए प्रत्येक नागरिक को आगे आकर एक-दूसरे का सम्मान करना होगा और राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी।

## सबका साथ, सबका विकास ही समरसता का आधार : फग्गन सिंह कुलस्ते

पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री एवं मंडला-सिवनी सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक विकास का लाभ पहुँचाना है।

उन्होंने कहा कि संत रविदास जी ने जिस सामाजिक समरसता और समानता का संदेश दिया, उसी भावना को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ÷सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास÷ के मूलमंत्र के रूप में आगे बढ़ाया है।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने कार्य को केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी न मानकर राष्ट्रहित से जोड़कर ईमानदारी से करे, तो भारत को श्रेष्ठ और शक्तिशाली राष्ट्र बनाने का संकल्प निश्चित रूप से साकार होगा। कार्यक्रम के अंत में आदिम जाति कल्याण विभाग के मनोहर राहंगडाले जी ने सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं उपस्थित नागरिकों का आभार व्यक्त किया। संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने और सामाजिक समरसता को मजबूत करने के संकल्प के साथ कुरई का यह आयोजन उत्साह एवं श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ।

इस अवसर पर फग्गन सिंह कुलस्ते, श्रीमती मीना बिसेन, लोचन सिंह मार्शकोले, डॉ. अभिजीत चौहान, वीरेन्द्र डहेरिया, दीनदयाल तिरैय्य, विजय नंदन, अतुल चंदौर, सुश्री उज्ज्वला सोमदेवे, कपिल कोरी, राजकुमार फरवे, अशोक शिवबेदी, संतोष माना ठाकुर, मनोज बघेल, सागर सूर्यवंशी, जागेश्वर पांडे, राजेंद्र डहरवाल, सुभाष चंदौरे, धनराज, अमनदीप, स्वर्णिम साहू, धीरेंद्र जायसवाल, हसीब खान, शाहिद खान, मोनू दीक्षित, सुनील गेडाम, विजय कावड़े, श्रीमती शशिबाला ककोड़िया, अशोक शरणागत सहित भाजपा के ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# कटंगी विकास मंच की महिलाओं ने धूमधाम से मनाया हरियाली तीज, प्रिविका लॉन में गूंजे राधा-कृष्ण के भजन





जगप्रेरणा कटंगी।

***सावन के पवित्र महीने में सुहागिन महिलाओं के प्रमुख त्योहार 'हरियाली तीज' के अवसर पर कटंगी में एक भव्य और गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्थानीय प्रिविका लॉन में कटंगी विकास मंच की महिलाओं द्वारा***

आयोजित इस उत्सव में भारतीय संस्कृति, आस्था और उमंग का अनूठा संगम देखने को मिला। पूरा परिसर हरे रंग के परिधानों में सजी महिलाओं की उपस्थिति और धार्मिक गीतों से गुंजायमान रहा। राधा-कृष्ण की पूजा से हुई शुरुआतकार्यक्रम का शुभारंभ अत्यंत भक्तिभाव के साथ हुआ। उपस्थित मातृशक्ति ने भगवान राधा-कृष्ण के स्वरूप की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने देश और समाज की खुशहाली, सुख-समृद्धि तथा अपने पतियों की दीर्घायु के लिए प्रार्थना की। पूजा के पश्चात वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया।परंपरागत हल्दी-कुमकुम और सुहाग सामग्री का वितरणतीज उत्सव के दौरान भारतीय सनातन परंपरा का निर्वहन करते हुए हल्दी-कुमकुम के विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं ने एक-दूसरे को हल्दी और कुमकुम का तिलक लगाकर अखंड सौभाग्य की कामना की। इस अवसर पर उपस्थित सभी महिलाओं को सुहाग के प्रतीक चिन्ह और सुहाग सामग्री ससम्मान भेंट की गई, जिससे उत्सव का आनंद दोगुना हो गया।हरियाली झूले और सावन के गीतों पर थिरकीं महिलाएंसावन की तीज बिना झूले के अधूरी मानी जाती है। कार्यक्रम स्थल पर विशेष रूप से आकर्षक 'हरियाली झूला' सजाया गया था। महिलाओं ने पारंपरिक सावन मल्हार और मधुर गीतों के बीच झूले का आनंद लिया। इसके बाद हुए भजन-कीर्तन में महिलाओं ने ढोलक की थाप पर जमकर नृत्य किया और उत्सव को बेहद जीवंत बना दिया। इनकी रही गरिमामयी उपस्थितिइस भव्य और सुव्यवस्थित आयोजन को सफल बनाने में कटंगी विकास मंच की सक्रिय सदस्य और नगर की प्रबुद्ध महिलाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्रीमती रचना गौर, श्रीमती अंजली गिरी, श्रीमती प्रीति पालीवाल, श्रीमती संध्या बाटकर, श्रीमती शीला वाटकर, श्रीमती रक्षा कड़वे, श्रीमती दीक्षा सिंह, श्रीमती प्रीति वाधवानी, श्रीमती गायत्री कड़वे, श्रीमती दुर्गा जुम्हारे, श्रीमती काजल मेश्राम एवं श्रीमती लता बिसेन सहित भारी संख्या में स्थानीय महिलाएं उपस्थित रहीं। सभी ने एक-दूसरे को तीज की बधाई देकर इस दिन को यादगार बनाया।

# कांग्रेस अपनी गिरती हुयी साख और गिरती हुयी छवि को छूपाने के लिये ले रही है झूठ का सहारा.. राही पांडे सरपंच प्रतिनिधी..

## कांग्रेस कार्यालय मे भाजपा के नही अपितू जन्मजात कांग्रेसीयो ने ही ली है कांग्रेस की सदस्यता.. मुन्नालाल रिनायत बूथ अध्यक्ष भाजपा



जगप्रेरणा वारासिवनी।

***गत दिवस कांग्रेस कार्यालय वारासिवनी मे विधायक विवेक पटेल के नेत्रत्व मे क्षेत्र के सेलवटपार ग्राम के कुछ लोग द्वारा भाजपा से कांग्रेस मे शामिल होने की जानकारी सोशल मिडिया व प्रिंट मिडिया मे प्रसारित की गयी।***

जिस पर करारा प्रहार करते हुये सेलवटपार के सरपंच प्रतिनिधी राही पांडे व बूथ अध्यक्ष मुन्नालाल रिनायत के द्वारा बयान जारी करते हुये बताया की कांग्रेस लंबे समय से क्षेत्र मे झूठ की राजनिती कर रही है। और आज भी पुराने कांग्रेसीयो को भाजपा का बताकर कांग्रेस मे शामिल होने का झूठ फैलाया गया है। किंतू इस हरकत से भाजपा किसी भी प्रकार से विचलित होने वाली नही है।

### कांग्रेस का पोपोगंडा उजागर हो गया है सबके सामने..

सेलवटपार के सरपंच प्रतिनिधी राही पांडे ने आक्रामक अंदाज मे दिये गये बयान मे बताया की क्षेत्र मे आज फिर कांग्रेस का एक और झूठ और नया प्रोपोगंडा पकडा गया है। कांग्रेस अपनी गिरती हुयी साख और गिरती हुयी छवि को छूपाने के लिये झूठ का सहारा ले रही है। आज सेलवटपार और चार दिवस पूर्व इसी तरह घोटी के युवाओ द्वारा कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने की छूटी खबर प्रसारित की गयी। श्री पांडे ने बताया की आज कांग्रेस कार्यालय मे कांग्रेसीयो ने ही कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की है। और उसे भाजपा का नाम देकर झूठ फैलाने का असफल प्रयास किया गया है। आज जिन युवाओ की फोटो कांग्रेस ने प्रसारित की है। वह पहले से ही कांग्रेसी है। और कुछ लोग तो उनके सेलवटपार ग्राम के भी नही है। इस तरह झूठ की राजनिती करके कोई नेता नही बन सकता है। यह विधायक विवेक पटेल का छवि बचाने का षडयंत्रकारी असफल प्रयास है।

### कथित तौर पर भाजपा से कांग्रेस मे प्रवेश करने वाले लोग जन्मजात कांग्रेसी ही है..

इसी तरह बूथ अध्यक्ष मुन्नालाल रिनायत ने बयान मे कहा की आज ही मोबाईल के माध्यम से जानकारी लगी की कांग्रेस कार्यालय मे कुछ लोगो ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की है। हमारा स्पष्ट कहना है की यह लोग भाजपा के नही अपितू पहले से ही जन्मजात कांग्रेस के लोग है। और यह पूरा मामला झूठ के सहारे कांग्रेस का अपनी गिरती छवि को बचाने का असफल प्रयास है।

### भूपेन्द्र चैधरी ने सच्चायी से कराया अवगत, भाजपा के दावे की हुयी पुष्टि..

दूसरी ओर सेलवटपार के एक ग्रामीण ने जो कांग्रेस मे कथित तौर पर प्रवेश करने वाली टीम के एक सदस्य बताये गये है रामदास चैधरी के पुत्र भूपेन्द्र चैधरी ने सेलवटपार सरपंच प्रतिनिधी राही पांडे को सोशल मिडिया मे लिखित मे जानकारी देकर सच्चायी से वाकिफभी करा दिया है। जिसमे भूपेन्द्र चैधरी ने लिखा है की राही पांडे आप हमारे सरपंच और बड़े हैं, इसलिए सबसे पहले आपको एक बात स्पष्ट करना चाहता हूँ।मेरे पिताजी रामदास चैधरी का नाम एक खबर में कांग्रेस पार्टी में शामिल होने वाले लोगों की सूची में दिया गया है और विधायक से हाथ मिलाने वाला वीडियो भी वायरल किया जा रहा है।असल में मोहल्ले के लोगों ने ही पिताजी से कहा था कि आपके घर के पास बिजली का पोल नहीं है और आपने दूर से कनेक्शन लिया हुआ है। इसलिए चलिए विधायक के पास अपनी बिजली की समस्या बताते हैं।इसी समस्या को लेकर पिताजी उनके साथ विधायक से मिलने गए थे।वहाँ विधायक ने सभी से हाथ मिलाया और पिताजी के कंधे पर कांग्रेस का दुपट्टा भी डाला। लेकिन पिताजी कांग्रेस में शामिल होने के लिए वहाँ नहीं गए थे और उन्होंने कांग्रेस की सदस्यता नहीं ली है। इसलिए सिर्फ फोटो या वीडियो के आधार पर यह कहना कि पिताजी ने कांग्रेस ज्वाइन कर ली है, सही नहीं है। अगर सदस्यता ली गई है तो उसका प्रमाण होना चाहिए।हम किसी पार्टी के खिलाफ नहीं हैं। बस पिताजी के बारे में जो बात लोगों के बीच जा रही है, उसमें सच्चाई स्पष्ट होनी चाहिए।

# समरसता के संदेश के साथ आगे बढ़ रही संत रविदास कलश यात्रा

## शिरोमणि गुरु की 650 वीं जयंती पर बालाघाट -कटंगी में जगह-जगह पूजा-अर्चना




जगप्रेरणा बालाघाट।

***भारतीय जनता पार्टी द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में देशभर में 'समरसता संकल्प अभियान' एवं 'पावन माटी कलश वंदन एवं वितरण अभियान' चलाया जा रहा है।***

इसी क्रम में संत रविदास महाराज की जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर, बनारस से लाई गई पवित्र माटी से भरे कलशों का विधिवत वंदन एवं वितरण किया जा रहा है।

जिला एवं मंडल, शक्ति केन्द्र, ग्राम स्तर पर आयोजित इन कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक समरसता, समानता और संत रविदास के विचारों को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है।

तारतम्य में 20 अगस्त को जिला मुख्यालय से प्रारंभ हुई समरसता कलश यात्रा जिले की छह विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजर रही है। इसी कड़ी में यात्रा बालाघाट एवं कटंगी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पहुंची, जिनमें गर्रा, लालबर्रा, कटंगी, अर्जूननाला, पौनिया, बोनकट्टा, बोथवा और हरदौली शामिल है। जो आज से आगे की ओर बढ़ेगी। जहां संत रविदास महाराज के मंदिरों में पूजा-अर्चना कर पावन माटी कलश का वंदन किया गया। यात्रा के दौरान संत रविदास महाराज के उपासकों एवं श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में सहभागिता रही। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी हेमेन्द्र क्षीरसागर ने बताया कि समरसता यात्रा का उद्देश्य संत रविदास महाराज के सामाजिक समरसता, समानता, सद्भाव और मानव-कल्याण के संदेश को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाना है।

### सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने की प्रेरणा : रामकिशोर कांवरे

यात्रा शुभारंभ अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कांवरे ने कहा कि संत रविदास महाराज ने समाज को भेदभाव से ऊपर उठकर समरसता और समानता का मार्ग दिखाया। उनके विचार आज भी समाज को एकजुट करने और सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने की प्रेरणा देते हैं। समरसता यात्रा उनके संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बन रही है।

### संत शिरोमणि के मार्ग पर चलने का दृढ़ निश्चय

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री रामकिशोर नानो कावरे, कटंगी विधायक गौरव सिंह पारधी, राज्य अनुसूचित जनजाति जाति आयोग सदस्य भगतसिंह नेताम, नपाध्यक्ष भारती ठाकुर, उपाध्यक्ष योगेश बिसेन, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण मेश्राम, भाजपा जिला महामंत्री डां नरेंद्र भैरम, जिला उपाध्यक्ष एवं यात्रा प्रभारी जितेंद्र सिंह मोहरे, जिला संयोजक अजय मेश्राम, गोपाल आडवाणी, जिला पंचायत सभापति केसर बिसेन, झामसिह नागेश्वर, अरुणा गजभिए, कीर्तनकार अमीर चंद छिपेश्वर, पुष्पेन्द्र देशमुख, शंकर लाल टांडेकर, कन्हैया चौहान, सुरजीत सिंह ठाकुर, चंद्रकांत पिपलेवार, तेजराम चौधरी, मंडल अध्यक्ष राकेश सेवईवार, रमाकांत डहाके, पंकज खोखले, प्रसन्न अवधिया, वेदराम राहंगडाले, मुकेश चौकसे, अविनाश देशमुख, सौरभ ठाकरे, संतोष तुरकर, मुकेश ठाकुर, पराग ठाकुर एवं अनमोल रामटेके सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधियों एवं श्रद्धालुओं ने संत शिरोमणि के बताए मार्ग पर चलने का दृढ़ निश्चय लिया।

### समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचना गौरव की बातः गौरव सिंह पारधी

यात्रा में शामिल होकर कटंगी विधायक गौरव सिंह पारधी ने कहा कि संत रविदास महाराज का जीवन सामाजिक समानता और मानव सेवा का प्रेरणास्त्रोत है। उनकी जन्मस्थली की पवित्र माटी का कलश गांव-गांव और समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचना गौरव की बात है। यह अभियान सामाजिक एकता और समरसता को और मजबूत करेगा।

### रविदास महाराज के विचार समरस समाज का संकल्पः जितेन्द्र सिंह मोहारे

समरसता यात्रा प्रभारी जितेन्द्र सिंह मोहरे ने कहा कि यात्रा के माध्यम से संत रविदास महाराज के विचारों और उनके समरस समाज के संकल्प को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। विभिन्न स्थानों पर मिल रहा जनसमर्थन और श्रद्धालुओं का उत्साह इस अभियान की व्यापक स्वीकार्यता को दर्शाता है।

# आरक्षक भर्ती परीक्षा में कम्प्यूटर सिस्टम से छेड़छाड़ के आरोपी विवेक को बालाघाट पुलिस ने धर दबोचा..



जगप्रेरणा वारासिवनी।

वर्ष 2023 की आरक्षक भर्ती परीक्षा में कंप्यूटर सिस्टम से छेड़छाड़ कर अभ्यर्थियों को अनुचित तरीके से परीक्षा में उत्तीर्ण कराने के मामले में बालाघाट पुलिस ने करीब तीन वर्षों से फरार चल रहे 10 हजार रुपये के इनामी आरोपी विवेक शर्मा को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, 18 अगस्त 2023 को सरदार पटेल विश्वविद्यालय, बालाघाट के परीक्षा केंद्र की केंद्र पर्यवेक्षक सोनिया साहू ने थाना वारासिवनी में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि आरक्षक भर्ती परीक्षा के दौरान कंप्यूटर सिस्टम को हैक कर कुछ व्यक्तियों द्वारा अभ्यर्थियों को अनुचित साधनों का प्रयोग कर परीक्षा में उत्तीर्ण कराया जा रहा है।

शिकायत के आधार पर थाना वारासिवनी में अपराध क्रमांक 362/2023 के तहत भारतीय दंड संहिता की धाराओं 447, 420, 201, 109 एवं 120-बी, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 65, 66 एवं 66एफ तथा मध्यप्रदेश परीक्षा अधिनियम की धारा 3/4 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान मामले में शामिल 9 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था।

मामले का आरोपी विवेक शर्मा, पिता कमलेश शर्मा, उम्र 29 वर्ष, निवासी ग्राम चितहारी, थाना सिहोरा, जिला शिवपुरी घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था।

उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक बालाघाट द्वारा 10 हजार रुपये के नकद इनाम की घोषणा की गई थी। लगातार तलाश के बाद पुलिस ने आरोपी विवेक शर्मा को 23 अगस्त 2026 को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

### पुलिस की कार्रवाई में सफलता..

बालाघाट पुलिस द्वारा फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह महत्वपूर्ण कार्रवाई की गई। प्रेस नोट के दूसरे पृष्ठ पर आरोपी को पुलिस अधिकारियों एवं जवानों के साथ हिरासत में दिखाया गया है।

# समुद्र मंथन से निकले विष को ग्रहण करने के कारण ही शिवजी का नाम नीलकंठ हो गया.. प्रदीप जायसवाल..




## सावन माह मे आयोजित महा शिवपुराण कथा मे शामिल होकर पूर्व मंत्री ने लगाये जयकारे



जगप्रेरणा वारासिवनी।

नगर मे सावन माह के उपलक्ष्य मे नगर के प्राचीन शीतला माता मंदिर मे भव्य स्तर पर शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। आज सोमवार के अवसर पर पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधी मनोज दांदरे, पार्षद मोनू लिमजे, मंडल अध्यक्ष मिलिंद नगपुरे, किसान नेता सुभाष पारधी आदि ने शामिल होकर व्यासपीठ और महाराजश्री का आर्शीवाद प्राप्त किया। भक्तो के अपार समुदाय के बीच नपा अध्यक्ष श्रीमतती सरिता मनोज दांदरे व वार्ड की महिला टीम के द्वारा आयोजित शिव महापुराण कथा मे शामिल होकर पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल व अन्य अतिथीयो ने कथा वाचक पं श्री वंद्रभूषण तिवारी शास्त्री महाराज प्रयागराज उत्तर प्रदेश को नमन किया। साथ ही द्वादस ज्योर्तिलिंग की कथा का श्रवण कर अनेको अवसरो पर जयकारे भी लगाये। इस अवसर पर भक्तो के सैलाब को संबोधित करते हुये गुडडा भैया ने कहा की आज मे समय मे भोला होने पर हम उसे बेवकूफकी तरह देखते है। किंतू भगवान शिवपुराण के अनेको प्रंसगो मे देखने को मिलता है की भोला होना भी सबसे अच्छा होता है। भगवान शिव स्वंय भोल थे। तभी उन्होने समुद मंथन के समय निकले विष को स्त्रष्टि को बचाने के लिये ग्रहण कर लिया। इस विष ग्रहण करने से शिवजी का कंठ नीला हो गया। तभी से उनका नाम नीलकंठ भी पड गया है। आज भी देवो के देव महादेव का अभिषेक जल से इसलिये किया जाता है की उनके गले को ठंडक पहुचे। अत हमे भी यह ध्यान रखना चाहिये की पडोसी की मदद, किसी परेशान का सहारा बनकर हम भी भोला बनकर इंसानियत के धर्म को समझे।

पिछले 16 अगस्त से अनवरत चल रही शिव महापुराण कथा को सफल बनाने मे वार्ड 12 की महिला समिति मे श्रीमती सरिता मनोज दांदरे,श्रीमती उमा अले, गीता नेवारे, अनिता मरठे, संगीता देशमुख, सरोज सहारे, महेश्वरी मात्रे, भागरता पंचेश्वर, मालती पंचेश्वर, करूणा खैरवार, अगस्ता देशमुख,रेखा मरठे, मालती पंचेश्वर, संगीता सहारे, गीता नेवारे,रीता पंचेश्वर सहित अन्य महिलाओ का योगदान सराहनीय रहा।

|| श्री जीणमाता की जय ||
|| जय गुलाब बाबा नमः ||
प्रो. मनीष वर्मा, मो. 9425448126
मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते है एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।
Hero BAJAJ HONDA TVS
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# जॉब कार्ड में फर्जी हाजिरी और विकास कार्यों में शासकीय राशि के गबन का आरोप..

### लालबर्रा जनपद की ग्राम पंचायत बहियाटिकुर में फर्जीवाड़े का खुलासा..

### बिना काम खाते में पैसा, घटिया सड़क निर्माण, अधूरी नाली और शासकीय कुंए में डग वेल का गंदा पानी..

### ग्रामीणों ने की निष्पक्ष जांच की मांग..





रविकिरण सोनी, जगप्रेरणा लालबर्रा।

***बालाघाट जिले की जनपद पंचायत लालबर्रा की ग्राम पंचायत बहियाटिकुर में भ्रष्टाचार की सारी हदें पार हो गई हैं। मनरेगा से लेकर सड़क, नाली और पेयजल तक हर योजना में शासकीय राशि के दुरुपयोग का मामला सामने आ रहा है***

जिस पर आक्रोशित होकर पंचायत भवन में सैकड़ों ग्रामीणों ने मौजूद होकर सरपंच पुष्पा ठाकरे,सचिव अनिरुद्ध लांजेवार तथा रोजगार सहायक गणेश बिसेन पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं।

### मामुनी किरतोनिया ने लगाया आरोप..



उक्त मामले पर ग्रामीण महिला हितग्राही मामुनी किरतोनिया निवासी वार्ड नं 07 ने बताया कि उसके नाम पर बिना काम किए मनरेगा में 4 से 6 हफ्ते की फर्जी हाजरी डालकर उसके रोजगार गारंटी खाते में पैसा डाला गया तथा इसके बाद सचिव व सहायक सचिव ने घर आकर वह पैसा नगद वापस ले लिया। महिला ने आगे कहा कि यह मामला 2024 का है और पूरे गांव में कई जॉब कार्ड धारकों के साथ ऐसा ही हो रहा है। साथ ही आशंका जताई है कि यह खेल सिर्फउसके साथ नहीं बल्कि पूरे पंचायत में कई जॉब कार्ड धारकों के साथ हो रहा है। मस्टररोल में सरपंच के लोगों एवं रिश्तेदारों की फर्जी हाजिरी डालकर राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। यदि पंचायत के सभी खाते और मस्टररोल की जांच की जाए तो बड़ा घोटाला उजागर हो सकता है।

### उठते हैं सवाल..

गौरतलब है कि भ्रष्टाचार के मामले में जांच की आवश्यकता साफ दिखाई देती है। सवाल उठता है कि बिना काम के मस्टररोल कैसे भरा गया? आखिर किसके आदेश पर हितग्राहियों के खातों में राशि डाली गई? सचिव तथा सहायक सचिव ने किस अधिकार से ग्रामीणों से नगद वसूली की? तथा यह राशि शासकीय रिकॉर्ड में कहां समायोजित की गई? इन सभी तथ्यों से साफजाहिर होता है कि यह मामला मनरेगा अधिनियम और प्रशासनिक वित्तीय अनियमितता के तहत गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है जिसकी निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए ताकि सच उजागर हो सकें।

### अन्य ग्रामीणों ने भी लगाए आरोप..

विकास कार्यों में अनियमितता और शासकीय राशि में भ्रष्टाचार के आरोप अन्य ग्रामीणों ने भी लगाए हैं। ग्रामीण बालकृष्ण उईके, अर्जुन राहंगडाले और अन्य ने पंचायत के विभिन्न विकास कार्यों में शासकीय राशि की बंदरबाट और गबन करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि पंचायत में 200 मीटर नाली का निर्माण आधा-अधूरा छोड़ दिया गया है तथा पूरी राशि का आहरण कर लिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि ग्राम में श्मशान घाट जाने वाली रोड और बोरीटोला मार्ग को जोडने् वाली सड़क पर नाममात्र का मुरमीकरण किया गया है तथा सड़क निर्माण में इतना घटिया मटेरियल डाला गया है कि बारिश में शव को श्मशान ले जाना तक मुश्किल होता है। ठीक उसी प्रकार ग्राम में पंचायत कि पीछे एक अन्य रोड बने दो साल से अधिक हो गए जिस पर आज तक मुरुम नहीं डाली गई लेकिन वहां भी मुरूम के फर्जी बिल लगाकर राशि का आहरण कर लिया गया है।

### शासकीय कुंए के पेयजल में जहर की आशंका..

ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत भवन के सामने जो कुआं है जो कि ग्रामीणों के लिए पेय जल का साधन है, उसी के बाजू में सोख्ता गड्ढा बनाकर 6 इंच मोटा पाइप कुएं में डाल दिया गया है जिससे बारिश का गंदा, कीटाणु वाला पानी सीधा कुएं में जा रहा है, जिससे पूरा गांव बीमार हो सकता हैं इस वजह से ग्रामीणों ने यहां के जल का उपयोग करना बंद कर दिया है तथा वर्तमान में उन्हें पेय जल संकट से जूझना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार पंचायत में सरपंच, सचिव और सहायक सचिव ने शासन द्वारा प्रदत्त सभी राशियों में गबन किया गया है।पंचायत ने कागजों में सभी काम पूरे दिखा दिए हैं जबकि काम अधूरे पड़े हैं और पूरी राशि जिम्मेदारों द्वारा निकाल कर डकार ली गई है।

### ग्रामीणों की शासन प्रशासन से मांग

ग्रामीणों ने इन सभी मामलों की लिखित शिकायत कलेक्टर और जिला सीईओ से की है साथ ही शासन प्रशासन से मांग की है कि बहियाटिकुर ग्राम पंचायत के 2023 से लेकर अब तक के सभी निर्माण कार्यों की निष्पक्ष तकनीकी जांच हो साथ ही मनरेगा मस्टररोल, जॉब कार्ड खातों और बिल वाउचरों का फोरेंसिक ऑडिट हो तथा दोषी पाए जाने पर सरपंच, सचिव तथा सहायक सचिव पर एफआईआर दर्ज कर राशि की वसूली की जाए।

### जनपद पंचायत लालबर्रा सीईओ घनश्याम भालेकर..

यह मामला आपके द्वारा संज्ञान में आया है,यदि इस पर शिकायत प्राप्त होती है तो अवश्य जांच की जाएगी।

# चांगोटोला पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 22.290 किलो गांजा के साथ ओडिशा के दो तस्कर गिरफ्तार..



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बालाघाट पुलिस ने अंतरराज्यीय गांजा तस्करी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए ओडिशा के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चांगोटोला पुलिस ने ग्राम पादरीगंज स्थित ठाकुर ब्रदर्स ढाबा से दोनों आरोपियों को पकड़कर उनके कब्जे से 22.290 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 11.14 लाख रुपये है।

पुलिस के अनुसार, विशेष अभियान के तहत चांगोटोला पुलिस टीम ने ढाबे पर दो संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा। पूछताछ में दोनों ने अपना नाम जयकुमार नायक और दुलामनी गुआल, निवासी ग्राम संकरी, थाना झारबंध, जिला बरगढ़, ओडिशा बताया।

दोनों के पास मौजूद पीठू बैगों की तलाशी लेने पर अलग-अलग प्लास्टिक पॉलीथिन में रखा कुल 22.290 किलो गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से गांजे के अलावा एक मोबाइल फोन भी जब्त किया। जब्त माल की कुल कीमत करीब 11.20 लाख रुपये बताई गई है। मामले में अपराध क्रमांक 76/2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 में प्रकरण दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जयकुमार नायक (34 वर्ष), पिता कांतीलाल नायक तथा दुलामनी गुआल (26 वर्ष), पिता राजेश गुआल, दोनों निवासी ग्राम संकरी, थाना झारबंध, जिला बरगढ़, ओडिशा के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड प्राप्त किया है।

आरोपियों से गांजे के स्त्रोत, सप्लाई एवं वितरण नेटवर्क तथा इस अवैध कारोबार में शामिल अन्य लोगों के संबंध में गहन पूछताछ की जा रही है। अंतरराज्यीय तस्करी के पूरे नेटवर्क और सप्लाई चैन का पता लगाने के लिए आरोपियों को ओडिशा ले जाया जा रहा है। मामले में आगे की विवेचना जारी है।

# विद्यालय संचालन में लापरवाही और पद के दुरुपयोग का मामला, कलेक्टर ने जमुनिया हाई स्कूल के प्रभारी प्राचार्य को निलंबित किया

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

शासकीय हाईस्कूल जमुनिया, विकासखंड बिरसा के माध्यमिक शिक्षक एवं प्रभारी प्राचार्य श्री अशोक कुमार उके को विद्यालय संचालन में लापरवाही बरतने, प्राचार्य पद का दुरुपयोग करने तथा विद्यालय का अध्यापन कार्य बाधित किए जाने के मामले में कलेक्टर श्री कुमार सत्यम द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय विकासखंड अधिकारी बिरसा निर्धारित किया गया है।

हाई स्कूल जमुनिया के प्रभारी प्राचार्य श्री उके के विरुद्ध प्राप्त शिकायत की जांच सहायक परियोजना प्रशासक, एकीकृत जनजातीय कार्य परियोजना बैहर से कराई गई थी। जांच अधिकारी द्वारा मौके पर उपस्थित होकर शिकायत से संबंधित तथ्यों की विस्तृत जांच की गई। 24 अगस्त 2026 को प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन में शिकायत में लगाए गए आरोपों की पुष्टि हुई है। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि प्रभारी प्राचार्य द्वारा विद्यालय की पुरानी प्रायोगिक कॉपियां, पुस्तकें एवं अन्य सामग्री को कबाड़ में विक्रय किया गया। इसके अलावा प्रवेश फार्म के नाम पर विद्यार्थियों से प्रति छात्र-छात्रा 10 रुपये की राशि वसूल किए जाने का तथ्य भी जांच में पाया गया। जांच प्रतिवेदन के आधार पर उक्त कृत्य को शासकीय दायित्वों के निर्वहन में अनियमितता एवं पद के दुरुपयोग की श्रेणी में माना गया है। प्रभारी प्राचार्य जैसे उत्तरदायित्वपूर्ण पद पर रहते हुए इस प्रकार की लापरवाही से विद्यालय का शैक्षणिक वातावरण प्रभावित होने के साथ विद्यार्थियों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पडने् की स्थिति निर्मित हुई। कलेक्टर श्री कुमार सत्यम ने उक्त कृत्य को मध्यप्रदेश सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम 3 के विपरीत एवं कदाचार की श्रेणी में मानते हुए मध्यप्रदेश सिविल सेवा नियम, 1966 के नियम 9 के अंतर्गत प्रभारी प्राचार्य श्री अशोक कुमार उके को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में श्री उके का मुख्यालय कार्यालय विकासखंड अधिकारी, बिरसा निर्धारित किया गया है। उन्हें निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। निलंबन आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

# ग्राम सोनपुरी में निकली भव्य कांवड़ यात्रा, गूंजे हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारे

संजना मोनू बर्वे, जगप्रेरणा उकवा।

***सावन के पावन महीने में भगवान भोलेनाथ की भक्ति से सराबोर ग्राम सोनपुरी में प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी विशाल एवं भव्य कांवड़ यात्रा का आयोजन श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ किया गया। भगवान शिव को जल अर्पित करने के उद्देश्य से निकाली गई***





इस कांवड़ यात्रा में ग्राम सोनपुरी सहित आसपास के विभिन्न ग्रामों से बड़ी संख्या में शिवभक्त शामिल हुए। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति से पूरा ग्राम 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' के जयकारों से गूंज उठा और वातावरण पूरी तरह शिवमय हो गया।

कांवड़ यात्रा के लिए सुबह करीब 8 बजे श्मशान घाट पर सभी शिवभक्त एकत्रित हुए। इसके बाद पारंपरिक रूप से डफली की धुन, ढोल-नगाड़ों और 'बोल बम' एवं 'हर-हर महादेव' के जयकारों के बीच भव्य कांवड़ यात्रा प्रारंभ हुई। यात्रा में बड़े-बुजुर्गों के साथ बड़ी संख्या में युवा एवं नन्हे शिवभक्त भी उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

कांवड़ यात्रा ने पूरे ग्राम का भ्रमण किया। इस दौरान जगह-जगह ग्रामीणों द्वारा शिवभक्तों का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं की सेवा के लिए ग्रामवासियों एवं भक्तों द्वारा विभिन्न स्थानों पर पानी, शीतल पेय, फल एवं जलपान की व्यवस्था की गई। सेवा और श्रद्धा का यह दृश्य पूरे आयोजन को और भी विशेष बना रहा।

यात्रा के ग्राम भ्रमण के पश्चात सभी शिवभक्तों ने ग्राम के शिव मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ को जल अर्पित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। भगवान शिव के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। पूजा-अर्चना के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया।

### श्रद्धा और एकता का दिखा अद्भुत संगम

कांवड़ यात्रा में ग्रामवासियों की एकजुटता और धार्मिक आस्था देखने को मिली। महिलाओं ने भी बड़ी संख्या में सहभागिता करते हुए यात्रा को भव्यता प्रदान की। पूरे आयोजन में भक्ति, सेवा, उत्साह और सामाजिक एकता का सुंदर संगम देखने को मिला।

इस अवसर पर अशोक कटरे, रामशंकर पंचतिलक, संदीप गजभिये, रविंद्र राऊत, भोजराज बिसेन, राजू उमरे, ढालसिंग बिसेन, डांसिंग अंपायर सुजल परते, आकाश पंचतिलक, गौरव कटरे, ऋषिकेश राऊत, ऋतिक, ऋषि, प्रेम, सोमेन्द्र, नोमेंद्र, गुलशन, पिंटू सहित बड़ी संख्या में शिवभक्त, समस्त महिला मंडल एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

सावन के इस पावन अवसर पर आयोजित विशाल कांवड़ यात्रा ने ग्राम सोनपुरी की धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता और भाईचारे की सुंदर मिसाल प्रस्तुत की।

# मॉयल में हिंदी के रंग : काव्य गोष्ठी में गूंजे ओज, श्रृंगार और देशभक्ति के स्वर

संजना मोनू बर्वे, जगप्रेरणा उकवा।







मॉयल लिमिटेड उकवा खान के प्रशासनिक भवन स्थित सभागृह में मंगलवार को कविताओं की गूंज और तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। राजभाषा विभाग द्वारा हिंदी के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से मॉयल लिमिटेड उकवा खान के सौजन्य से काव्य गोष्ठी सह विराट कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता एवं सर्वधर्म सेवा समिति उकवा के अध्यक्ष जेम्स बारीक उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता खान प्रबंधक निषाद निकोसे ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ लता शबनम द्वारा माँ शारदा की वंदना से हुआ। उनकी सुमधुर वाणी से पूरा सभागार भक्तिमय हो गया। अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई।

### कवियों ने बांधा समा -

काव्य गोष्ठी में बालाघाट जिले के चार चुनिंदा कवियों ने अपनी प्रस्तुति दी और देर तक श्रोताओं को बांधे रखा।

सर्वप्रथम बालाघाट की ओजस्वी कवयित्री माधुरी किरण ने अपनी ओजपूर्ण कविता ÷मैं भारत की बेटी हूँ...÷ से देशभक्ति का जज्बा भर दिया। उनके ओजस्वी स्वर ने पूरे सदन में जोश भर दिया। इसके बाद श्रृंगार और पैरोडी के सशक्त हस्ताक्षर किशोर सागर छिपेश्वर ने अपनी हास्य-व्यंग्य और पैरोडी से सभी को हंसा-हंसा कर लोटपोट कर दिया। उनकी सामयिक चुटकियों पर सभागार में ठहाके गूंजते रहे।

भरवेली से आए देशभक्ति के सशक्त कवि मनोज रामटेके ने अपनी रचनाओं में वीर रस और देश प्रेम का ऐसा संगम पेश किया कि हर श्रोता के रोंगटे खड़े हो गए। वहीं उकवा के ओजस्वी कवि इम्मानुएल दीप ने अपनी सामाजिक चेतना और ओज भरी कविताओं से खूब वाहवाही लूटी।

सभी कवियों ने अपने काव्य पाठ के दौरान हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला और दैनिक कामकाज में राजभाषा हिंदी को अधिक से अधिक अपनाने का आह्वान किया।

### हिंदी है हमारी पहचान -

मुख्य अतिथि जेम्स बारीक ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदी केवल भाषा नहीं, हमारी संस्कृति और पहचान है। खान प्रबंधक निषाद निकोसे ने कहा कि मॉयल प्रबंधन राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

संपूर्ण कार्यक्रम का सफल संयोजन एवं कुशल मार्गदर्शन उकवा खान के सहायक महाप्रबंधक (कार्मिक) एवं राजभाषा विभाग प्रमुख विवेक महाकालकर द्वारा किया गया। उन्होंने सभी अतिथियों एवं कवियों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर उकवा मॉयल के सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, श्रमिक संगठन के प्रतिनिधि सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे।












# मोहझरी में राम नाम की धुन के साथ पर्यावरण, शिक्षा और स्वास्थ्य का संदेश..

जगप्रेरणा लांजी।

*लांजी-किरनापुर क्षेत्र के ग्राम मोहझरी स्थित नर्मदेश्वर मंदिर बाजार चौक में ग्रामवासियों के सहयोग से अखण्ड श्रीरामचरित मानस पाठ समिति, स्थानीय ग्राम समितियों एवं अभिनंदन लाइफ फाउंडेशन के सहयोग से अखण्ड श्रीरामचरित मानस पाठ का आयोजन किया गया। 24 अगस्त से प्रारंभ हुए धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन का 25 अगस्त को विश्रांति के साथ समापन हुआ।*





आयोजन में धर्म और अध्यात्म के साथ स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, नशामुक्ति, रक्तदान, योग, महिला जागरूकता एवं सामाजिक सेवा से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर भगवान श्रीराम, माता सीता एवं भगवान लक्ष्मण की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इसके पश्चात नगर कीर्तन के साथ राम यात्रा निकाली गई, जिसने पूरे गांव का भ्रमण किया। यात्रा का ग्रामीणों ने जगह-जगह दीप सजाकर, पूजा की थाली एवं रंगोली बनाकर श्रद्धापूर्वक स्वागत किया। बैंड एवं भजनों के साथ निकली राम यात्रा में ग्रामीणों की आस्था, उत्साह और सहभागिता देखते ही बनी।

### 42 यूनिट रक्तदान कर दिया मानवता सेवा का संदेश..

आयोजन के दौरान रक्तदान शिविर भी लगाया गया, जिसमें ग्रामीणों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए 42 यूनिट रक्तदान किया। रक्तदान को मानवता की सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी का महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए लोगों को जरूरतमंदों के जीवन की रक्षा के लिए स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूक किया गया। आयोजकों ने कहा कि दुर्घटना, गंभीर बीमारी, प्रसव, ऑपरेशन एवं अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में रक्त की आवश्यकता पड़ सकती है। ऐसे समय में रक्त की उपलब्धता किसी व्यक्ति के जीवन की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

### बच्चों एवं युवाओं के लिए योग शिविर..

स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन और उज्ज्वल भविष्य के उद्देश्य से बच्चों एवं युवाओं के लिए योग शिविर का आयोजन किया गया। योग प्रशिक्षक शैलेंद्र बड़ाई ने बच्चों एवं युवाओं को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया। उन्होंने नियमित योग को स्वस्थ जीवनशैली का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। शिविर के माध्यम से मोबाइल एवं डिजिटल उपकरणों के अत्यधिक उपयोग के बीच बच्चों और युवाओं को शारीरिक गतिविधियों के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया।

### घर-घर पौधारोपण का संकल्प..

पर्यावरण संरक्षण को लेकर घर-घर पौधारोपण अभियान का संदेश दिया गया। ग्रामीणों को अधिक से अधिक पौधे लगाने के साथ उनकी नियमित देखभाल करने के लिए प्रेरित किया गया। आयोजकों ने कहा कि पौधे शुद्ध वायु उपलब्ध कराने के साथ पर्यावरण संतुलन एवं जैव विविधता के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच पौधारोपण को सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में अपनाने की आवश्यकता है।

### धर्म और अध्यात्म के साथ संस्कारों की शिक्षा..

अखण्ड श्रीरामचरित मानस पाठ के माध्यम से धर्म एवं अध्यात्म शिक्षा के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। आयोजकों ने कहा कि धार्मिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्ति को सत्य, प्रेम, करुणा, सेवा, त्याग, नैतिकता एवं कर्तव्यबोध की सीख देती है। बच्चों एवं युवाओं को आधुनिक शिक्षा के साथ संस्कार एवं जीवन मूल्यों से जोड़ना भी समाज की जिम्मेदारी है।

### बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बांधा समां..

आयोजन के दौरान बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। गीत, संगीत, नृत्य, नाटक, कविता एवं लोक कला से जुड़ी प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। आयोजकों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं टीम भावना का विकास करते हैं तथा नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से जोड़ने का माध्यम बनते हैं।

### ग्रामवासियों का मिला सहयोग..

पूरे आयोजन को सफल बनाने में ग्राम मोहझरी के समस्त ग्रामवासियों, भक्तगणों, नर्मदेश्वर मंदिर समिति एवं ग्राम समिति का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। धार्मिक आयोजन के साथ सेवा और सामाजिक जागरूकता से जुड़े कार्यक्रमों के आयोजन की ग्रामीणों ने सराहना की।

### टेडवा में अखण्ड श्रीरामचरित मानस पाठ का शुभारंभ..

इसी क्रम में ग्राम टेडवा में भी स्थानीय नागरिकों, ग्राम समितियों एवं ग्रामीणों के सहयोग से 25 अगस्त 2026 को संगीतमय अखण्ड श्रीरामचरित मानस पाठ का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का समापन 26 अगस्त को विश्रांति के साथ स्वास्थ्य शिविर, निःशुल्क मोतियाबिंद नेत्र जांच शिविर, सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त अभियान एवं महाप्रसाद वितरण के साथ किया जाएगा। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से धार्मिक एवं सामाजिक सेवा से जुड़े इस आयोजन में अधिक से अधिक सहभागिता करने की अपील की है।

# गोविंदा संग कलेश के बीच खाटू श्याम की शरण में पहुंचीं सुनीता आहूजा, बालाजी धाम में भी किए दर्शन..

डेस्क जगप्रेरणा।

*बॉलीवुड के 'हीरो नंबर 1' यानी गोविंदा की निजी जिंदगी इन दिनों लगातार सुर्खियों में है। गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा लगातार उनके खिलाफ बयानबाजी करती दिख रही हैं और उन पर कई आरोप लगा चुकी हैं।*



सुनीता आहूजा के साथ विवादों के बीच हाल ही में गोविंदा ने एआई जनरेटेड और डीपफेक कंटेंट को लेकर लीगल एक्शन की भी चेतावनी दी है। दूसरी तरफ गोविंदा के साथ अपनी शादीशुदा जिंदगी को लेकर चल रही अटकलों के बीच, सुनीता आहूजा राजस्थान के चर्चित खाटू श्याम मंदिर पहुंचीं और पूजा-अर्चना की। सोशल मीडिया पर सुनीता आहूजा के वीडिया भी सामने आये हैं, जिसमें वह मंदिर में नजर आ रही हैं।

### खाटू श्याम के दर्शन को पहुंचीं सुनीता आहूजा..

सुनीता आहूजा का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वह मंदिर परिसर में हाथ जोड़े खड़ी दिखाई दे रही हैं और पूरी तरह भक्ति में डूबी नजर आ रही रही हैं। एक अन्य वीडियो में सुनीता हनुमान मंदिर जाती दिखीं, जहां वह मूर्ति के सामने सिर झुकाकर पूजा करती दिखीं। सुनीता आहूजा ऐसे समय पर खाटू श्याम के दर्शन के लिए पहुंची हैं, जब गोविंदा के साथ कलेश की चर्चाएं जोरों पर हैं। खुद सुनीता भी कई बयानों के जरिए इन अटकलों को बढ़ा चुकी हैं।

### सुनीता के गोविंदा पर आरोप..

हाल ही में सुनीता आहूजा की राखी सावंत के साथ बातचीत का वीडियो सामने आया था। दरअसल, पैपराजी के सामने ही राखी सावंत ने सुनीता आहूजा को कॉल कर दिया और फोन स्पीकर पर कर दिया। इसी दौरान सुनीता आहूजा ने कहा कि उन्होंने अपनी तलाक की अर्जी इसलिए वापस ले ली, क्योंकि वह दूसरी शादी की योजना बना रहे थे। हालांकि, गोविंदा के मैनेजर शशि सिन्हा ने इस दावे को सिरे से खारिज कर दिया और कहा कि अभिनेता की दूसरी शादी की कोई योजना नहीं है। उन्होंने इस दौरान ये भी कहा कि सुनीता ही गोविंदा की पत्नी हैं।

### सुनीता को मिला कश्मीरा का साथ..

हाल ही में गोविंदा के भांजे कृष्णा अभिषेक की पत्नी और एक्ट्रेस कश्मीरा शाह का एक वीडियो सामने आया, जिसमें वह इस पूरे विवाद पर प्रतिक्रिया देती दिखीं। इस दौरान उन्होंने पारिवारिक विवाद के बारे में बात करते हुए कहा कि वह इस मामले में पूरी तरह अपनी मामी के साथ खड़ी हैं। कश्मीरा ने गंभीरता के साथ कहा कि सुनीता अब तक चुप रहीं और अगर वह अब अपनी आवाज उठा रही हैं तो यकीनन इसके पीछे कोई गंभीर वजह होगी।

# 'खतरों के खिलाड़ी' से गौरव खन्ना की छुट्टी, गंभीर इंजरी के चलते छोड़ना पड़ा शो, दर्द में रहे एक्टर..

डेस्क जगप्रेरणा।

*छोटे पर्दे के चर्चित रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी 15' में अपनी जबरदस्त परफॉर्मेंस से दर्शकों का दिल जीतने वाले टीवी अभिनेता गौरव खन्ना का सफर एक बेहद दुखद मोड़ पर खत्म हो गया है।*



रोहित शेट्टी के निर्देशन में बने इस एडवेंचर शो में कठिन से कठिन चुनौतियों का सामना कर चुके गौरव को एलिमिनेशन टास्क के दौरान अचानक कोहनी में गंभीर चोट लग गई। असहनीय दर्द के कारण वे अपना स्टंट पूरा नहीं कर सके, जिसके चलते उन्हें शो को बीच में ही अलविदा कहना पड़ा। इस एलिमिनेशन राउंड में उनका मुकाबला रुबीना दिलैक और शगुन शर्मा से था।

### हवा में लटकते पुल और दर्दनाक एलिमिनेशन स्टंट..

एलिमिनेशन टास्क बेहद जोखिम भरा और चुनौतीपूर्ण था। इसमें प्रतिभागियों को हार्नेस के बिना पानी से काफी ऊंचाई पर बने दो संकरे पुलों के बीच छलांग लगानी थी। इन दोनों में से एक पुल लगातार घूम रहा था और खिलाड़ियों को बैलेंस बनाते हुए अलग-अलग रंगों के झंडे जमा करने थे। सबसे पहले स्टंट करने उतरीं शगुन शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 6 झंडे जुटाए, जबकि रुबीना दिलैक 5 झंडे एकत्र करने में सफल रहीं। इसके बाद गौरव खन्ना ने पूरे जोश के साथ स्टंट की शुरुआत की, लेकिन संतुलन बिगड़ने के कारण वे सीधे नीचे पानी में जा गिरे। जब उन्होंने पानी से बाहर निकलने के लिए सीढ़ी पकड़कर चढ़ने की कोशिश की, तभी उनकी कोहनी में जोरदार चोट लग गई। चोट लगने के बाद दर्द इतना बढ़ गया कि वे आगे टास्क जारी रखने की स्थिति में नहीं रहे। बाद में शो के होस्ट रोहित शेट्टी ने बताया कि गौरव पहले से ही 'टेनिस एल्बो' की समस्या का सामना कर रहे थे, जो स्टंट के दौरान अचानक ज्यादा गंभीर हो गई और उन्हें मजबूरन शो से बाहर होना पड़ा।

### भावुक होकर दी विदाई, इन खास दोस्तों को किया याद..

सफर के इस तरह अचानक खत्म होने पर गौरव खन्ना काफी भावुक नजर आए। शो से विदा लेते वक्त उन्होंने अपने सबसे करीबी साथियों का जिक्र करते हुए फरहाना भट्ट, हर्ष गुजराल और ओरी (ओरहान अवत्रामणि) का नाम लिया। उन्होंने बताया कि इस एडवेंचरस यात्रा के दौरान इन तीनों खिलाड़ियों के साथ उनका सबसे मजबूत और खास बॉन्ड बना।

### प्रशंसकों ने दी प्रतिक्रिया, खेल भावना की हुई तारीफ..

गौरव के एलिमिनेट होते ही इंटरनेट पर उनके प्रशंसकों का जमावड़ा लग गया। लोगों ने गौरव के जुझारू रवैये और खेल भावना की जमकर सराहना की। सोशल मीडिया पर यूजर्स ने कहा कि चोटिल होने के बावजूद गौरव ने हार नहीं मानी और सिर उठाकर, पूरी गरिमा के साथ शो से बाहर निकले। फैंस का मानना है कि भले ही वे ट्रॉफी न जीत सके हों, लेकिन उन्होंने दर्शकों का दिल जरूर जीत लिया है।

### पहले भी झेल चुके हैं खतरनाक स्टंट का दर्द..

इस सीजन में गौरव खन्ना के लिए यह पहली चोट नहीं थी। इससे पहले पेलेट गन वाले एक टास्क के दौरान उनकी पीठ पर गहरे नीले निशान पड़ गए थे। उस समय गौरव ने खुद उस स्टंट को अपने सफर का सबसे दर्दनाक अनुभव बताया था। हालांकि मेकर्स का कहना है कि शो के दौरान अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मानकों और सभी जरूरी प्रोटोकॉल का पूरी तरह से पालन किया जाता है।

# टीम इंडिया हुई हॉकी वर्ल्ड कप से बाहर, अर्जेंटीना ने 5-3 के अंतर से जीता मुकाबला..

डेस्क जगप्रेरणा।

*भारतीय हॉकी टीम का मेंस हॉकी वर्ल्ड कप 2026 में सफर समाप्त हो गया है। दूसरे दौर के एक अहम मुकाबले में अर्जेंटीना ने भारत को 5-3 से हरा दिया।*



इस हार के बाद भारतीय टीम वर्ल्ड कप से बाहर हो गई है और खिलाड़ियों का एक बार फिर वर्ल्ड चैंपियन बनने का सपना टूट गया है। इससे पहले टीम इंडिया को नीदरलैंड्स के खिलाफ मैच में भी हार का सामना करना पड़ा था।

### अर्जेंटीना के खिलाफ मैच में भारत की शुरुआत बेहद खराब रही..

भारत के लिए मैच की शुरुआत काफी खराब रही। खेल शुरू होने के केवल 40वें सेकंड में अर्जेंटीना के तोस्कानी ने एक फील्ड गोल करके भारत पर दबाव बना दिया। इसके तुरंत बाद, 7वें मिनट में निकोलस डेला टोरी ने पेनाल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर अर्जेंटीना की बढ़त 2-0 कर दी। मैच के 10वें मिनट में सुखजीत सिंह ने बेहतरीन फील्ड गोल करके भारत के लिए वापसी का दरवाजा खोल दिया, लेकिन टीम इस लय को बनाए नहीं रख सकी। मैच के दौरान भारतीय टीम का डिफेंस काफी कमजोर नजर आया। दूसरे और तीसरे क्वार्टर में भारतीय खिलाड़ियों ने गेंद पर अपना कब्जा तो बनाए रखा, लेकिन वे इसे गोल में बदलने में नाकाम रहे।

### भारत को मिले 4 पेनल्टी कॉर्नर..

हालांकि 34वें मिनट में भारत को लगातार चार पेनाल्टी कॉर्नर मिले और कप्तान हरमनप्रीत सिंह के पास गोल करने का सुनहरा मौका था। लेकिन अर्जेंटीना के मजबूत डिफेन्स और जुगराज की गैरमौजूदगी की वजह से भारतीय टीम एक भी मौका भुना नहीं पाई। मैच के तीसरे और चौथे क्वार्टर में अर्जेंटीना के खिलाड़ी डोमेने पूरी तरह छाए रहे, जबकि भारतीय गोलकीपर मोहित ने कुछ शानदार बचाव भी किए। यशदीप के फाउल की वजह से अर्जेंटीना को पेनाल्टी स्ट्रोक मिला, जिसे डोमेने ने आसानी से गोल में बदल दिया। आखरी क्वार्टर में भारत ने दो गोल जरूर दागे, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी और अंत में भारत 5-3 से मैच हार गया।

### नीदरलैंड के खिलाफ टीम इंडिया को मिली 3-1 से हार..

इस हॉकी वर्ल्ड कप में भारतीय टीम के लिए दूसरा दौर बेहद निराशाजनक रहा। इससे पहले नीदरलैंड के खिलाफ टीम को 3-1 से हार का सामना करना पड़ा था।

वहीं, पहले दौर में इंग्लैंड से मिली हार की वजह से भारत को आगे के लिए कोई पॉइंट नहीं मिले थे। नतीजा यह हुआ कि दूसरे दौर में एक भी पॉइंट हासिल न कर पाने की वजह से भारतीय टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई।

# 'दायरा' के नए पोस्टर में दिखा सस्पेंस का खेल, आमने-सामने दिखेंगे करीना कपूर और पृथ्वीराज सुकुमारन, तय हुई ट्रेलर रिलीज...

डेस्क जगप्रेरणा।

*बॉलीवुड की प्रमुख अभिनेत्री करीना कपूर खान और लोकप्रिय अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन की आगामी क्राइम थ्रिलर फिल्म 'दायरा' का नया पोस्टर सामने आया है।*



इस नए विजुअल ने फिल्म की सस्पेंस से भरी दुनिया की एक गहरी झलक पेश की है। निर्देशक मेघना गुलजार के निर्देशन में बनी यह फिल्म अपनी मुख्य कहानी के रहस्य को छिपाकर रखते हुए दोनों मुख्य अभिनेताओं के बीच के पेचीदा संबंधों की ओर इशारा करती है।

### पोस्टर में दिखा सस्पेंस और क्राइम इन्वेस्टिगेशन का संकेत..

जारी किए गए पोस्टर में करीना कपूर खान और पृथ्वीराज सुकुमारन एक-दूसरे से विपरीत दिशा में पीठ सटाकर खड़े दिखाई दे रहे हैं। दोनों के बीच पुलिस की येलो इन्वेस्टिगेशन टेप की परतें लगी हुई हैं, जो किसी अपराध की ओर सीधा इशारा करती हैं। इसके अलावा पृष्ठभूमि में एक अज्ञात और धुंधला चेहरा भी नजर आ रहा है, जो पोस्टर के सस्पेंस को और गहरा बनाता है। दोनों अभिनेताओं का यह रुख दिखाता है कि उनके किरदार शायद किसी एक ही आपराधिक घटना को अपने-अपने अलग नजरिए से देख रहे हैं। यह पोस्टर कहानी का खुलासा किए बिना ही दर्शकों के मन में कई सवाल छोड़ जाता है। पुलिस टेप, ओझल चेहरा और मुख्य पात्रों के बीच की दूरी यह सोचने पर मजबूर करती है कि इन दोनों की जिंदगियां किस तरह एक-दूसरे से जुड़ी हुई हैं और कैसे यह जांच आगे बढ़ेगी।

### करीना और पृथ्वीराज की नई जोड़ी और दमदार टीम..

फिल्म 'दायरा' के माध्यम से करीना कपूर खान और पृथ्वीराज सुकुमारन की जोड़ी पहली बार बड़े पर्दे पर एक साथ दिखाई देने वाली है। दोनों ही मंझे हुए

कलाकारों को एक थ्रिलर ड्रामा में आमने-सामने देखना दर्शकों के लिए एक अलग अनुभव होगा। इस प्रोजेक्ट के साथ निर्देशक मेघना गुलजार अपनी पुरानी प्रोडक्शन टीम के साथ वापस लौटी हैं, जिनके साथ वे पहले भी कई बेहतरीन और विषय-प्रधान फिल्में बना चुकी हैं।

### वास्तविक घटनाओं पर आधारित कहानी और रिलीज प्लान..

यह क्राइम थ्रिलर सच्ची घटनाओं से प्रेरित होकर लिखी गई है, जिसकी पटकथा लेखन में मेघना गुलजार के साथ अन्य अनुभवी सह-लेखकों का योगदान रहा है। 'दायरा' 18 सितंबर 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज के लिए निर्धारित है। जल्द ही पेश किए जाने वाले आधिकारिक ट्रेलर से दर्शकों को इस उलझी हुई क्राइम स्टोरी की परतें समझने का मौका मिलेगा।


दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता



रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस

मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 9890696200

**लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..**

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 94070-33433

7 बुधवार 26 अगस्त 2026

जग प्रेरणा

# साहित्य अभिव्यक्ति

■ संपादकीय ■ लेख ■ कविता ■ व्यंग्य ■ महाशब्द पहेली (शब्द ज्ञान)



दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 9407033433

## गुलामों को इंसान बनाने वाला बादशाह – हक के रास्ते पर चलने की दी नसीहत

इंसानों को गुलाम बनाकर तो बहुत लोग बादशाह बने लेकिन गुलामों को इंसान बनाकर जो बादशाह बने वो थे सिर्फ और सिर्फ हजरत पैगंबर मोहम्मद साहब। अल्लाह के प्यारे नबी की विलादत को पूरी दुनिया में जश्न की तरह मनाया जाता है, इसलिए इसे ईद-ए-मिलादुन्नबी भी कहा जाता है। मोहम्मद साहब वही नबी थे, जिनके आने के पहले पूरे अरब में हिंसा का बोलबाला था। औरतें और बच्चे महफूज नहीं थे। नवजात बच्चियों को जिंदा दफ्न कर दिया जाता था। लोगों के जान-माल की सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं थी। शराब, जुआ, आम था।

एक कबीले के लोग दूसरों से खूनी जंग करने पर आमादा रहते थे। इस अंधेरे दौर से दुनिया को बाहर निकालने के लिए अल्लाह ने हज़रत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम को पैगंबर बनाया। मोहम्मद साहब के बताए आदर्शों, नसीहत और सीख के बाद इंसान, इंसान से मोहब्बत करने लग गया था। जुल्मो-सितम की जगह अदल व इंसाफने ले ली थी। तलवार के कब्जे पर रखे हाथ अब तालीमे अखलाक के लिए मैदान में निकल आए थे।

यह वही 'मोहम्मद' थे जिन्होंने इंसान को दुनियावी और दीनी तालीम देते हुए हक के रास्ते पर चलने की नसीहत दी। मुहम्मद (स.अ.) ने जब इस्लाम का प्रचार करना शुरू किया और जब वे सत्य और न्याय के मार्ग पर आगे बढ़ रहे थे तब उन्हें विरोध, आरोपों और शारीरिक-मानसिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ा। लेकिन इस मुश्किल वक्त में भी उन्होंने अल्लाह पर अपना यकीन कायम रखा और आगे बढ़ते रहे।

उन्होंने ऐसे आदर्श समाज की स्थापना की जिसमें कई कबीलों और जातियों के लोग बिना किसी भेदभाव के समान अधिकारों के साथ रह सकें। मोहम्मद साहब को अब्द, बशीर, शाहिद, मुबारशीर, नाथिर, सिराज मुनीर, अल मुजम्मिल और अहमद के नाम से भी जाना जाता है। अरब के लोग उन्हें अल-अमीन और अल-सादिक के नाम से भी पुकारते थे। पैगंबर हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहे वसल्लम ने ही इस्लाम धर्म की स्थापना की है। आप हजरत सल्ल. इस्लाम के आखिरी नबी हैं, आपके बाद अब कयामत तक कोई नबी नहीं आने वाला। 570 ईस्वी. इस्लामिक कैलेंडर के मुताबिक 12 रबीउल अव्वल मोहम्मद की पैदाइश का दिन। अपने पिता अब्दुल्लाह के इस दुनिया से रुखसत हो जाने के बाद जन्मे इस मासूम बच्चे के बारे में किसने सोचा की थी कि यह शराब-ओ शबाब में खोई, बर्बर और भोग-विलास को अपना धर्म समझने वाली कबीलाई अरब सभ्यता की दशा और दिशा बदलने वाला देवदूत होगा। आपके दादा अब्दुल मुत्तलिब आपकी पैदाइश के दिन ही आपको खाना-ए-काबा ले गए और तवाफ कराकर लाए, और आपका नाम मुहम्मद रखा। आपकी वालिदा ख्वाब में फरिश्ते ने आपका नाम अहमद बताया और इस तरह आपके दो नाम रखे गए। नबी साहब के ये दोनों ही नाम असली है। पैगंबर मोहम्मद साहब का नाम दुनिया में सबसे लोकप्रिय नामों में से एक है। हज़रत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) का नाम ही ऐसा है कि उसे लेते ही दिल को सुकुन मिल जाता है। उनकी पूरी ज़िंदगी, उनकी हर नसीहत जहालत के गहरे अंधकार में इंसानियत की रौशनी की मानिंद है।

आपके पिता की मौत उनके जन्म से पहले ही हो गई थी, इसके बाद कुछ सालों बाद सिर से मां का साया भी उठ गया। 6 साल की उम्र में अनाथ हो गए, वह अपने चाचा अबू तालिब और दादा अब्दुल मुत्तलिब की सरपरस्ती में रहे। तब उनकी माली हालत भी ठीक नहीं थी। तब वे दमस्क में एक ऊंट की देखभाल करने लगे। 9 साल की उम्र में आप अपने चाचा अबू तालिब के साथ अपने पहले व्यावसायिक सफर पर गए और इसके बाद खुद व्यवसाय पर जाने लगे।

मोहम्मद साहब अपने खाली वक्त में वह जबल अल-नूर पर्वत पर 'गार-ए-हिरा' में जाकर इबादत में मशगूल हो जाते थे।

उनके पास ना तो कोई दौलत थी और न सरमाया। ना सोने-चांदी, हीरे-जवाहरात के ढेर। फिक्रो-फाका, गरीबी और तंगहाली को देख कर कर्म विरोधी लोग अक्सर कहते थे कि 'ये कैसा नबी है जो रहता है टूटे हुए हुजरे में, बैठता है खजूर की चटाई पर पहनता है फटी हुई चादर और दावा करता है सारे कायनात के नबी होने का'। लेकिन ये वही नबी थे जिनके वादे को ईमाम हुसैन ने कर्बला में अपनी शहादत देकर पूरा किया और इंसानियत को ता कयामत के लिए बचा लिया।

मोहम्मद साहब का पूरा जीवन और उनके किए हर काम में कोई न कोई संदेश जरूर छिपा होता था। मसलन, हजरत खदीजा से मोहम्मद साहब की शादी। 25 साल की आयु में आपने 40 साल की विधवा से शादी की। उनके इस फैसले में विधवा विवाह का सामाजिक संदेश छिपा हुआ था। मक्का के बाहर एक पहाड़ पर सन् 610 में ईश्वरी संदेश या वही के जरिए उन्हें नुबुवत मिली अर्थात पैगंबर बनाए जाने का संदेश मिला। उस वक्त 40 साल के थे।

हजरत मोहम्मद साहब पर जो अल्लाह की पवित्र किताब उतारी गई है, वह है कुरआन। अल्लाह ने फरिश्तों के सरदार जिब्राइल अलै. के मार्फत पवित्र संदेश (वही) सुनाया। उस संदेश को ही कुरआन में संजोया गया है। कुरान वह पाक और मुकद्दस किताब है जो आज भी लोगों को भलाई के रास्ते पर चलने का संदेश दे रही है।

मोहम्मद साहब की पैदाइश, अरब की सरजमी पर उस समय हुई है जब इंसानियत कराह रही थी। बाप अपनी बच्ची को उसकी हिफाजत के डर से जिंदा जला देते थे। औरत नुमाइश, भोग एवं विलास की वस्तु थी। नाहक तौर पर अरब कबीले एक-दूसरे से जंग करते थे। जहालत के कारण इंसानियत ही खत्म हो गई थी। ऐसे दौर में मोहम्मद साहब ने लोगों को सहीं रास्ता बताया। औरतों को उनका पूरा हक देने, उनके साथ सम्मानजनक बर्ताव करने की हिदायत दी। मोहम्मद साहब के कहना था कि बेटी तो किस्मत वालों के यहां पैदा होती है। इसी तरह आपने बेटे-बेटी की बीच भेदभाव को गलत करार दिया। आपने मां-बाप के मर्तबा बताया और बच्चों को मां-बाप की नाफरमानी न करने की नसीहत दी।

न तो ईसा मसीह की तरह मोहम्मद को जन्म से ही अपने नबी होने का अंदाजा था न ही वे मूसा की तरह बेशुमार चमत्कारों के धनी थे। वे जागीर या सल्तनत देकर भी जमीं पर भेजे नहीं गए थे, फिर भी लोगों में मकबूल थे। लोग प्रेम से इन्हें 'सादिक' यानि सच्चा या 'अमीन' यानि अमानतदार कह कर बुलाते थे। हजरत मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) को उनकी ईमानदारी की वजह से लोग उन्हें 'अल-आमीन' (विश्वस्त) कहकर पुकारते थे। मोहम्मद साहब के चेहरे पर नूर था। वह लोगों की जरूरतें पूरी करते, अच्छे कामों के लिए लोगों को प्रेरित करते। आप ने कभी दो वक्त का खाना नहीं खाया, एक वक्त खाना खाते और उसमें भी सिर्फ एक ही सब्जी। वह कभी अकेले नहीं खाते बल्कि दूसरे लोगों को न्यौता देकर बुलाते और उनके साथ खाना खाते। आपने ही सबसे पहले खाना खाने से पहले और खाने के बाद हाथ धोने की परंपरा पर जोर देते हुए आगे बढ़ाया। आप गरीब और बीमारों की देखभाल किया करते थे। सही मायनों में आप नेकी, प्रेम, उदारता एवं पवित्रता के प्रतीक थे।

12 रबीउल अव्वल सन 570 को मोहम्मद साहब का जन्म हुआ। आपके पिता का नाम अब्दुल्ला इब्न अब्दुल मुत्तलिब और मां का नाम आमेना बिन्त वहब था। 576 में आपकी मां आमेना का इंतकाल हो गया। 583 को उनके दादा ने उन्हें व्यापार का अनुभव हासिल करने के लिए सीरिया भेज दिया। 595 में आपकी हजरत खदीजा से शादी हुई। पैगंबर साहब के तीन बेटे और चार बेटियां थीं। इनमें कासिम इब्ने मोहम्मद, अब्दुल्लाह इब्ने मोहम्मद, ज़ैनब बिन्ते मोहम्मद, रूकैयया बिन्ते मोहम्मद, उम्मे कुलसुम बिन्ते मोहम्मद, फतेमा बिन्ते मोहम्मद और इब्राहिम इब्ने मोहम्मद शामिल हैं। इनमें से छह बच्चे हज़रत खदीजा से थे, इब्राहिम की मां मारिया थीं। फतेमा को छोड़कर मोहम्मद साहब के सभी बच्चों की मौत उनसे पहले ही हो गई थी। 610 ई. 40 साल की उम्र में गार ए हिरा गुफा में देवदूत जिब्राइल से मुलाकात हुई और पैगंबर बनाए जाने का संदेश मिला। इसके बाद आपने इस्लाम के संदेश लोगों तक पहुंचाने शुरू किए। 619 में आपकी पत्नी खदीजा और चाचा अबू तालिब का इंतकाल हो गया। 620 को मेराज हुई यानि आप आसमानी सफर पर गए। 622 को आपने हिजरत की। सन 622 में वे मक्का से 200 मील दूर मदीना आ गए और मदीना के ही हो गए। मक्का से मदीना के इस सफर को हिजरत कहा जाता है और यहीं से इस्लामी कैलेंडर हिजरी की शुरूआत हुई। 629 को पहली हज यात्रा की। 632 को आखरी हज यात्रा की। 8 जून 632 ईस्वी, 28 सफर हिजरी सन् 11 को 63 वर्ष की उम्र में हजरत मुहम्मद सल्ल. ने मदीना में दुनिया से पर्दा कर लिया।

आपको मदीना में दफ्न किया गया, जहां मस्जिद-ए-नबवी है। मदीना से नबी साहब का खासा जुड़ाव रहा। मदीना पहुंचने के बाद यहां ऐसा समाज स्थापित हुआ जो अमनो-चैन, इंसानियत और आपसी भाईचारे की बुनियाद पर खड़ा था। मदीना में इस्लाम को ना सिर्फ ठिकाना मिला बल्कि यहीं से एक नये युग की शुरूआत भी हुई।

आज भी मोहम्मद साहब के जीवन आदर्श को अपनाने, उनके बताए रास्ते पर चलने और मोहम्मद साहब को मानने के साथ ही मोहम्मद साहब की मानना भी जरूरी है। आज सबसे बडा सवाल यही है कि इस्लाम का जो रूप दुनिया को दिख रहा है क्या उसी इस्लाम की स्थापना मोहम्मद साहब ने की थी। जवाब निश्चित रूप से ना में ही होगा, ऐसे में मोहम्मद साहब के अनुयायियों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है कि वो अपना किरदार इस तरह से समाज के सामने पेश करें ताकि पूरी दुनिया में ये संदेश जा सकें कि ये वही इस्लाम है जिसको मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन ने अपनी कुर्बानी देकर बचाया है।

लेखक



मुस्ताअली बोहरा
अधिवक्ता एवं लेखक, भोपाल

## रक्षाबन्धन..

सूत्र बांधने रक्षा का आया रक्षाबन्धन।
भाई- बहनों का यह त्यौहार अति पावन।

पेड़ पौधे भी हैं भाई- बहन हमारे।
रखते सदा संतुलित, धरा का पर्यावरण।

स्वजन हमारे हैं जग के सारे पशुपक्षी।
खुशनुमा रखते हैं, धरती का वातावरण।

इसलिये लगाकर पौधे, उन्हें सींचिये जल से।
दीजिये प्रतिदिन पशुपक्षियों को भोजन।

चलो आज बांधे हम रक्षासूत्र इन सभी को-
जन- जन को ये देते हैं, आनंदमयी जीवन।

कमलेश तिवारी, गोंदिया
8237072533

## 'विविध भाषाओं के साहित्य में हो अंतरंगता :गंगेश्वरी'..

समकालीन साहित्य के विकास पर अंचल के रचनाकारों से विचार आमंत्रित किए गये।साहित्यकार एवं समीक्षक वल्लभ यमुनेश्वरी ने बताया कि भारतीय सांस्कृतिक वैविध्य के समान ही भाव एवं विचारों के विविध धरातल हैं।साहित्य सर्जक को लोकहृदय की परख होनी चाहिए।साहित्यकारों द्वारा बौद्धिक विमर्श एवं भावनात्मक विमर्श में उचित सामंजस्य करना आवश्यक है।

वर्चस्व की मनोवृत्ति साहित्य के जनोन्मुखीकरण में बाधक है। आज अन्य क्षेत्रीय भाषाओं के साहित्य की तुलना में हिन्दी साहित्य जगत में खेमेबंदी अधिक बढ.रही है।


हिन्दी के साहित्यकारों को इस खेमेबंदी से हटकर, साहित्य के लोकोन्मुखी उन्नयन हेतु पारस्परिक समन्वय बनाना होगा। कवयित्री एवं लेखिका श्रीमती सुनीता मेश्राम ÷गंगेश्वरी÷ने कहा कि लगता है, उपभोक्तावाद का असर साहित्य पर भी हो रहा है। मंचैष्णा ने ही साहित्य की उपभोक्तावादिता को बढावा दिया है। एक सकारात्मक पहलु यह भी है कि साहित्य एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की निकटता ने विविध भाषाओं के साहित्य में अंतरंगता निर्मित की है।एक भाषा की रचनाओं की दूसरी भाषा में अनुवाद एवं रूपांतरण के माध्यम से दूसरी भाषा के पाठकों तथा साहित्यकारों तक संप्रेषणीयता, राष्ट्रीय एकात्मकता को सुदृढ. करती है।वेदना एवं बिम्बों को अपने काव्य लेखन में प्राथमिकता देने वाली कवयित्री श्रीमती वंदना सिंह ÷त्वरित ÷ने कहा कि समकालीन लेखन में कथ्य एवं शिल्प के उचित सामंजस्य में कमी परिलक्षित होती है। कथ्य के अनुरूप बिम्ब एवं प्रतीकों का चयन ही कविता की सामंजस्य में अभिवृद्धि करेगा।

लेखिका



श्रीमती सुनीता मेश्राम 'गंगेश्वरी'
नैनपुर.


## शब्दवर्गपहेली क्र.- 254



**ck;i Ii nk;i I&** 1) ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त कन्नड के प्रसिद्ध नाटककार एवं कन्नड – हिंन्दी फिल्मों के अभिनेता 5) लता मंगेशकर की गायिका बहन 9) नीर, जल 11) वृत्त, समाचार 13) बुरी आदत 14) नजदीक, पास 15) किसी दल आदि के दो भाग हो जाना इस अर्थवाला एक मुहावरा 17) मां के पिता के पिता 19) नुकसान 21) मादा मोर 22) घी या तेल में पकाये गये व्यंजन 25) प्रथा, चलन 27) धरा, पृथ्वी 28) मारे हुए 29) सपना 31) स्त्री, महिला 32) निर्वाह 33) पांव, चरण 34) सूरत, आकृति 37) आर्थिक व्यवहार में दो पक्षों के बीच में बिचौलिये का काम करनेवाला 40) बक 44) महर्षी वेद व्यासजीद्वारा रचित एक महाकाव्य 46) घर का मालिक, गृहस्वामी 49) पत्नी 51) लकड़ी चिरने का बड़ा औजार 52) अंग्रेजी में रंग 53) धोखेबाज 54) किसी चीज का इच्छूक या चाहनेवाला 57) हमारी गानसम्राज्ञी 59) श्रीकृष्ण की राजधानी 61) रोगी 63) कस कर पकड़ना 66) कन्या, एक कर्णभूषण 67) निराश 69) दिया हुआ वचन 73) लेखनी 74) देश के लिए बलिदान करनेवाला 76) महाराष्ट्र के एक भूतपूर्व मुख्यमंत्री का कुलनाम 77) शक्ति, ताकत 78) पसंद आना या हितकर होना अर्थवाला एक मुहावरा 81) ताश का एक खेल 82) प्रकाश की किरण 83) किसी चीज का अभाव महसूस करना, लालयित होना 84) चीरने और फाड़ने की क्रिया 86) पुष्प केशर 88) धूल, राख, मिट्टी 89) बैंक में अपना अकाऊंट खोलना 92) दासी 93) चाय का प्याला 95) परी 96) कुचलना, मर्दन करना 97) यौवन 98) श्लेष्मा, बलगम 100) नस 102) मूर्च्छा आना 104) एक पक्षी 106) बांसुरी, बंसरी 108) विचार 110) गणित की एक किस्म 112) रास्ता, मार्ग 113) रामायण में विभीषण की भाभी 115) वह स्थान जहां ताजिये डुबोये जाते है 116) युक्ति, ढंग, तरीका 117) असफल 118) समुद्र 119) मदद करनेवाला

**Åij Ii uhp I&** 1) चूहे के आकार का एक चंचल जन्तु जो वृक्ष पर रहता है 2) तरीका 3) गुनाहगार, गलती करनेवाला 4) दंश करना 5) भेट, नजराना 6) सुस्त, धीमा 7) शैतानी 8) किसी कपड़े के छेद को तागे से भरना 9) एक कुरकुरा व्यंजन 10) घोंसला 12) दंगा, फसाद 16) मापना 17) प्रांगण, आसपास की भूमि 18) घमंड, गर्व 20) एक अभिनेता और भूतपूर्व सांसद जिन्होने दूरदर्शन धारावाहिक 'महाभारत'में श्रीकृष्ण की भूमिका की थी 21) दी गयी अवधि, मीयाद 23) नजदीक, पास, निकट 24) नाक से गिरनेवाला कफ, जुकाम 26) उस समय 27) रणधीर कपूर द्वारा निर्देशित इस फिल्म में राज कपूर ने अदाकारी की थी 30) कुदृष्टी 35) हाथ 36) स्तनपायी उड़नेवाला एक बड़ा जन्तु जिसके चारों पैर पंखदार होते है 38) तिब्बतियों के धर्मगुरु की उपाधि 39) वह कला जिसमें कल्पना और बुद्धि का सुंदर संयोग होता है जैसे काव्य, संगीत, चित्रकला आदि 41) चेला, शिष्य 42) प्रश्न उत्तर 43) पत्थर को काटना या कतरना 45) अवस्था, दशा 47) मक्के का प्रसिद्ध पत्थर या मस्जिद 48) आज के बाद आनेवाला दिन 50) मां, जननी 51) सामने, समक्ष 55) बेसुध, व्याकुल 56) विष्णु का एक नाम 58) बड़ा बाजार या बड़ा हाट 60) आंखो में लगाया जानेवाला अंजन 62) भालु 64) किसी काम को करने के लिए जुट जाना या तप्तर होना 65) नष्ट 66) पश्चात 68) उबारना, उद्धार करना 70) मसाले में डालनेवाला एक पदार्थ 71) सोने – चांदी के दूकानों का बाजार 72) तोता 73) अभाव, न्यूनता 75) तुच्छता 76) मां की मां की मां 79) पक्का रास्ता 80) माप 81) नसनस 83) समशेर, खड्ग 85) धोबी 87) नवग्रहों में से एक 88) फिजूल, अपने आप, स्वतः 89) यायावर, घुमक्कड़ 90) छानबीन, जांच, तलाश 91) श्रीकृष्णद्वारा गोपियों के साथ की गई लीला 92) विश्व का आखरी दिन 94) एक भूभाग जिसक अन्तर्गत अनेक गांव होते है 99) छल, धोखाघड़ी 101) वेश्या, तवायफ 103) मद्य 105) स्मरण, स्मृति 106) कुक्कुट 107) कागज पर लिखा हुआ मिटाने का एक साधन 109) गीला 111) अंधेरा 113) 'तेजी' का विरुद्धार्थी शब्द 114) कागज के 500 तावों की गड्डी 155) शरीर की ऊंचाई (जवाब अगले अंक में )

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeva-08446302691

## लेखन, कभी मरा नहीं..

कितना लिखोगे?
जितना लिखोगे
कम है।
बस, लिखते रहो
जबतक
तुममें दम है
लिख गए
संत कबीर, तुलसी, मीरा
निराला, पंत, महादेवी
नीरज, बच्चन,
और न जाने कितने ही
आज भी
लिखने का क्रम
निरंतर जारी है
कल भी चलता रहेगा
लेखन
वह दिया है
जो अनवरत जलता रहेगा
तुम और मैं
उस दिये की बाती हैं
जबतक दिये में
भावों का,
भावनाओं का
शब्दों का तेल है
हमें जलते रहना है
हमारे बाद
यही क्रम
कोई और दोहराएगा
लेखन कभी मरा नहीं
और कभी नहीं मर पाएगा।।

शशि तिवारी

## विश्वगुरू..

बहती हुई सड़कों से
टुटते हुए पुलों से,
खुलते बीयरबारों से
बंद होते स्कूलों से।
भारत विश्वगुरू हो रहा है।।

डुबते हुए व्यापारों से
भटकते बेरोजगारों से,
सिस्टम में भ्रष्टाचारों से
रोज होते बलात्कारों से।
भारत विश्वगुरू हो रहा है।।

बढ़ती हुई मंहगाई से
जाति-धर्म की लड़ाई से,
अंधाधुंध वन कटाई से
हर बात में नेताई से।
भारत विश्वगुरू हो रहा है।।

कमजोरों के शोषण से
माफियाओं के पोषण से,
नेताओं के भाषण से
पांच किलो के राशन से।
भारत विश्वगुरू हो रहा है।।
सरकार भुमि के दान से
नेताओं के उत्थान से,
खेत में मरते किसान से
बाबाओं के ब्यान से,
भारत विश्वगुरू हो रहा है।।

लेखक



संजय अश्क
पुलपुट्टा, बालाघाट
9753633830





जग प्रेरणा
# व्यापार समाचार
● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

## भारत डेटा सेंटर के लिए भरोसेमंद गंतव्यः गोयल



**तोक्यो, (भाषा)।**

***वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को भारत को डेटा सेंटर के लिए एक आकर्षक गंतव्य बताते हुए कहा कि इस क्षेत्र के विकास के लिए भारत जापानी कंपनियों के साथ मिलकर काम कर सकता है।***

उन्होंने कहा कि भारत को दुनिया की प्रौद्योगिकी क्षेत्र की बड़ी कंपनियों से करीब 200 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता मिल चुकी है। जापान के अर्थव्यवस्था, व्यापार एवं उद्योग मंत्री अकाजावा रयोसेई के साथ बैठक के दौरान गोयल ने कहा कि दोनों देशों के बीच साझेदारी को चार प्रमुख स्तंभों...व्यापार बढ़ाना, प्रौद्योगिकी सहयोग मजबूत करना, निवेश को बढ़ावा देना और पर्यटन को प्रोत्साहित करना...के आधार पर आगे बढ़ाया जा सकता है।

गोयल ने कहा, ''डेटा सेंटर एक अन्य ऐसा क्षेत्र है जहां भारत एक भरोसेमंद साझेदार और आकर्षक गंतव्य के रूप में मजबूत संभावना पेश करता है। हम भारत में डेटा सेंटर को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम कर सकते हैं। हमें दुनिया भर की बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों से करीब 200 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता मिल चुकी है।'' उल्लेखनीय है कि बीते साल अक्टूबर से दिसंबर के बीच गूगल ने भारत में डेटा सेंटर सहित कृत्रिम मेधा (एआई) बुनियादी ढांचे में 15 अरब डॉलर, माइक्रोसॉफ्ट ने 17.5 अरब डॉलर और अमेजन ने 35 अरब डॉलर के निवेश की घोषणा की थी।

सरकार ने डेटा सेंटर क्षेत्र में निवेश बढ़ाने के लिए 2047 तक कर अवकाश देने का प्रस्ताव रखा है। गोयल ने जापान के मंत्री को शीर्ष जापानी कंपनियों के कई प्रतिनिधियों के साथ हुई अपनी बातचीत की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन कंपनियों ने भारत के साथ सहयोग बढ़ाने में काफी रुचि दिखाई है।

उन्होंने कहा, ''हमारी कुछ ऐसी क्षमताएं हैं जो जापान की तकनीकी प्रगति को समर्थन दे सकती हैं। हमने कई ऐसे क्षेत्रों पर चर्चा की, जहां साथ काम करने के स्पष्ट लाभ हैं। इनमें एआई, सेमीकंडक्टर और उससे जुड़ा पूरा परिवेश शामिल हैं। भारत में इस क्षेत्र की बहुत बड़ी मांग है और इसका बाजार करीब 150 अरब डॉलर का होने का अनुमान है।''

इस बीच, यहां एक भारतीय समुदाय के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोयल ने कहा कि जापान में देखभाल कर्मियों, नर्स, प्लंबर, बिजली मिस्त्रियों, राजमिस्त्रियों और बढ़ई के साथ-साथ एआई विशेषज्ञों, पीएचडी धारकों, इंजीनियरों और चार्टर्ड अकाउंटेंट जैसे उच्च कौशल वाले पेशेवरों की भी काफी मांग है।

उन्होंने भारतीय समुदाय से लोगों को जापानी भाषा सीखने के लिए प्रोत्साहित करने का सुझाव दिया। गोयल ने कहा, ''यदि आप भाषा और संस्कृति सीख लेते हैं तो यहां बड़े अवसर उपलब्ध हैं।'' उन्होंने कहा कि जापान से भारत को भेजी जाने वाली राशि भी देश की आर्थिक वृद्धि में योगदान देती है। जापान में 60,000 से अधिक भारतीय समुदाय के लोग रहते हैं।

## मानव संसाधन अधिकारियों को दूसरी छमाही में नियुक्ति में तेजी की उम्मीदः रिपोर्ट

**मुंबई, (भाषा)।**

***देश के रोजगार बाजार में 2026 की दूसरी छमाही में भर्ती गतिविधियों में तेजी बने रहने की उम्मीद है। करीब 97 प्रतिशत मानव संसाधन (एचआर) अधिकारियों को नियुक्तियां जारी रहने का भरोसा है, जबकि 79 प्रतिशत को नयी नौकरियां सृजित होने का अनुमान है।***

मंगलवार को एक रिपोर्ट में यह कहा गया। जॉब पोर्टल नौकरी डॉट कॉम की 'छमाही भर्ती संभावना रिपोर्ट' देशभर में 540 से अधिक वरिष्ठ एचआर अधिकारियों और विभिन्न क्षेत्रों में नियुक्ति संबंधी निर्णय लेने वालों के विचारों पर आधारित है।

सर्वेक्षण में शामिल करीब 97 प्रतिशत एचआर अधिकारियों को 2026 की दूसरी छमाही में नए और रिक्त पदों, दोनों के लिए नियुक्तियां जारी रहने की उम्मीद है, जबकि 79 प्रतिशत ने नयी नौकरियां सृजित होने का अनुमान जताया है।

रोजगार सृजन के लिए रियल एस्टेट क्षेत्र सबसे अधिक आशावादी है। वहां 86 प्रतिशत एचआर अधिकारियों ने नयी नौकरियां पैदा होने की उम्मीद जताई है। इसके बाद दैनिक उपभोग के सामान बनाने वाले एफएमसीजी क्षेत्र में 85 प्रतिशत अधिकारियों ने ऐसी उम्मीद जताई।

आईटी और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में भी भर्ती को लेकर धारणा मजबूत हुई है। इस क्षेत्र के 83 प्रतिशत एचआर अधिकारियों ने दूसरी छमाही में नियुक्तियों को लेकर संभावना जतायी, जबकि पहली छमाही में यह आंकड़ा 79 प्रतिशत था।

रिपोर्ट कहती है कि कारोबार विकास, विपणन और आईटी में सबसे अधिक भर्ती होने की उम्मीद है। इन क्षेत्रों में क्रमशः 45 प्रतिशत, 37 प्रतिशत और 31 प्रतिशत एचआर अधिकारियों ने सबसे अधिक नियुक्तियां होने का अनुमान जताया।

क्षेत्रवार देखें तो बैंक, वित्त एवं बीमा क्षेत्र (बीएफएसआई) में मुख्य वित्तीय भूमिकाओं के लिए प्रतिभाओं की मांग बनी रहने की उम्मीद है। एफएमसीजी और विनिर्माण क्षेत्र परिचालन संबंधी पदों पर ध्यान देंगे, जबकि आईटी क्षेत्र में प्रौद्योगिकी आधारित भूमिकाओं की मांग बनी रहेगी। कृत्रिम मेधा (एआई) को लेकर भी यह रिपोर्ट सकारात्मक संकेत देती है। एआई के रोजगार पर संभावित असर को लेकर चिंता होने के बावजूद 86 प्रतिशत एचआर अधिकारियों को इसके कारण बड़े पैमाने पर छंटनी की आशंका नहीं है। इसके उलट, आईटी और बीएफएसआई क्षेत्र में 20 प्रतिशत से अधिक अधिकारियों को अगले छह महीनों में एआई से नयी भूमिकाएं सृजित होने की उम्मीद है। आईटी, विपणन और विश्लेषण ऐसे प्रमुख क्षेत्र हैं जहां इन नयी भूमिकाओं के उभरने की संभावना है।

नौकरी डॉट कॉम की मूल कंपनी इन्फो एज के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी हितेश ओबेरॉय ने कहा कि दूसरी छमाही की भर्ती संभावना भारत के रोजगार बाजार में लगातार तेजी की ओर इशारा करती है। उन्होंने कहा कि एआई खासकर आईटी, विपणन और विश्लेषण के क्षेत्रों में नयी भूमिकाएं सृजित कर रहा है।

क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100/- प्रतिदिन.. दैनिक जगप्रेरणा में क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन में प्रकाशित किये जाते हैं। कृपया संपर्क करें.. मो. 9329033433

## हिमाचल के मंत्री ने खुले बाजार में बिकने वाले नकली पीजीआर को लेकर आगाह किया



**शिमला, (भाषा)।**

हिमाचल प्रदेश के बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने मंगलवार को किसानों और बागवानों से अपील की कि वे खुले बाजार में बिकने वाले नकली प्लांट ग्रोथ रेगुलेटर्स (पीजीआर) को लेकर सावधान रहें।

वह विधानसभा में थियोग से कांग्रेस विधायक कुलदीप सिंह राठौर द्वारा नियम 62 के तहत लाए गए 'ध्यानाकर्षण प्रस्ताव' का जवाब दे रहे थे। यह प्रस्ताव राज्य के बागवानों और किसानों को आपूर्ति की जाने वाली फफूंदनाशक और कीटनाशक की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए लाया गया था।

नेगी ने खुले बाजार में नकली पीजीआर की मौजूदगी को माना और कहा कि किसान और बागवान इनका शिकार बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने फफूंदनाशक और कीटनाशक बेचने के लिए 500 दुकानों को लाइसेंस दिया है।

उन्होंने कहा कि कुछ बागवान दुकानदार द्वारा दिए जा रहे सस्ते पीजीआर के लालच में आ जाते हैं, जिससे मनचाहा नतीजा नहीं मिल पाता। उन्होंने किसानों में जागरूकता की जरूरत पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि नकली पीजीआर का मुद्दा नया नहीं है और बागवान कई साल से ऐसी शिकायतें कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने बिना 'क्वारंटीन' मंजूरी के राज्य में रूटस्टॉक के आयात पर रोक लगा दी है। इसके बावजूद, ऐसा रूटस्टॉक गैर-कानूनी रास्तों से राज्य में आता रहता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि 'क्वारंटीन' किए गए रूटस्टॉक का प्रमाणीकरण केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है।

मंत्री ने यह भी भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार के पास प्रमाणीकृत रूटस्टॉक की कोई कमी नहीं है। फिर भी, कुछ बागवान खुले बाजार से बिना प्रमाणित रूटस्टॉक खरीदते हैं, जिससे उनके बागों में बीमारियां फैलती हैं।

उन्होंने घोषणा की कि सरकार ने बागवानी विभाग के जरिये ही किसानों को ब्रांडेड रसायन बेचने का फैसला किया है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि इस फैसले के बावजूद, बागवान खुले बाजार से महंगे कीटनाशक खरीदते रहते हैं।

## सिम्बायोटेक फार्मालैब के आईपीओ को दूसरे दिन मिला 1.85 गुना अभिदान..




**नई दिल्ली, (भाषा)।**

सिम्बायोटेक फार्मालैब लिमिटेड के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बोली के दूसरे दिन मंगलवार को 1.85 गुना अभिदान मिला। एनएसई के आंकड़ों के अनुसार, आईपीओ के तहत 1,31,24,929 शेयरों की पेशकश के मुकाबले 2,42,73,015 शेयरों के लिए बोलियां मिलीं।

गैर-संस्थागत निवेशकों (एनआईआई) के लिए आरक्षित हिस्से को 2.99 गुना बोलियां मिलीं। खुदरा निवेशकों की श्रेणी को 2.10 गुना अभिदान प्राप्त हुआ और पात्र संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) के लिए आरक्षित हिस्से को 54 प्रतिशत बोलियां मिली।

सिम्बायोटेक फार्मालैब ने शुक्रवार को एंकर निवेशकों से 526 करोड़ रुपये जुटाए। कंपनी का आईपीओ 150 करोड़ रुपये तक के नए शेयरों के निर्गम और 1,607 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का मिश्रण है।

आईपीओ का मूल्य दायरा 938-988 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है, जिससे ऊपरी सीमा पर कंपनी का मूल्यांकन करीब 6,350 करोड़ रुपये हो जाता है।

नए शेयरों की बिक्री से जुटाई गई राशि का इस्तेमाल कंपनी कर्ज चुकाने और सामान्य कंपनी कामकाज के लिए करेगी। इंदौर स्थित सिम्बायोटेक फार्मालैब लिमिटेड अनुसंधान एवं विकास पर केंद्रित दवा तथा जैव प्रौद्योगिकी कंपनी है। कंपनी के शेयर को एक सितंबर को बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है।

## सरकार ने चीनी आयात के नियमों में ढील दी, आयातकों को दो महीने का समय मिला



**नई दिल्ली, (भाषा)।**

***आयात की खेप आने में देरी को लेकर चीनी उद्योग की चिंताओं को देखते हुए सरकार ने आयातित कच्ची चीनी के प्रसंस्करण और घरेलू बिक्री के लिए समय-सीमा को उसके भारत आने की तारीख***

से अगले दो महीने तक के लिए बढ़ा दिया है। स्थानीय आपूर्ति को बढ़ाने और कीमतों पर काबू पाने के लिए 10 लाख टन कच्ची चीनी के आयात की अनुमति देते हुए, सरकार ने पहले आयातकों से कहा था कि वे कच्ची चीनी का प्रसंस्करण करें और उसे 31 अक्टूबर तक घरेलू बाजार में बेच दें।

हालांकि, हाल ही में हुई एक बैठक में चीनी उद्योग ने संबंधित मंत्रालयों को बताया कि यह समय-सीमा व्यावहारिक नहीं है। उन्होंने ब्राजील के बंदरगाहों पर भीड़भाड़ और मात्रा की मंजूरी मिलने के बाद माल की खेप के भारत पहुंचने में लगने वाले 40 दिन के समय का हवाला दिया। इसे ध्यान में रखते हुए, विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने 24 अगस्त को अपनी 20 अगस्त की अधिसूचना में सुधार जारी किया और आयातित कच्ची चीनी के प्रसंस्करण और बिक्री के लिए समय-सीमा बढ़ा दी।

सुधार में कहा गया, ''शुल्क दर कोटा (टीआरक्यू) के तहत आयातित कच्ची चीनी को आयात के बाद उचित समय के भीतर सफेद या रिफाइंड चीनी में प्रसंस्कृत किया जाएगा, बशर्ते आयातक कच्ची चीनी को सफेद या रिफाइंड चीनी में बदलें और 'बिल ऑफएंट्री' दाखिल करने की तारीख से दो महीने से अधिक न होने वाली अवधि के भीतर उसे घरेलू बाजार में बेच दें।''

नेशनल फेडरेशन ऑफकोऑपरेटिव शुगर फैक्ट्रीज (एनएफसीएसएफ) के प्रबंध निदेशक, प्रकाश नाईकनवरे ने इस कदम का स्वागत करते हुए इसे ''एक सकारात्मक घटनाक्रम'' बताया, जिससे ''अधिक मिलों को आयात के लिए आवेदन करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।''

मिलों ने पहले ही डीजीएफटी पोर्टल के माध्यम से कच्ची चीनी के आयात के लिए ऑनलाइन आवेदन करना शुरू कर दिया है। डीजीएफटी को आवेदनों पर काम आगे बढ़ाने और मात्रा आवंटित करने में 2-3 दिन लग सकते हैं और इसके बाद मिलें सितंबर के मध्य तक अनुबंधों पर हस्ताक्षर करेंगी। बंदरगाह पर भीड़भाड़ की स्थिति को देखते हुए, खेप के अक्टूबर के तीसरे सप्ताह तक भारतीय तटों पर पहुंचने की उम्मीद है।

घरेलू आपूर्ति बढ़ाने और खुदरा कीमतों पर काबू पाने के लिए चीनी के आयात की अनुमति दी गई है। मंगलवार को खुदरा कीमतें लगभग 64 रुपये प्रति किलोग्राम थीं।

## वैश्विक चुनौतियों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था में मजबूती, मानसून से कृषि जोखिम घटेः आरबीआई बुलेटिन




**मुंबई, (भाषा)।**

भारतीय अर्थव्यवस्था ने वैश्विक चुनौतियों के बीच मजबूत घरेलू मांग और बढ़ती औद्योगिक गतिविधियों के दम पर उल्लेखनीय मजबूती दिखाई है। मानसून की स्थिति सुधरने से कृषि क्षेत्र के जोखिम भी कुछ कम हुए हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मंगलवार को जारी बुलेटिन में यह बात कही गई। आरबीआई के अगस्त बुलेटिन में प्रकाशित 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' संबंधी लेख में कहा गया है कि अमेरिका के अतिरिक्त 10 प्रतिशत शुल्क का भारत पर पड़ोसी चीन और कुछ अन्य एशियाई अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में कम असर पड़ने की संभावना है। लेख के मुताबिक, वैश्विक अर्थव्यवस्था नाजुक भू-राजनीतिक माहौल और व्यापार संबंधी अनिश्चितताओं का सामना कर रही है। इसके बावजूद घरेलू अर्थव्यवस्था में मांग मजबूत बनी हुई है तथा विनिर्माण एवं सेवा गतिविधियों में तेजी आई है। जुलाई में दक्षिण-पश्चिम मानसून में सुधार हुआ, जबकि जून में इसमें कमी दर्ज की गई थी। इससे खरीफफसलों की बुवाई सामान्य रकबे के करीब पहुंची और कृषि क्षेत्र के कुछ जोखिम कम हुए।

जुलाई में अधिक बारिश होने से देशभर के जलाशयों में पानी का भंडार पिछले 10 साल के औसत के करीब पहुंच गया और इससे पहले के स्तर से भी अधिक रहा। अमेरिका की ओर से भारत पर लगाए गए अतिरिक्त 10 प्रतिशत शुल्क के संबंध में लेख में कहा गया कि अमेरिका को भारत के प्रमुख निर्यात उत्पाद-स्मार्टफोन, पेट्रोलियम उत्पाद और दवाएं, इस शुल्क के दायरे से बाहर हैं।

लेख में कहा गया, ÷ऐसे में भारत पर इसका असर चीन, वियतनाम और थाइलैंड जैसी कुछ अन्य एशियाई अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में कम रहने की संभावना है।÷ बुलेटिन के मुताबिक, जून में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रवाह में मई की तुलना में सुधार हुआ। कुल इक्विटी प्रवाह का करीब 74 प्रतिशत सिंगापुर, नीदरलैंड, अमेरिका और कनाडा से आया।

सबसे अधिक इक्विटी निवेश विनिर्माण क्षेत्र को मिला और उसके बाद बिजली उत्पादन तथा कंप्यूटर एवं संचार सेवाओं का स्थान रहा। वहीं, भारतीय कंपनियों का विदेशों में प्रत्यक्ष निवेश पिछले दो महीनों से घट रहा है। भारतीय कंपनियों के विदेशों में किए गए प्रत्यक्ष निवेश में करीब 65 प्रतिशत हिस्सा सिंगापुर, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और अमेरिका का रहा। वित्तीय, बीमा और व्यावसायिक सेवाओं, विनिर्माण, थोक एवं खुदरा कारोबार, रेस्तरां और होटल क्षेत्रों ने मिलकर विदेशों में किए गए प्रत्यक्ष निवेश का करीब 74 प्रतिशत हिस्सा हासिल किया।

हालांकि, आरबीआई ने स्पष्ट किया कि बुलेटिन में प्रकाशित लेख में व्यक्त विचार लेखकों के हैं और वे केंद्रीय बैंक के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं।

## कनाडा ने अमेरिका के 700 से अधिक उत्पादों पर जवाबी शुल्क लगाया..



**टोरंटो, (एपी)।**

***कनाडा ने मंगलवार को अमेरिका के खिलाफजवाबी कार्रवाई करते हुए करीब 20 अरब डॉलर मूल्य के अमेरिकी सामान पर शुल्क लगाने की घोषणा की। इसमें इस्पात, डेयरी उत्पाद, घरेलू उपकरण और कृषि उपकरण शामिल हैं।***

इस तनाव से दुनिया के सबसे बड़े व्यापारिक संबंधों में से एक पर असर पड़ने की आशंका है। कनाडा के नए शुल्क औद्योगिक वस्तुओं तक सीमित नहीं हैं, बल्कि समुद्री खाद्य, पनीर, कपड़े, सौंदर्य प्रसाधन और टॉयलेट पेपर जैसी रोजमर्रा की वस्तुओं को भी इसके अंतर्गत लाया गया है। कुछ वस्तुओं पर शुल्क 50 प्रतिशत तक है।

कनाडा ने यह कदम डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के सप्ताहांत में कनाडाई वस्तुओं पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के बाद उठाया है। व्यापार वार्ता विफल होने के बाद अमेरिका ने यह कदम उठाया था। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने अमेरिका पर कनाडा को अपने अधीन करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विफल वार्ता के दौरान अमेरिका की मांगों से पता चलता है कि वह ''हमारे प्रमुख उद्योगों को नष्ट करना'' चाहता है।

राष्ट्रपति ट्रंप ने सोमवार को टकराव और बढ़ाते हुए कनाडाई नेताओं से 'अमेरिका की बातें मानने' को कहा और चेतावनी दी कि ऐसा नहीं करने पर मौजूदा शुल्कों से 'कहीं अधिक खराब' परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने कनाडाई वाहनों, वाहन कलपुर्जों और इस्पात पर नए 50 प्रतिशत शुल्क लगाने की चेतावनी भी दी। ट्रंप ने मंगलवार को एक और विवाद खड़ा करते हुए कहा कि अमेरिका ओंटारियो झील का नाम बदलकर 'लेक अमेरिका' करने पर गंभीरता से विचार कर रहा है। यह विवाद ओंटारियो के प्रमुख डग फोर्ड के साथ उनके मतभेद के बीच सामने आया।

कनाडा द्वारा लगाए गए नए शुल्क आठ सितंबर से 15 प्रतिशत, 25 प्रतिशत और 50 प्रतिशत की दर से प्रभावी होंगे। कनाडा ने लुगदी एवं कागज तथा इलेक्ट्रॉनिक्स समेत 700 से अधिक उत्पादों पर अमेरिका द्वारा लगाए गए संबंधित शुल्क के बराबर शुल्क लगाने का फैसला किया है। कई अमेरिकी उत्पादों पर शुल्क 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत किया जाएगा। इन उपायों का सबसे बड़ा हिस्सा इस्पात और एल्युमीनियम को प्रभावित करेगा।

कनाडा के अधिकारियों ने कहा कि जवाबी शुल्क लगाने का उद्देश्य राजस्व जुटाना नहीं, बल्कि कनाडाई कंपनियों की रक्षा करना और अमेरिकी आयात को कम करना है।

अधिकारियों के अनुसार, कनाडा के 25 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के बाद अमेरिका से इस्पात आयात पहले ही 30 प्रतिशत घट चुका है और नए 50 प्रतिशत शुल्क से इसमें और कमी आने का अनुमान है। पचास प्रतिशत शुल्क के दायरे में इस्पात और एल्युमीनियम के कुछ उत्पाद, फर्नीचर और कपड़े शामिल हैं। घरेलू उपकरण, पनीर सहित डेयरी उत्पाद, मछली और समुद्री खाद्य तथा इस्पात और एल्युमीनियम से बने कुछ उत्पादों पर 25 प्रतिशत शुल्क लगेगा। अमेरिकी वाहनों पर कनाडा के मौजूदा जवाबी शुल्क लागू रहेंगे। कनाडा ने इस व्यापार विवाद से प्रभावित कर्मचारियों और कारोबार के लिए 7.5 अरब कनाडाई डॉलर (5.4 अरब अमेरिकी डॉलर) के सहायता पैकेज की भी घोषणा की है।

कनाडा के अधिकारियों ने माना कि जवाबी शुल्क से कुछ कंपनियों और उपभोक्ताओं की लागत बढ़ेगी, लेकिन उनका अनुमान है कि अर्थव्यवस्था पर इसका कुल प्रभाव सीमित रहेगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने 2025 की शुरुआत से अब तक शुल्क से जुड़े प्रभावों को कम करने के लिए 30 अरब कनाडाई डॉलर (21.7 अरब अमेरिकी डॉलर) से अधिक की सहायता दी है। यह राशि जवाबी शुल्क से सरकार को मिले राजस्व से काफी अधिक है।

सुश्रुत वात क्लिनिक
डॉ. आकाश अनिल शेंडे
बी.ए.एम.एस. (नाशिक)
वात रोग तज्ञ
जनरल फिजिशियन
Regi L - 114791-A
कमर दर्द, सायटिका, आमवात, अस्थीवात, गठियावात, लकवा, नसों का दर्द (मोंदरा) एवं कमर गैप आदि वात रोगों का उपचार..
पता - भिलाई रोड, भारती लॉन के सामने, लांजी मो. 8637707202



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# शिक्षा के क्षेत्र में फिर लांजी क्षेत्र का नाम किया रोशन भाडरा के चार विद्यार्थियों का एम बी बी एस में चयन..


पुजा मंडले


अजय पिछोरे


तुषार नगपुरे


स्वास्तिक खोंगल

**जगप्रेरणा लांजी।**
लांजी क्षेत्र ने एक साथ चार प्रतिभाशाली बच्चों को मेडिकल शिक्षा में भेजकर इतिहास रच दिया है। ग्राम बिरनपुर निवासी अजय पिछोरे ने तीसरे प्रयास में नीट पास कर भोपाल के पीपल्स कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च सेंटर में एमबीबीएस सीट हासिल की। वहीं ग्राम पंचमटोला बहेला निवासी तुषार नगपुरे का चयन ग्वालियर के शासकीय मेडिकल कॉलेज में हुआ है। ग्राम बोरडी निवासी पूजा मंडले ने भोपाल के चिरायू मेडिकल कॉलेज में प्रवेश पाया है। ये तीन बच्चे तो भाडरां अंचल से ही हैं और सभी लोधी समाज से आते हैं। इसके साथ ही लांजी के स्वास्तिक खोंगल ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस शासकीय मेडिकल कॉलेज, जबलपुर में जगह बनाई है।

चारों छात्रों की सफलता यह संदेश देती है कि कठिन परिस्थितियों में भी निरंतर मेहनत, अनुशासन और दृढ़ संकल्प से सपनों को साकार किया जा सकता है। इन उपलब्धियों ने न केवल उनके परिवारों को गर्वान्वित किया है, बल्कि पूरे लांजी क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

## मजदूर का बेटा बनेगा डॉक्टर..

बालाघाट लांजी क्षेत्र के ग्राम बिरनपुर निवासी अजय पिछोरे, पिता यादनलाल पिछोरे और माता मीना पिछोरे के बेटे ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अजय ने 12वीं तक की पढ़ाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनेरी से की और आगे की पढ़ाई भिलाई से पूरी की। तीसरे ही प्रयास में उन्होंने नीट परीक्षा पास कर ली और अब भोपाल स्थित पीपल्स कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च सेंटर से एमबीबीएस की पढ़ाई करेंगे। अजय ने बताया कि उनके पिता मजदूरी करते हैं और माता गृहणी हैं। उन्होंने पिता के सपनों को पूरा करने के लिए रोज़ाना 15 घंटे पढ़ाई की।

अजय का कहना है कि गरीब परिवार से आने के कारण उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की महंगाई को करीब से देखा है। इसी वजह से डॉक्टर बनने का जुनून उनके भीतर था। उन्होंने कहा 'गरीबों को कम खर्च में इलाज चाहिए, मैं डॉक्टर बनकर गरीबों की सेवा करूंगा।' नीट की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को संदेश देते हुए अजय ने कहा कि लगातार मेहनत और लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने से सफलता निश्चित मिलती है।

## पूजा ने नाना-नानी के घर रहकर की पढ़ाई..

लांजी क्षेत्र के ग्राम बोरडी निवासी पूजा मंडले, पिता सुखदास मंडले और माता मीता बाई मंडले की बेटी ने कठिन परिस्थितियों में रहकर असाधारण सफलता हासिल की है। नाना नानी प्रेमलाल बसेना और कमला बाई बसेना के घर रहकर पढ़ाई करने वाली पूजा ने तीसरे प्रयास में नीट परीक्षा पास कर ली है। अब वह भोपाल के चिरायू मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की पढ़ाई कर डॉक्टर बनेगी। पूजा ने अपनी स्कूली शिक्षा शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बहेला से पूरी की। इसके बाद वह राजस्थान के कोटा जाकर नीट की तैयारी करने लगीं। दो बार असफलता मिलने के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और घर पर रहकर तीसरे प्रयास में सफलता हासिल की। पूजा ने कहा पापा का सपना था कि मैं डॉक्टर बनूं, इसलिए मैंने मेहनत की और इस मुकाम को हासिल किया। पापा के सपनों को पूरा करने में अच्छा लगता है।

यह कहानी उन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है जो मानते हैं कि गांव में रहकर सफलता हासिल नहीं की जा सकती। पूजा ने साबित कर दिया कि दृढ़ संकल्प और मेहनत से गांव की बेटिया भी डॉक्टर बन सकती हैं।

## पंचमटोला बहेला के तुषार नगपुरे बनेगा डॉक्टर..

बालाघाट लांजी क्षेत्र के छोटे से ग्राम पंचमटोला बहेला निवासी टेकराम नगपुरे के बेटे तुषार नगपुरे ने प्रथम प्रयास में ही ग्वालियर के शासकीय मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए चयन पाकर गांव, परिवार और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सामान्य परिवार से आने वाले तुषार की इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया कि मेहनत और लगन से हर सपना पूरा किया जा सकता है।

तुषार की सफलता की कहानी उन सभी बच्चों के लिए प्रेरणा है जो गांवों में रहते हुए बड़े सपने देखते हैं। सीमित संसाधनों और साधारण माहौल के बावजूद उन्होंने अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित किया और कठिन परिश्रम से यह मुकाम हासिल किया। उनकी उपलब्धि यह संदेश देती है कि गांव के बच्चे भी पढ़ाई के बल पर आगे बढ़ सकते हैं और समाज में नई पहचान बना सकते हैं।

## लांजी के स्वास्तिक खोंगल का मेडिकल कॉलेज जबलपुर में चयन..

लांजी क्षेत्र के विवेक खोंगल और कल्पना खोंगल के बेटे स्वास्तिक खोंगल ने अपनी मेहनत और लगन से क्षेत्र का नाम रोशन किया है। स्वास्तिक का चयन नेताजी सुभाषचंद्र बोस शासकीय मेडिकल कॉलेज, जबलपुर में एमबीबीएस के लिए हुआ है। उनकी प्रारंभिक शिक्षा 5वीं तक सेंट्रल इंडिया एकेडमी लांजी से हुई, इसके बाद 6वीं से 12वीं तक की पढ़ाई जवाहर नवोदय विद्यालय वारासिवनी से पूरी की। आगे उन्होंने भिलाई स्थित एलेन कोचिंग सेंटर से नीट की तैयारी की और सफलता हासिल की।

स्वास्तिक बचपन से ही मेधावी और कुशाग्र बुद्धि के छात्र रहे हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता, परिवार, दोस्तों और गुरजनों को दिया है। उनके माता पिता दोनों शिक्षक हैं, जिन्होंने शिक्षा और अनुशासन का संस्कार दिया। स्वास्तिक की उपलब्धि यह संदेश देती है कि निरंतर मेहनत, सही मार्गदर्शन और दृढ़ संकल्प से सपनों को साकार किया जा सकता है।

# बालक छात्रावास मे विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर, छात्रों को बताए कानूनी अधिकार..









**जगप्रेरणा लांजी।**
मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट श्री प्राणेश कुमार प्राण के निर्देशानुसार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट के सचिव एवं न्यायाधीश श्री सतीश शर्मा के मार्गदर्शन में सोमवार, 24 अगस्त 2026 को शासकीय वरिष्ठ अनुसूचित जाति बालक छात्रावास लांजी में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का आयोजन न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति, सिविल न्यायालय लांजी श्री प्रीतम शाह के तत्वावधान में किया गया। इस दौरान न्यायाधीश श्री शाह ने छात्रावास में उपस्थित छात्रों को विभिन्न कानूनी प्रावधानों और उनके अधिकारों की जानकारी दी।

## छात्रों को बताए कानूनी अधिकार..

न्यायाधीश ने छात्रों को नालसा शिक्षा-2026 योजना के साथ-साथ मानव तस्करी एवं वाणिज्यिक यौन शोषण पीड़ितों के लिए विधिक सेवाएं योजना-2015, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम-1989, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं बच्चों के विधिक अधिकार, साइबर अपराध, मोटरयान अधिनियम तथा किशोर न्याय अधिनियम के संबंध में सरल भाषा में जानकारी दी।

इसके अलावा विधिक सेवा संस्थाओं की कार्यप्रणाली, निःशुल्क विधिक सहायता, राष्ट्रीय लोक अदालत तथा विभिन्न विभागीय योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया के बारे में भी छात्रों को बताया गया। छात्रों को नालसा की विधिक सहायता हेल्पलाइन 15100 की जानकारी भी दी गई।

## स्कूल से बाहर बच्चों की पहचान करने की अपील..

नालसा शिक्षा-2026 योजना के संबंध में न्यायाधीश ने छात्रों से कहा कि उनके आसपास ऐसे बच्चों की पहचान की जाए, जो विद्यालय से बाहर हैं, पढ़ाई छोड़ चुके हैं अथवा सामाजिक, आर्थिक या अन्य कारणों से विद्यालय में प्रवेश नहीं ले पा रहे हैं। ऐसे बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने तथा विद्यालय में प्रवेश दिलाने के लिए योजना के माध्यम से आवश्यक कार्यवाही की जा सकती है। उन्होंने छात्रों से अपील करते हुए कहा कि अपराध कोई भी हो, वह अपराध ही होता है। इसलिए प्रत्येक विद्यार्थी को किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि से दूर रहना चाहिए।

## पुलिस कार्रवाई और जमानत प्रक्रिया की दी जानकारी..

न्यायाधीश ने अपराध दर्ज होने के बाद होने वाली न्यायालयीन प्रक्रिया की जानकारी देते हुए पुलिस कार्रवाई, पुलिस अभिरक्षा, न्यायिक अभिरक्षा तथा जमानत की प्रक्रिया को भी विस्तार से समझाया। इस दौरान छात्रों ने कानून और न्यायिक प्रक्रिया से जुड़े कई जिज्ञासापूर्ण सवाल पूछे, जिनका न्यायाधीश द्वारा सहज एवं सरल भाषा में उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

कार्यक्रम के दौरान छात्रों में कानूनी जानकारी को लेकर काफी उत्साह दिखाई दिया। शिविर के माध्यम से छात्रों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने के साथ-साथ कानून का पालन करने और दूसरों को भी जागरूक करने का संदेश दिया गया।कार्यक्रम में छात्रावास अधीक्षक श्री मनोज कुमारन मोरघडे, न्यायालयीन कर्मचारी श्री विजय कुमार भोण्डेकर, पैरालीगल वालंटियर श्रीमती बिंदेश्वरी मुरकुटे, छात्रावास का स्टाफएवं छात्र उपस्थित रहे।

# एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत सीआरपीएफ 7 बटालियन के जवानों ने निकाली साईकिल रैली..





**जगप्रेरणा किरनापुर।**
*एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के अंतर्गत दिनांक 25 अगस्त 2026 को प्रातः 06:30 बजे 07वीं वाहिनी सीआरपीएफकिरनापुर मुख्यालय से साइकिल रैली का आयोजन किया गया।*

रैली का नेतृत्व द्वितीय कमान अधिकारी तनवीर जमाल एवं उप कमांडेंट अजय पटियल के निर्देशन में किया गया। रैली में 07वीं वाहिनी के जवानों के साथ किरनापुर के विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं तथा अन्य स्थानीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

साइकिल रैली 07वीं वाहिनी मुख्यालय किरनापुर से प्रारंभ होकर किरनापुर बस स्टैंड तक लगभग 5 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए संपन्न हुई। रैली का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता, भाईचारे एवं विविधता में एकता की भावना को बढ़ावा देना तथा विद्यार्थियों एवं युवाओं में स्वस्थ जीवनशैली और राष्ट्रप्रेम की भावना को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में जवानों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा साइकिल रैली सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें मो. 9329033433

# गोंदिया नगर पालिका अध्यक्ष सचिन शेंडे का हुआ आत्मीय स्वागत..

**संगठन और पार्टी कार्यों के बताए टिप्स**









**जगप्रेरणा लांजी।**
नगर पालिका परिषद गोंदिया के युवा नगर पालिका अध्यक्ष सचिन गोविंद भाऊ शेंडे 24 अगस्त को पार्षद नगर पालिका गोंदिया के सुनील भालेराव, चंद्रकांत छूटे एवं विजय रगड़े के साथ लांजी पहुंचे। उनके आगमन को लेकर स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर नगर कांग्रेस कमेटी लांजी के तत्वावधान में विशेष अभिनंदन समारोह आयोजित कर सचिन शेंडे एवं उनके साथ आए पार्षदों का आत्मीय स्वागत किया गया।

अभिनंदन समारोह नगर के वार्ड क्रमांक 11 स्थित नगर कांग्रेस कमेटी लांजी के अध्यक्ष सौरभ (मोनू) पशीने के निवास पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश जनपद पंचायत लांजी की अध्यक्ष श्रीमती अर्चना खोंगल, प्रभारी नगरीय निकाय मामले नगर परिषद लांजी के मुकेश चौहान, देवेंद्र खोंगल, जनपद पंचायत लांजी के उपाध्यक्ष अजय अवसरे, सरपंच संघ अध्यक्ष ललित कबीरे, जिला कांग्रेस कमेटी बालाघाट के सचिव मनीष भींमटे, मनीषा धारने सहित वरिष्ठ कांग्रेसजन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने नगर पालिका अध्यक्ष सचिन गोविंद भाऊ शेंडे का पुष्पगुच्छ एवं पुष्पहार से स्वागत कर अभिनंदन किया। इस दौरान उपस्थित कांग्रेसजनों ने उनके युवा नेतृत्व एवं गोंदिया नगर पालिका में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दीं। समारोह में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लांजी के अध्यक्ष रेवाजी करहाटकर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी किरनापुर के अध्यक्ष युसूफ पटेल तथा युवा कांग्रेस लांजी-किरनापुर के अध्यक्ष मनीष जुझार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए।

## संगठनात्मक गतिविधियों पर हुई चर्चा..

गोंदिया नगर पालिका में युवा नगर पालिका अध्यक्ष के रूप में सचिन शेंडे की भूमिका के चलते उनके लांजी आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह नजर आया। अभिनंदन समारोह के दौरान कांग्रेसजनों के बीच आपसी राजनीतिक एवं सामाजिक संबंधों को और मजबूत करने के साथ ही क्षेत्रीय स्तर पर संगठन को सक्रिय एवं मजबूत बनाने को लेकर भी चर्चा हुई। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कांग्रेस पदाधिकारियों ने आपसी समन्वय, संगठनात्मक गतिविधियों तथा जनहित से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया।

**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**तहसील-लांजी जिला बालाघाट म.प्र.**

रा.प्र.क/ 0527 / अ-6/2026-27
ग्राम कनेरी प.ह.न. 48
रा.नि.म. साडरा तहसील लांजी

**।। विज्ञप्ति ।।**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जात है कि आवेदक विशाल वल्द नीरज निवासी मनेरी द्वारा तहसील लांजी जिला बालाघाट के द्वारा मौजा कनेरी प.ह.न. 48 मे सामिल सरिक की स्थित भूमि खसरा नम्बर 1159 रकबा 0.250 हे. भूमि स्थित है। उक्त भूमि का आवेदक में वसीयतकर्ता लक्ष्मीबाई पति शोभाराम ने रजिस्टर्ड वसीयत पत्र क्रमांक MP01022021A3425378 के माध्यम से दिनांक 11/ 06/ 2021 को विशाल वल्द नीजर के नाम से वसीयत की गई थी। वसीयत के आधार पर नामांमरण किये जाने हेतु म.प्र.भू.रा.सं. 1959 की धारा 109-100 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किय गया है। अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह दिनांक 9/09/2026 के पूर्व स्वंय या अपने अभिभाशक / अधिवक्ता द्वारा मेरे समक्ष में उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचान नही किया जायेगा ।

स्थान:- लांजी
जारी दिनांक :- 19/08/2026

नायब तहसीलदार
लांजी

# शैक्षिक संवाद से बताया कक्षा से जुड़ने की गाइड..

## जॉयफुल लर्निंग से शिक्षकों का हुआ मंथन





**जगप्रेरणा लांजी।**
जनशिक्षा केन्द्र बहेला, विकासखंड लांजी में सत्र 2026-27 के प्रथम जनशिक्षा केन्द्र स्तरीय शैक्षिक संवाद का आयोजन 22 अगस्त को किया गया। संवाद में जनशिक्षा केन्द्र अंतर्गत संचालित 29 प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के शिक्षक शामिल हुए।

कार्यक्रम का मुख्य विषय ÷कक्षा से जुड़ाव : जॉयफुल लर्निंग हेतु एक पहल÷ रहा, जिसमें कक्षा 6 से 8 तक अध्यापन कराने वाले शिक्षकों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए शिक्षण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, आनंददायी एवं विद्यार्थी-केंद्रित बनाने पर विचार-विमर्श किया।

शैक्षिक संवाद की शुरुआत 'वेलकम सर्कल' एवं 'मेरी कहानी–विद्यार्थियों की जुबानी' जैसी गतिविधियों के माध्यम से हुई। इन गतिविधियों में शिक्षकों ने अपना परिचय देने के साथ-साथ अपने शिक्षण अनुभवों को साझा किया। इसके माध्यम से शिक्षकों के बीच आपसी संवाद, अनुभवों के आदान-प्रदान तथा कक्षा में विद्यार्थियों से बेहतर जुड़ाव के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई।

संवाद के दौरान इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि कक्षा में प्रत्येक विद्यार्थी को देखे और सुने जाने का अवसर मिले, सभी विद्यार्थियों को अपनी बात रखने एवं गतिविधियों में योगदान देने का समान अवसर प्राप्त हो तथा कक्षा का वातावरण भयमुक्त, सुरक्षित और सहज हो। शिक्षकों ने इस बात पर भी मंथन किया कि विद्यार्थियों को सीखने की प्रक्रिया में सक्रिय रूप से जोड़कर शिक्षा को उनके लिए अधिक रुचिकर और आनंददायी कैसे बनाया जा सकता है। प्रतिभागी शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए संवाद के दौरान 'कोल्ड कॉलिंग' तकनीक का उपयोग किया गया। इसके माध्यम से शिक्षकों को विषय पर अपने विचार रखने, अनुभव साझा करने और कक्षा-कक्ष की वास्तविक परिस्थितियों से जुड़े समाधान प्रस्तुत करने का अवसर मिला।

शासकीय माध्यमिक शाला मिरिया के माध्यमिक शिक्षक राजेश डी. हजारे ने सहजकर्ता के रूप में शैक्षिक संवाद का सफल संचालन किया। उल्लेखनीय है कि श्री हजारे डाइट बालाघाट में आयोजित जिलास्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रमों में भी सहजकर्ता की भूमिका निभाते हैं। उनके द्वारा गतिविधि आधारित एवं सहभागितापूर्ण तरीके से संवाद को आगे बढ़ाया गया। यह शैक्षिक संवाद संस्था प्राचार्य गणेश फर्दे के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में सहायक मनोज कोठारे, उत्तम गेडाम एवं मधुसूदन मस्करे ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

शैक्षिक संवाद के माध्यम से शिक्षकों ने कक्षा-कक्ष में विद्यार्थियों की सहभागिता बढ़ाने, उनके साथ बेहतर संवाद स्थापित करने तथा सीखने की प्रक्रिया को आनंददायी बनाने की दिशा में अपने अनुभव और विचार साझा किए। इस प्रकार का संवाद शिक्षकों के व्यावसायिक विकास के साथ-साथ विद्यार्थियों के लिए सकारात्मक एवं प्रभावी शिक्षण वातावरण तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उल्लेखनीय है कि सत्र 2026-27 में जनशिक्षा केन्द्र स्तरीय शैक्षिक संवाद का आयोजन प्रतिमाह किया जाना है। इसके माध्यम से शिक्षकों को नियमित रूप से शैक्षिक विषयों पर चर्चा, अनुभव साझा करने तथा नवीन शिक्षण विधियों पर मंथन का अवसर प्राप्त होगा।

मंडला जिले में हिन्दी दैनिक
जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों
के प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
हेमंत नायक
मो. 88273 19933



विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# पोंडी में पेट्रोल पंप के सामने भारी वाहनों का रोजाना जमावड़ा, हादसों का बढ़ा खतरा

## ट्रकों की पार्किंग को लेकर पेट्रोल पंप संचालक ने जताई चिंता, कर्मचारियों को धमकी दिए जाने का भी आरोप





जगप्रेरणा मंडला।

***जिले के उपनगर महाराजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत पोंडी स्थित जय जिनेंद्र भारत पेट्रोलियम पेट्रोल पंप के सामने सड़क किनारे लंबे समय तक खड़े रहने वाले भारी वाहनों को लेकर सड़क सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं। पेट्रोल पंप संचालक 'अनूप कुमार जैन' ने इस संबंध में शिकायत***

करते हुए बताया कि पंप परिसर और उसके आसपास अनावश्यक रूप से ट्रक खड़े कर दिए जाते हैं, जिससे आवागमन प्रभावित होने के साथ दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। शिकायत में उल्लेख किया गया है कि भारी वाहनों को हटाने के लिए ट्रक चालकों एवं मालिकों से कहने पर कथित रूप से अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाता है और जान से मारने की धमकी तक दिए जाने का आरोप लगाया गया है। संचालक के अनुसार ऐसी स्थिति के कारण पेट्रोल पंप पर कार्यरत कर्मचारियों में भय का माहौल बना रहता है।

### दृश्यता प्रभावित होने से बढ़ती है दुर्घटना की आशंका..

स्थानीय स्तर पर यह चिंता भी सामने आ रही है कि सड़क किनारे बड़े ट्रकों के खड़े रहने से सामने से आने वाले छोटे वाहन चालकों को सड़क की स्थिति स्पष्ट दिखाई नहीं देती। पेट्रोल पंप पर ईंधन लेने आने-जाने वाले वाहनों की आवाजाही के बीच भारी वाहनों की मौजूदगी दुर्घटना की संभावना को और बढ़ा सकती है। स्थानीय लोगों के अनुसार इस क्षेत्र में पहले भी सड़क हादसे हो चुके हैं। ऐसे में सड़क किनारे भारी वाहनों की पार्किंग को लेकर समय रहते प्रभावी व्यवस्था किए जाने की जरूरत है, ताकि किसी बड़े हादसे से पहले स्थिति नियंत्रित की जा सके।

### प्रशासन से कार्रवाई की मांग..

पेट्रोल पंप संचालक एवं स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन और यातायात विभाग से मामले का निरीक्षण कर सड़क किनारे भारी वाहनों के अनधिकृत अथवा लंबे समय तक खड़े रहने की स्थिति की जांच करने की मांग की है। साथ ही दुर्घटना संभावित क्षेत्र में पार्किंग व्यवस्था, यातायात नियंत्रण और सुरक्षा संबंधी आवश्यक कदम उठाने की मांग की गई है।

अब सवाल यह है कि पोंडी स्थित पेट्रोल पंप के सामने भारी वाहनों की पार्किंग को लेकर प्रशासन कब तक ठोस कदम उठाता है? यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो यह स्थिति किसी गंभीर सड़क हादसे का कारण बन सकती है।

# पीएम श्री हायर सेकेंडरी स्कूल बिलगांव में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी से छात्रों का भविष्य अधर में..

## सरपंच और पालकों ने सौंपा ज्ञापन, दी आंदोलन की चेतावनी..




जगप्रेरणा मंडला।

***जिले के मोहगांव जनपद अंतर्गत ग्राम बिलगांव स्थित पीएम श्री हायर सेकेंडरी स्कूल में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की भारी कमी के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। लंबे समय से चली आ रही इस समस्या को***

लेकर मंगलवार को छात्र-छात्राएं, पालक एवं ग्राम पंचायत बिलगांव के सरपंच लमतु सिंह धुर्वे के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीण जिला मुख्यालय पहुंचे और जिम्मेदार अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर तत्काल शिक्षकों की नियुक्ति की मांग की। ग्रामीणों और विद्यार्थियों का कहना है कि बिलगांव हाई स्कूल को शैक्षणिक सत्र 2025-26 में पीएम श्री हायर सेकेंडरी स्कूल के रूप में उन्नत किया गया था। स्कूल के उन्नयन के बाद क्षेत्र के विद्यार्थियों और अभिभावकों को बेहतर शिक्षा की उम्मीद जगी थी, लेकिन हायर सेकेंडरी स्तर पर विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की नियुक्ति नहीं होने से यह उम्मीद अधूरी रह गई है। वर्तमान स्थिति यह है कि हाई स्कूल स्तर के शिक्षक ही 11वीं और 12वीं कक्षाओं की पढ़ाई कराने को मजबूर हैं, जिससे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिल पा रही है।

### ● विद्यार्थियों का भविष्य दांव पर

ग्राम सरपंच लमतु सिंह धुर्वे ने बताया कि स्कूल में 11वीं कक्षा के विज्ञान एवं कला संकाय में लगभग 93 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, जबकि 12वीं कक्षा में 65 विद्यार्थी पढ़ाई कर रहे हैं। कुल मिलाकर 158 विद्यार्थियों का भविष्य शिक्षकों की कमी के कारण प्रभावित हो रहा है। विज्ञान विषयों के लिए विशेष रूप से विशेषज्ञ शिक्षकों की आवश्यकता है, लेकिन अब तक इन पदों पर नियुक्ति नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि स्कूल का दर्जा तो बढ़ा दिया गया, लेकिन आवश्यक संसाधन और शिक्षकों की व्यवस्था नहीं की गई। इससे विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं और बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

### ● बोर्ड परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों में चिंता

12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने 11वीं की पढ़ाई भी बिना विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के पूरी की थी। अब वे 12वीं बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं, लेकिन शिक्षकों के अभाव में उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। विद्यार्थियों का कहना है कि यदि जल्द ही विशेषज्ञ शिक्षक उपलब्ध नहीं कराए गए, तो बोर्ड परीक्षा में उनके परिणाम पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। छात्रों ने बताया कि विज्ञान और अन्य महत्वपूर्ण विषयों की पढ़ाई नियमित रूप से नहीं हो पा रही है, जिससे पाठ्यक्रम पूरा करने में भी परेशानी हो रही है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए तत्काल योग्य शिक्षकों की पदस्थापना की जाए।

### ● पहले भी उठाई जा चुकी है मांग

सरपंच लमतु सिंह धुर्वे ने बताया कि यह समस्या नई नहीं है। इससे पहले भी 19 मई और 28 जुलाई को संबंधित अधिकारियों के समक्ष शिक्षकों की कमी का मुद्दा उठाया गया था। उस दौरान अधिकारियों ने स्कूल पहुंचकर स्थिति का जायजा लेने और समस्या के समाधान का आश्वासन दिया था। लेकिन कई महीने बीत जाने के बाद भी न तो कोई अधिकारी गांव पहुंचा और न ही शिक्षकों की नियुक्ति की दिशा में कोई ठोस कदम उठाया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासनिक स्तर पर लगातार आश्वासन दिए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। इससे विद्यार्थियों और अभिभावकों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

### ● एक सप्ताह में समाधान नहीं तो आंदोलन

सरपंच ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि एक सप्ताह के भीतर विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की नियुक्ति नहीं की गई, तो ग्राम पंचायत, पालक एवं विद्यार्थी मिलकर आंदोलन शुरू करेंगे। उन्होंने कहा कि सितंबर माह में परीक्षाएं प्रस्तावित हैं और यदि तब तक शिक्षकों की व्यवस्था नहीं हुई तो विद्यार्थी परीक्षाओं का बहिष्कार करने पर भी विचार कर सकते हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पीएम श्री योजना के उद्देश्य को सार्थक बनाने और विद्यार्थियों के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए स्कूल में जल्द से जल्द विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की नियुक्ति की जाए, ताकि क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके और उनका शैक्षणिक नुकसान रोका जा सके।

# मंडला के वुशु खिलाड़ियों का भोपाल में जलवा, 7 स्वर्ण और 4 रजत पदक जीते..

## राष्ट्रीय वुशु प्रतियोगिता के लिए स्वर्ण पदक विजेताओं ने पक्का किया स्थान..



जगप्रेरणा मंडला/ भोपाल।

***विद्या भारती मध्य क्षेत्र के तत्वावधान में भोपाल में आयोजित 37वें क्षेत्रीय खेलकूद समारोह 2026-27 में सरस्वती विद्यालय मंडला के खिलाड़ियों ने वुशु प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में विद्यालय के 11 खिलाड़ियों ने***

कोच सुमित रजक के नेतृत्व में हिस्सा लिया। खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए 7 स्वर्ण और 4 रजत पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता में मंडला के खिलाड़ियों ने तकनीकी कौशल, आत्मविश्वास और अनुशासन का परिचय देते हुए प्रतिद्वंद्वियों को कड़ी चुनौती दी।

उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर स्वर्ण पदक हासिल करने वाले खिलाड़ियों ने विद्या भारती की राष्ट्रीय वुशु प्रतियोगिता में भी अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है। आयोजित प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेताओं में दीपक प्रजापति (-60 किग्रा), भास्कर धुर्वे (-65 किग्रा), यश भंगारे (-70 किग्रा), दीपशिखा नंदा (-45 किग्रा), तनु यादव (-52 किग्रा), माही ठाकुर (-48 किग्रा) और रितिका बनवला (-65 किग्रा) ने अपने-अपने वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया।

इसी प्रकार अक्षत मिश्रा (-48 किग्रा), सामर्थ विश्वकर्मा (-56 किग्रा), भुवनेश्वर कच्छवाहा (-52 किग्रा) और अनु यादव (-60 किग्रा) ने रजत पदक जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। कोच सुमित रजक ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि यह उपलब्धि खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, नियमित अभ्यास और अनुशासन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि अब राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी बेहतर प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक हासिल करने का लक्ष्य रहेगा।

**खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर सरस्वती विद्यालय की प्राचार्या, व्यवस्थापक एवं समस्त शिक्षकों ने विजेता सभी खिलाड़ियों को बधाई दी और राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सफलता के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।**

# शहडोल-नागपुर के समय मंडला -गोंदिया मेमु चलाने का प्रस्ताव..

## खाली मेमु रेक के उपयोग से मंडला - नैनपुर - बालाघाट - गोंदिया रेल कनेक्टिविटी सुधारने की पहल




जगप्रेरणा मंडला।

***आदिवासी अंचल में रेल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने और उपलब्ध रेलवे संसाधनों के उपयोग को लेकर स्वतंत्र रेल एक्टिविस्ट नितिन सोलंकी ने पहल की है। उन्होंने गोंदिया-गढ़ा मार्ग पर खाली रहने वाले मेमु रेक का उपयोग करते हुए मंडला फोर्ट से नैनपुर होते हुए गोंदिया तक***

यात्री सेवा शुरू करने का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा है। इस संबंध में पत्र क्रमांक स्ह/स्क्ष2026/34 के माध्यम से रेलवे बोर्ड के साथ जीएम बिलासपुर, डीआरएम नागपुर और वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक को प्रस्ताव भेजा गया है।

### सुबह 10 बजे चलाने का सुझाव

प्रस्ताव के अनुसार खाली स्ध्ररूरेक को मंडला फोर्ट से सुबह 10 बजे रवाना कर लगभग 11 बजे नैनपुर जंक्शन पहुंचाया जा सकता है। मेमु रेक में दोनों ओर ड्राइविंग कैब होने के कारण नैनपुर में इंजन बदलने या शंटिंग की आवश्यकता नहीं होगी। इससे ट्रेन को बिना अतिरिक्त समय गंवाए आगे रवाना किया जा सकेगा।

### शहडोल-नागपुर ट्रेन से मिलेगा कनेक्शन

प्रस्ताव में शहडोल-नागपुर ट्रेन के समय का विशेष ध्यान रखा गया है। मंडला से सुबह 10 बजे रवाना होने वाली ट्रेन के 11 बजे नैनपुर पहुंचने पर यात्रियों को सुबह 11:20 बजे आने वाली शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस से कनेक्शन मिल सकेगा। वहीं, शहडोल और जबलपुर की ओर से आने वाले यात्री शहडोल-नागपुर ट्रेन से नैनपुर पहुंचने के बाद बालाघाट और गोंदिया की ओर जाने वाली स्ध्ररूसेवा का लाभ उठा सकेंगे। इससे नैनपुर जंक्शन पर दोनों दिशाओं के यात्रियों को कनेक्टिविटी मिल सकती है।

### बसों के बढ़ते किराए से मिलेगी राहत

प्रस्ताव में कहा गया है कि मंडला, नैनपुर, बालाघाट और गोंदिया क्षेत्र में निजी बसों के बढ़ते किराए से आम यात्रियों, छात्रों और मरीजों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। ऐसे में रेलवे के उपलब्ध स्ध्ररूरेक का उपयोग कर कम किराए में सुरक्षित और सुगम परिवहन उपलब्ध कराया जा सकता है। प्रस्तावक का कहना है कि उपलब्ध रेक के बेहतर उपयोग से रेलवे को अतिरिक्त यात्री राजस्व भी प्राप्त हो सकता है और क्षेत्र के लोगों को सस्ती रेल सेवा का विकल्प मिलेगा। स्थानीय नागरिक विनोद ने कहा कि बसों का किराया बढ़ने से आम यात्रियों की परेशानी बढ़ी है। सुबह मेमु सेवा शुरू होने पर नैनपुर से नागपुर और गोंदिया की ओर सस्ती रेल सुविधा मिल सकेगी। रेल यात्री अमरीश ने कहा कि शहडोल-नागपुर ट्रेन से नैनपुर पहुंचने के बाद बालाघाट-गोंदिया जाने के लिए तत्काल ट्रेन कनेक्शन नहीं मिलता। ऐसे में मेमु सेवा को शहडोल-नागपुर ट्रेन के समय से जोड़ना यात्रियों के लिए काफी उपयोगी साबित हो सकता है।

# बबलिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बदहाल, बारिश में टपक रही छत..

## जर्जर भवन के कारण मरीज और स्वास्थ्यकर्मी परेशान, प्रसूताओं को नारायणगंज किया जा रहा रेफर..





जगप्रेरणा मंडला।

***विकासखंड नारायणगंज के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बबलिया की बदहाल स्थिति ने ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बारिश के मौसम में अस्पताल भवन की छत***

जगह-जगह से टपक रही है। कमरों में पानी भरने से मरीजों के साथ-साथ स्वास्थ्यकर्मियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि भवन की हालत इतनी जर्जर हो चुकी है कि बारिश के दौरान अस्पताल के कई हिस्सों में पानी टपकता रहता है। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर और रात में रुकने वाली नर्सों के लिए भी सुरक्षित स्थान का अभाव है। ऐसी स्थिति में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होने की बात सामने आ रही है।

### 50 गांवों की आबादी स्वास्थ्य केंद्र पर निर्भर

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बबलिया से आसपास के करीब 50 गांवों के ग्रामीण स्वास्थ्य सुविधाएं लेते हैं। यहां हर महीने औसतन 30 से 40 प्रसव होने की जानकारी है। लेकिन बारिश के दौरान अस्पताल भवन की स्थिति खराब होने से गर्भवती महिलाओं को प्रसव के लिए नारायणगंज रेफर करना पड़ रहा है। इससे ग्रामीण महिलाओं और उनके परिजनों को अतिरिक्त परेशानी उठानी पड़ रही है।

### नए भवन की उठी मांग

ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से स्वास्थ्य केंद्र के भवन की स्थिति खराब है। बारिश के दौरान समस्या और गंभीर हो जाती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से अस्पताल के लिए नए भवन का निर्माण कराने तथा तब तक जर्जर भवन की आवश्यक मरम्मत कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि बबलिया जैसे क्षेत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ग्रामीणों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। ऐसे में भवन की बदहाली के कारण स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होना चिंता का विषय है। लोगों ने संबंधित विभाग से जल्द निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

# संभागस्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में मंडला की अंडर-17 बालक टीम बनी चैंपियन, बालिका टीम उप विजेता..



**जगप्रेरणा मंडला।** सिवनी में 21 से 22 अगस्त तक आयोजित 70वीं संभाग स्तरीय शालेय क्रीड़ा हैंडबॉल प्रतियोगिता में मंडला जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता के अंडर-17 बालक वर्ग में मंडला की टीम ने खिताब अपने नाम किया, जबकि बालिका टीम उपविजेता रही। अंडर-17 बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में मंडला की टीम ने नरसिंहपुर को हराकर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं बालिका वर्ग के फाइनल में मंडला का मुकाबला जबलपुर से हुआ। कड़े संघर्ष के बीच मंडला की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार अंडर-14 बालक एवं बालिका वर्ग में भी मंडला के खिलाड़ियों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने प्रतियोगिता में मौजूद दर्शकों और निर्णायकों को प्रभावित किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि के पीछे उनके नियमित अभ्यास और हैंडबॉल कोच सोना दुबे का मार्गदर्शन महत्वपूर्ण रहा। खिलाड़ी पिछले कई वर्षों से उनके नेतृत्व में प्रशिक्षण प्राप्त कर अपनी खेल प्रतिभा को निखार रहे हैं। जिले की इस उपलब्धि पर जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी शिव कुमार वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी मुन्नी बरकड़े और क्रीड़ा प्रभारी कंधीलाल मरकाम ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए बधाई दी। इसके अलावा निर्मला स्कूल की प्राचार्या सिस्टर क्लारा कुजूर, ज्ञानदीप के सचिव डॉ. संजय तिवारी, प्राचार्या डॉ. स्वल्पा बडगैया, मो. रफीक खान, पीटीआई ब्रजमी बैरागी, सोनम कछवाहा, प्रखर पटेल, अनमोल साहू, दीपांशु हरदहा, डॉ. आकाश खत्री, पंकज और मोहन सहित विभिन्न स्कूलों के पीटीआई एवं स्टाफने खिलाड़ियों और कोच को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# बनगांव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्थानांतरण नहीं होगा, सुविधाओं में होगी बढ़ोतरी : विधायक संजय पुराम..

### स्वास्थ्य केंद्र बचाने के लिए नागरिकों का सर्वदलीय संघर्ष; जिला परिषद प्रशासन की भूमिका पर उठे सवाल..

जगप्रेरणा गणेश भदाडे आमगांव।

*आमगांव शहर सहित बनगांव, रिसामा, पदमपुर, बिरसी, माल्ही, कुंभारटोली और किडंगीपार क्षेत्र के नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण बनगांव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को अन्यत्र स्थानांतरित किए जाने की खबर से क्षेत्र में तीव्र नाराजगी फैल गई है।*

स्वास्थ्य केंद्र को स्थानांतरित करने के बजाय उसी स्थान पर आवश्यक सुविधाओं का विस्तार करने की मांग को लेकर सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता लामबंद हो गए हैं।

बनगांव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लंबे समय से क्षेत्र के नागरिकों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रहा है। यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं। सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण महाराष्ट्र के साथ छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के सीमावर्ती नागरिक भी इस स्वास्थ्य केंद्र का लाभ लेते हैं। ऐसे में स्वास्थ्य केंद्र को स्थानांतरित करने की किसी भी कार्रवाई से ग्रामीण एवं सीमावर्ती नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ेगी, ऐसी आशंका नागरिकों ने व्यक्त की है।

### प्रसूति सेवा बंद, फिर भी स्थानांतरण की चर्चा से नाराजगी..

स्वास्थ्य केंद्र की प्रसूति विभाग की इमारत जर्जर होने के कारण प्रसूति सेवा बंद होने की स्थिति पहले ही उत्पन्न हो चुकी है। नागरिकों का कहना है कि केंद्र की जर्जर इमारत एवं मूलभूत सुविधाओं की कमी को दूर करने के बजाय यदि स्वास्थ्य केंद्र को ही स्थानांतरित करने का प्रयास किया गया तो इसका सीधा असर गरीब और ग्रामीण मरीजों पर पड़ेगा।

नागरिकों ने मांग की है कि स्वास्थ्य केंद्र की इमारत का नवीनीकरण किया जाए, आवश्यक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराए जाएं, पर्याप्त चिकित्सक एवं कर्मचारी नियुक्त किए जाएं तथा बंद प्रसूति सेवा को तत्काल शुरू किया जाए।







### स्वास्थ्य केंद्र की जगह उद्योग भवन का प्रस्ताव?

बनगांव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को अन्यत्र स्थानांतरित कर वर्तमान स्थान पर उद्योग भवन बनाने की चर्चा से भी नागरिकों में असंतोष है। नागरिकों का कहना है कि उद्योग भवन के लिए वैकल्पिक स्थान उपलब्ध कराया जा सकता है, लेकिन शहर के मध्य एवं नागरिकों की पहुंच में स्थित स्वास्थ्य केंद्र को हटाना उचित नहीं है।

स्वास्थ्य सेवा के लिए उपलब्ध भूमि को अन्य उपयोग में लेने के बजाय इसी स्थान पर आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं विकसित की जाएं, ऐसी मांग नागरिकों द्वारा की जा रही है।

### विधायक संजय पुराम ने स्वास्थ्य अधिकारी को दिए निर्देश..

इस मामले में क्षेत्र के विधायक संजय पुराम को नागरिकों ने जानकारी देकर अपना विरोध दर्ज कराया। नागरिकों ने उन्हें बताया कि बनगांव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के स्थानांतरण की खबर से क्षेत्र में तीव्र नाराजगी है और स्वास्थ्य सुविधाओं को कम करने के बजाय उनका विस्तार किया जाना चाहिए।

नागरिकों की मांग पर विधायक संजय पुराम ने जिला स्वास्थ्य अधिकारी से चर्चा कर बनगांव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का स्थानांतरण नहीं करने तथा केंद्र में आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार करने के निर्देश दिए। विधायक के इस आश्वासन के बाद नागरिकों ने राहत व्यक्त की है।

### नगर परिषद विखंडन के बाद स्वास्थ्य व्यवस्था मजबूत करने की मांग..

आमगांव नगर परिषद के विखंडन के बाद बनगांव सहित आसपास के गांवों के नागरिकों के लिए स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं का महत्व और बढ़ गया है। नागरिकों का कहना है कि प्रशासनिक पुनर्रचना के दौरान स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार किया जाना चाहिए, न कि उपलब्ध स्वास्थ्य केंद्र को कमजोर अथवा स्थानांतरित किया जाना चाहिए।

बनगांव, रिसामा, पदमपुर, बिरसी, माल्ही, कुंभारटोली और किडंगीपार क्षेत्र की बड़ी आबादी के लिए यह स्वास्थ्य केंद्र भविष्य में और अधिक महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। इसलिए केंद्र को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने की मांग जोर पकड़ रही है।

### आज सर्वदलीय बैठक, आंदोलन की रणनीति पर होगा फैसला..

बनगांव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का स्थानांतरण रोकने और उसे आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने की मांग को लेकर नागरिकों द्वारा आज सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई है। बैठक में जिला परिषद प्रशासन की भूमिका के खिलाफ आगे की रणनीति तय किए जाने की जानकारी नागरिकों ने दी।

स्वास्थ्य केंद्र के संरक्षण के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और नागरिकों को एकजुट करने की तैयारी की जा रही है। आवश्यकता पड़ने पर आंदोलन को व्यापक स्वरूप देने की चेतावनी भी नागरिकों ने दी है।

### 'स्वास्थ्य केंद्र बंद नहीं, आधुनिक होना चाहिए'

नागरिकों का स्पष्ट कहना है कि बनगांव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को बंद अथवा स्थानांतरित करने के बजाय उसे आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाना चाहिए। केंद्र में चिकित्सक, कर्मचारी, दवाइयां, आवश्यक उपकरण, प्रसूति सुविधा तथा अन्य मूलभूत स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराकर इसे क्षेत्र का आदर्श प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाया जाए। अब विधायक संजय पुराम द्वारा दिए गए आश्वासन के बाद जिला परिषद एवं स्वास्थ्य विभाग इस दिशा में क्या ठोस कदम उठाता है, इस पर क्षेत्र के नागरिकों की नजर है।

# ओबीसी के पृथक कॉलम के लिए देवरी में एस.डी.ओ. के माध्यम से राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को ज्ञापन




जगप्रेरणा देवरीं।

*आगामी 2027 की जनगणना में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए पृथक कॉलम (रकाना) शामिल करने की प्रमुख*

मांग को लेकर देवरी तालुका ओबीसी समाज संगठन की ओर से राष्ट्रपति तथा प्रधानमंत्री के नाम उपविभागीय अधिकारी (राजस्व) देवरी के माध्यम से सोमवार 24 तारीख को ज्ञापन सौंपा गया। गृह मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार 2027 की जनगणना के प्रपत्र में अनुसूचित जाति **(SC)** और अनुसूचित जनजाति **(ST)** वर्ग के लिए पृथक पंजीकरण का प्रावधान किया गया है। हालांकि, इसमें ओबीसी वर्ग के लिए पृथक कॉलम नहीं दिया गया है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि इसके कारण देश में ओबीसी समाज के सटीक आंकड़े और उनकी सामाजिक व आर्थिक स्थिति का सही आकलन करना कठिन हो जाएगा। ओबीसी समाज को शिक्षा, आरक्षण, छात्रवृत्ति, कृषि संबंधी विभिन्न योजनाओं के लाभ, वित्तीय प्रावधानों और स्थानीय निकायों में प्रतिनिधित्व जैसे सभी क्षेत्रों में जनसंख्या के अनुपात में न्यायसंगत अवसर मिलने के लिए आधिकारिक और सटीक जनगणना होना अत्यंत आवश्यक है।

### मांग पूरी न होने पर बहिष्कार की चेतावनी..

ज्ञापन के माध्यम से संगठन ने स्पष्ट किया है कि यदि 2027 की जनगणना में ओबीसी के लिए पृथक कॉलम शामिल नहीं किया गया, तो पूरा ओबीसी समाज जनगणना प्रक्रिया में सहयोग नहीं करेगा और इस प्रक्रिया का बहिष्कार करेगा। संगठन के पदाधिकारियों ने मांग की है कि केंद्र सरकार इस संवेदनशील और महत्वपूर्ण मांग पर गंभीरता से संज्ञान ले तथा जनगणना शुरू होने से पहले आवश्यक प्रशासनिक कार्रवाई करे।

# सालेकसा तालुका में 26 वर्षीय युवक की फांसी लगाने से मौत

**जगप्रेरणा सालेकसा।**

सालेकसा तालुका के जोशिटोला में 26 वर्षीय युवक की फांसी लगाने से मौत होने की घटना सामने आई है। मृतक की पहचान डेविड शालिकराम ठाकरे (26), निवासी जोशिटोला, पोस्ट तिरखेडी, तहसील सालेकसा के रूप में हुई है।

पुलिस में दर्ज जानकारी के अनुसार, यह घटना 22 अगस्त 2026 की रात 10 बजे से 23 अगस्त 2026 की सुबह 8 बजे के बीच हुई। मृतक के पिता शालिकराम गंगाराम ठाकरे (49) की शिकायत के अनुसार, रात में भोजन करने के बाद परिवार के सभी सदस्य सो गए थे।

अगली सुबह शिकायतकर्ता चाय पीने के लिए उठे, तब उन्हें डेविड घर में दिखाई नहीं दिया। उसके कमरे के दरवाजे पर अंदर से कुंडी लगी हुई थी। दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश करने पर डेविड सिलिंग फैन से गमछे के सहारे फांसी लगाए हुए अवस्था में मिला।

घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। इसके बाद सालेकसा पुलिस थाने के कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचे और पंचनामा किया। मृतक को सालेकसा ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

इस मामले में शिकायतकर्ता की मौखिक रिपोर्ट के आधार पर सालेकसा पुलिस थाने में आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा आगे की जांच जारी है। प्रभारी अधिकारी सपोनि. मावस्कर के मार्गदर्शन में पुलिस हवलदार बिसेन मामले की जांच कर रहे हैं।

# देवरी में उत्थान मंदबुद्धि विद्यालय को वॉशिंग मशीन की गई भेंट..

### सुफलाम इंडस्ट्रीज के कमर्शियल मैनेजर पराग नागपूरकर की पहल..



**जगप्रेरणा देवरी।**

समाज के जरूरतमंद वर्गों के चेहरे पर खुशी लाना ही संवेदनशीलता की सच्ची पहचान है। इसी सोच का परिचय देते हुए सुफलाम इंडस्ट्रीज के कमर्शियल मैनेजर पराग नागपुरकर ने 25 अगस्त को स्थानीय उत्थान मंदबुद्धि विद्यालय के विद्यार्थियों को वॉशिंग मशीन भेंट कर उनके चेहरों पर एक खास मुस्कान ला दी।

सुफलाम इंडस्ट्रीज देवरी में कमर्शियल मैनेजर के पद पर कार्यरत पराग नागपुरकर की पहल से स्कूल को अत्यंत आवश्यक वस्तुएं—वॉशिंग मशीन और कुर्सियां—उपहार में दी गईं। उत्थान मंदबुद्धि विद्यालय के विद्यार्थियों की दैनिक स्वच्छता और जरूरतों के लिए कपड़े धोने की वॉशिंग मशीन तथा बैठने के लिए कुर्सियों की सख्त आवश्यकता थी। इस बात को ध्यान में रखते हुए पराग नागपुरकर ने सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए स्कूल को यह सामग्री भेंट की। इन उपहारों से स्कूल के दैनिक कार्यों में बड़ी राहत मिलेगी। इस अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में सुफलाम कंपनी के बॉटलिंग मैनेजर नरेंद्र केदार, विकास तिवारी, समाजसेवी विलास शिंदे, विद्यालय की संचालिका संगीता अग्रवाल और प्राचार्या धनश्री तीवलकर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

उपहार प्राप्त करते समय बच्चों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ अपनी खुशी जाहिर की। इन बच्चों के चेहरों पर खुशी देखकर वहां मौजूद लोगों की आंखें भी नम हो गईं। सामाजिक दायित्व निभाते हुए पराग नागपुरकर द्वारा की गई इस मदद के लिए स्कूल प्रशासन की ओर से प्राचार्या धनश्री तीवलकर ने उनका हृदय से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर यह भावना व्यक्त की गई कि ऐसे सामाजिक कार्यों से जरूरतमंद विद्यार्थियों को बड़ा संबल मिलता है। कार्यक्रम में स्कूल के सभी कर्मचारी, शिक्षक और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।




# क्या जनगणना 2026 का मानदेय रक्षाबंधन से पहले होगा भुगतान?

### शिक्षकों व कर्मचारियों में नाराजगी; काम पूरा करने के बावजूद मानदेय के लिए प्रतीक्षा..

जगप्रेरणा आमगांव।

*जिले में पहले टप्पे जनगणना घर गणती 2026 का काम एप्रिल मई माह मे कडी धुप मे शिक्षक एवं कर्मचारियों ने पुर्ण किया इस कार्य में शामिल हुए शिक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों ने शासन के निर्देशानुसार*

अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा और सावधानी से निभाई। हालांकि, जनगणना का कार्य पूरा होने के बावजूद संबंधित कर्मचारियों को अब तक मानदेय नहीं मिला है, जिससे उनमें नाराजगी का माहौल है। जनगणना कार्य के दौरान कुछ स्थानों पर तकनीकी तथा जानकारी संबंधी समस्याएं सामने आई थीं। संबंधित कर्मचारियों द्वारा आवश्यक स्पष्टीकरण एवं दस्तावेज संबंधित कार्यालय में प्रस्तुत किए जाने के बावजूद कई कर्मचारियों का मानदेय अभी भी लंबित बताया जा रहा है।

रक्षाबंधन का पर्व नजदीक है। ऐसे में शिक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों द्वारा किए गए जनगणना कार्य का मानदेय रक्षाबंधन से पहले ही अदा किया जाए, ऐसी जोरदार मांग की जा रही है।

जिला प्रशासन से मांग की गई है कि जनगणना कार्य में सहभागी रहे सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों का लंबित मानदेय बिना किसी और विलंब के तत्काल अदा किया जाए। साथ ही संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश देकर मानदेय वितरण की प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जाए, ऐसी मांग कर्मचारियों की ओर से की गई है।

# गोंदिया में 29 अगस्त को निकलेगी भव्य 'भुजली विसर्जन' शोभायात्रा..

### लोधी समाज की समृद्ध परंपरा को समर्पित आयोजन; महिलाओं की पारंपरिक वेशभूषा और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रहेंगी आकर्षण का केंद्र..

जगप्रेरणा आमगांव।

*लोधी समाज की गौरवशाली एवं समृद्ध भुजली परंपरा के निर्वहन के उद्देश्य से गोंदिया शहर में आगामी शनिवार, 29 अगस्त 2026 को भव्य भुजली विसर्जन शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा।*

इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन में समाज के नागरिकों से सहपरिवार शामिल होने का आह्वान किया गया है। शोभायात्रा का शुभारंभ शाम 4 बजे अमर शहीद रानी अवंतिबाई चौक, रिंग रोड, गोंदिया से होगा। आयोजन में ढोल-ताशों की गूंज, आकर्षक झांकियां, पारंपरिक वेशभूषा में महिलाओं की सहभागिता, मां भुजली की भव्य यात्रा तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रमुख आकर्षण रहेंगी। इसके साथ ही आरती एवं विसर्जन पूजन का भी आयोजन किया जाएगा।

### नवविवाहित दंपतियों को विशेष आमंत्रण..

आयोजकों ने विशेष रूप से नवविवाहित वर-वधू परिवारों को इस पारंपरिक आयोजन में सहभागी होने का निमंत्रण दिया है। समाज की नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ने के उद्देश्य से यह आयोजन महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### महिलाओं की विशेष भूमिका..

शोभायात्रा में पारंपरिक परिधान में बड़ी संख्या में महिलाओं की सहभागिता रहेगी। मां भुजली की भव्य यात्रा, पारंपरिक नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से समाज की सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिलेगी। इस आयोजन का आयोजन लोधी नारी शक्ति समिति (मिलन समारोह समिति, गोंदिया) के सहयोग से किया जा रहा है, जबकि गोंदिया लोधी समाज जिला समिति की ओर से इसे समर्थन एवं सहभागिता का आह्वान किया गया है।

### समाज बंधुओं से सहपरिवार सहभागिता की अपील..

आयोजकों ने लोधी समाज के सभी परिवारों से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर मां भुजली का आशीर्वाद प्राप्त करें और इस पावन सांस्कृतिक परंपरा का हिस्सा बनें।

## गोंदिया पुलिस डायरी..

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो. 9922607145

### प्लॉट के नकली कागज बनाकर की धोखाधडी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के रामनगर पुलिस थाना अंतर्गत धोखाधडी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 6/3/2023 से 24/8/2026 के दरम्यान आरोपी नावेद मोईन खान उम्र 35 वर्ष निवासी कृष्णपुरा वार्ड ने गट नंबर 452/3 एरिया 30/50 त. सा. क्र.41 थाका नंबर 74 प्लाट के नकली कागजात बनाकर उस प्लाट का सौदा फर्यादी से 6 लाख 76 हजार 500 सौ रुपये मे किया उसके पेठे बयाना 3 लाख 41 हजार रुपये ले लिये और आज तक उसकी रजिस्ट्री नही कर देने से फर्यादी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफपोस्टे रामनगर मे अपराध क्रमांक 482/2026 धारा 318,4,335,336,3,340,2, भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोऊपनी राठोड पोस्टे रामनगर कर रहे है।

### पलसे के झाड को रस्सी बांधकर लगाई फांसी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के रावणवाडी पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 23/8/2026 के रात गोंडीटोला मे सचिन राजकुमार कुंजाम उम्र 19 वर्ष निवासी गोंडीटोला ने पलसे के झाड को रस्सी बांधकर फांसी लगाई है, फर्यादी के दिये बयान पर पोस्टे रावणवाडी मे अकस्मात मौत क्रमांक 28/2026 धारा 194, भान्यासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जॉच पोहवा मरसकोल्हे 120 पोस्टे रावणवाडी कर रहे है।

### अंधेरे मे खड़ा ट्रक नही दिखने से टक्कर मारकर गई जान मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के नवेगावबांध पुलिस थाना अंतर्गत वाहन अपघात का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 23/8/2026 के शाम 7 बजे के दरम्यान ग्राम पांढरवानी मे ट्रक का टायर फुटा उसने अपना ट्रक साईड मे नही किया और पार्किंग लाईट भी चालू नही किया और वहा से चला गया। उसी समय अमित विष्णु लांजेवार उम्र 20 वर्ष निवासी खड़की को अंधेरे के कारण ट्रक नही दिखा और उसकी टक्कर हो गई, गंभीर जख्मी होने से उसकी मौत हो गई। फर्यादी के दिये बयान पर ट्रक चालक के खिलाफपोस्टे नवेगावबांध मे अपराध क्रमांक 218/2026 धारा 106,1,285,125, बी, भान्यास 2023 सहकलम 122,177, मोवाका के तहत अपराध दर्ज कर जॉच सपोनी अजित पाटील पोस्टे नवेगावबांध कर रहे है।

अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाऐं..
टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET)
इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI)
(IUI) आय.यू.आय.
अधिक उम्र में मातृत्व
ओव्हम डोनेशन द्वारा
बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
पुरुष बंधत्व निदान व उपचार
शुक्राणु बैंक सुविधा
सोनोग्राफी
हार्मोंस की जांच
हार्मोंस की गड़बड़ी की ईलाज
दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस
अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस
प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754



महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

### गुदमा प्रतापबाग नई बाईपास रेल लाईन के लिये

# भूमिअधिग्रहण का आदेश निरस्त करें या किसानों को आज का बाजार मूल्य प्रदान करें..

**बड़ी संख्या में किसानों ने रेल विभाग के नाम सौपा ज्ञापन, दी उग्र आंदोलन की चेतावनी..**

**सांसद राजेन्द्र जैन एवं विधायक विनोद अग्रवाल से भी किया निवेदन..**







जगप्रेरणा गोंदिया।

*रेल विभाग द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत गोंदिया जिले के गुदमा से प्रतापबाग नया बाईपास रेल मार्ग बनाया जा रहा है, जिससे कि हावड़ा की ओर से आने वाली मालगाड़ियां जबलपुर की ओर प्रस्थान करेगी। मालगाड़ियों के लिये प्रस्तावित इस रेल मार्ग के निर्माण के लिये जो भूमि अधिग्रहण*

किया जा रहा है, उसमें रेल विभाग द्वारा भूमि मालिकों को करोड़ों की भूमि का कौड़ियों की तरह भुगतान किया जाना है, जिसके चलते इस नए रेल मार्ग की हद में आने वाले सभी भूमिमालिकों में आक्रोश व्याप्त हो गया है। किसानों ने दिनांक 23 अगस्त को ग्राम कटंगीकला पंचायत में स्थानीय नेता अखिलेश सेठ की उपस्थिति में एक भव्य बैठक आयोजित कर इस भूमिअधिग्रहण का विरोध किया, तो वहीं पूरानी दरों को स्वीकार नहीं करने एवं इस भूमिअधिग्रहण के खिलाफ लड़ाई लड़ने का संकल्प लेते हुए दिनांक 24 अगस्त को एसडीओ गोंदिया एवं तहसीलदार गोंदिया के माध्यम से रेल विभाग को ज्ञापन सौंपा, तो वहीं क्षेत्र के सांसद राजेन्द्र जैन एवं विधायक विनोद अग्रवाल से भी संपर्क कर ज्ञापन सौंपते हुए आंदोलन की चेतावनी दी।

गौरतलब है कि आंदोलनकारी किसानों ने बताया कि गुदमा प्रतापबाग नए रेल मार्ग के लिये जो भूमिअधिग्रहण किया जा रहा है, उसमें 12 गांवों के लगभग 150 से अधिक किसानों ओर व्यापारियों की लगभग 112 से 120 एकड़ के बीच की भूमि अधिग्रहित की जानी है, तथा बड़ी संख्या में किसान अब इस अधिग्रहण के खिलाफ लड़ाई लड़ने तैयार हैं।

#### बोले अखिलेश सेठ..

अधिग्रहण से नाराज भूमिमालिकों के आक्रोश को समझते हुए आंदोलन का नेतृत्व कर रहे स्थानीय नेता अखिलेश सेठ ने जगप्रेरणा को बताया कि रेल विभाग द्वारा नए बाईपास रेल मार्ग के लिये 5 वर्ष पूर्व सर्वे कराया गया था, जिसमें पूरानी शासकीय दरों के अनुरुप भूमि अधिग्रहण की दरें निर्धारित कर दी गई है। इस भूमि अधिग्रहण से कुछ माह पूर्व ही अनेक किसानों और व्यापारीयों ने अधिग्रहण की जद में आने वाली भूमि का क्रय और विक्रय भी किया है, तथा जिस मूल्य में जमीनें खरीदी बिक्री की गई है, उससे 10 गुना कम राशि का भुगतान रेल विभाग द्वारा किया जा रहा है, जो स्वाभाविक रुप से किसी भी भुमि मालिक को स्वीकार नहीं हो सकता। अखिलेश सेठ ने बताया कि हमने प्रशासनिक अधिकारियों एवं क्षेत्रीय नेताओं माननीय सांसद राजेन्द्र जी जैन एवं विधायक विनोद जी अग्रवाल से मिलकर ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि या तो उक्त भूमि अधिग्रहण को निरस्त कराया जाए या फिर हमारी भूमि का आज का बाजार मूल्य हमें दिया जाए, अन्यथा सभी भूमिमालिक उग्र आंदोलन के लिये मजबूर होंगे, तथा किसी भी स्थिति में रेल विभाग को मनमानीपूर्वक यह अधिग्रहण करने नहीं दिया जाएगा।

#### 31 को किया जायेगा बालाघाट रोड पर चकाजाम आंदोलन..

भुमि मालिकों का नेतृत्व करते हुए अखिलेश सेठ ने आगे कहा कि किसानों की ओर से हमारी स्पष्ट चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, वे अपनी जमीन देने के लिए तैयार नहीं हैं। किसानों का कहना है कि जमीन अधिग्रहण के कारण उनका रोजगार और भविष्य प्रभावित होगा, इसलिए उन्हें उचित मुआवजा और पुनर्वास संबंधी लाभ मिलना आवश्यक है। हमने प्रशासन को 30 अगस्त तक उनकी मांगें पूरी नहीं किये जाने पर 31 अगस्त को गोंदिया-बालाघाट मार्ग पर रास्ता रोको आंदोलन करने की सूचना दे दी है, तथा इस आंदोलन के दौरान यदि किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटित होती है तो उसके लिये प्रशासन एवं रेल विभाग जिम्मेदार होगा।

# आमद-ए-मुस्तफा पर सजीं गली-गली, आज 26 अगस्त को निकलेगा जुलूस-ए-मुहम्मदी




जगप्रेरणा गोंदिया।

*जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी के मुबारक अवसर पर गोंदिया शहर में 26 अगस्त को जश्न-ए-विलादत पूरे अकीदत, शान और शौकत के साथ मनाया जाएगा। इस्लाम के पैरोकारों के लिए रहमतुल्लिल आलमीन, आखिरी नबी*

हजरत मुहम्मद मुस्तफा (स.अ.व.) की पैदाइश का यह मुबारक दिन बेहद अहम है। इस अवसर पर भारत सहित दुनियाभर में जश्न-ए-विलादत मनाया जाता है। हजरत मुहम्मद (स.अ.व.) की आमद की खुशी में गोंदिया शहर की विभिन्न मस्जिदों, गलियों और चौराहों को सब्ज पताकाओं, रोशनियों और सजावट से सजाया गया है। शहर में जगह-जगह नातिया महफिल, मिलाद शरीफ और तकरीरी कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें मशहूर नातख्वानों एवं उलमा-ए-किराम द्वारा नात-ए-पाक और सीरत-ए-मुस्तफा के विभिन्न पहलुओं पर रोशनी डाली जा रही है।

#### ईदगाह मैदान से शुरू होगा जुलूस-ए-मुहम्मदी

इस्लामी हिजरी कैलेंडर के अनुसार 12 रबीउल अव्वल के अवसर पर 26 अगस्त को सुबह 9:30 बजे ईदगाह मैदान से जुलूस-ए-मुहम्मदी निकाला जाएगा। जुलूस की शुरुआत परचमकुशाई के साथ होगी। इस अवसर पर शहर की विभिन्न मस्जिदों के इमाम, उलमा-ए-किराम, धार्मिक एवं सामाजिक प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल होंगे। मरकजी सीरतुन्नबी कमेटी के सदर इरशाद (ईशान) शेख की सदारत में जुलूस शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए आम लोगों तक पैगंबर-ए-इस्लाम की सीरत, अमन, भाईचारे, इंसानियत और मोहब्बत का पैगाम पहुंचाएगा।

#### जगह-जगह होगा जुलूस का इस्तकबाल

जुलूस-ए-मुहम्मदी के इस्तकबाल के लिए शहर के विभिन्न हिस्सों में सामाजिक एवं धार्मिक कमेटियों की ओर से विशेष इंतजाम किए गए हैं। अकीदतमंदों के लिए मिठाई, नाश्ता, फल और शरबत की सबील सहित विभिन्न सेवाओं की व्यवस्था की गई है। जुलूस में शामिल लोगों का जगह-जगह गर्मजोशी से इस्तकबाल किया जाएगा।

#### सुभाष स्कूल ग्राउंड में होगा समापन, आम लंगर का आयोजन

जुलूस-ए-मुहम्मदी का समापन सुभाष स्कूल ग्राउंड में होगा। समापन के बाद अकीदतमंदों के लिए आम लंगर का भी आयोजन किया गया है। आयोजकों ने जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी के इस मुबारक अवसर को पूरी अकीदत, अनुशासन और आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की है। जुलूस के माध्यम से अमन, मोहब्बत, इंसानियत और भाईचारे का पैगाम आम करने का आह्वान किया गया है।

# गोंदिया डिस्ट्रिक्ट चेस चैंपियनशिप में जीती मयूर अग्रवाल, भव्य अग्रवाल और तनिष्क गोहेल ने बाजी..



जगप्रेरणा गोंदिया।

*गोंदिया डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन द्वारा आयोजित गोंदिया डिस्ट्रिक्ट चेस चैंपियनशिप की तीन वर्गों में प्रतियोगिता भवभूति रंगमंदिर में आयोजित की गई। प्रतियोगिता के ओपन शतरंज वर्ग में मयूर गुप्ता ने सर्वाधिक अंक अर्जित कर प्रथम*

स्थान हासिल किया। उन्हें 2500 रुपये नकद पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। द्वितीय स्थान पर देवांश पाउलझगड़े ने 1500 रुपये एवं ट्रॉफी, तृतीय स्थान पर नलिन श्रीवास्तव ने 1000 रुपये, चतुर्थ स्थान पर प्रभाकर पलांदुरकर ने 700 रुपये तथा राहुल कुर्कु ने पंचम और डॉ. अनुराग राठी ने छठा स्थान प्राप्त किया। हाईस्कूल शतरंज चैंपियनशिप में भव्य अग्रवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 1500 रुपये नकद पुरस्कार एवं ट्रॉफी जीती।

द्वितीय स्थान पर अनोश बाबनेट ने 1000 रुपये एवं ट्रॉफी, तृतीय स्थान पर सार्थक करमाकर ने 700 रुपये, व्यास बिसेन ने 600 रुपये तथा श्रीजीत पाटील ने पांचवां स्थान प्राप्त किया। प्राइमरी वर्ग में तनिष्क गोहेल ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 1000 रुपये एवं ट्रॉफी अपने नाम की। द्वितीय स्थान पर तनिश चुट्टानी ने 700 रुपये एवं ट्रॉफी, तृतीय स्थान पर आरुषी उके ने 600 रुपये तथा चतुर्थ स्थान पर विहान लांजे ने 500 रुपये का पुरस्कार प्राप्त किया। पांचवें स्थान पर सानिध्य महादुले रहे। प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह में श्रीमती सविता विनोद अग्रवाल के हाथों खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर रवि आर्य, डॉ. नितीन कोतवाल, श्रीमती प्रिया अग्रवाल, श्रीमती दीपिका चुट्टानी तथा राजेश मिश्रा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। श्रीमती सविता अग्रवाल ने खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन मुकेश बारई, सचिव, ने किया, जबकि आभार नियाज शेख ने व्यक्त किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी 200 खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। प्रतियोगिता के ऑर्बिटर श्याम अग्रवाल, नागपुर, संजय टेंभरे, वर्धा, शुभम सोनी, राजनांदगांव, डी.बी. चौरे, चिराग हस्तीमारे, आदित्य गणवीर, आयुष चौरे आदि रहे। इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए गोंदिया डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं आयोजकों ने विशेष प्रयास किए।

# जबरन आईसीयू में घुसने की कोशिश कर बसंत ठाकुर ने की डॉक्टर के साथ अभद्रता.. मामला दर्ज..



जगप्रेरणा एआई फोटो

जगप्रेरणा गोंदिया।

*किसी भी हॉस्पिटल जैसे संवेदनशील स्थान पर जहां मरीजों की देखरेख के लिये विशेष सुरक्षा प्रबंध किये जाते हैं, तथा उपचारग्रस्त मरीज जब आईसीयू में भर्ती होता है, तो माना जाता है कि मरीज की स्थिति गंभीर है, इसलिये उसे*

अति विशेष दक्षता कक्ष में रखा गया है, जहां ना सिर्फ उसकी बाहरी सुरक्षा की जा सके, बल्कि उसे संक्रमण जैसी स्थिति से भी बचाया जा सके, और इस स्थिति में विशेष अवसर पर तथा विशेष मेडिकेटेड सुरक्षा प्रबंधों के ही रिश्तेदारों या अन्य लोगों को प्रवेश दिया जाता है, लेकिन अस्पताल के ऐसे आवश्यक नियम का उल्लंघन करते हुए गोंदिया के स्थानीय नेता बसंत ठाकुर ने ना सिर्फ त्रिशा हॉस्पिटल में आईसीयू में जबरन घुसने का प्रयास किया, बल्कि आईसीयू में प्रवेश करने पर आरोपी बसंत ठाकुर एवं उसके साथ अन्य दो तीन लोगों ने प्रमुख चिकित्सक डॉ. जयंती पटले के साथ अभद्रता, गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी भी दे डाली।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह मामला 23 अगस्त की रात 9 बजे लगभग का है। जानकारी के अनुसार बसंत ठाकुर को शराब के नशे में भी बताया जा रहा है, तथा आरोपी ने हॉस्पिटल में बड़ी देर तक हंगामा करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं में व्यवधान पहुंचाने की भी कोशिश की। इस घटनाक्रम के बाद आरोपी बसंत ठाकुर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 351 (2) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। इस मामले में आगे की जांच की जा रही है।

गोंदिया शहर में दैनिक जगप्रेरणा की प्राप्ति हेतु संपर्क करें..
जग प्रेरणा
चौरसिया पान सेंटर
जय स्तंभ चौक बस स्टॉप, गोंदिया
मो. 08806083231

**- सूचना - यदि आपको प्रतिदिन दैनिक जगप्रेरणा समाचार पत्र नहीं मिल रहा हो तो कृपया दिनेश उके से मोबाईल नंबर 98605 58902 पर संपर्क करें।**

# वरिष्ठ नागरिक दिवस पर जी.ई.एस. रिटायर्ड एम्प्लॉईज एसोसिएशन ने किया सांसद राजेंद्र जैन का सत्कार..







जगप्रेरणा गोंदिया।

श्री सत्य साई मंदिर हॉल, गड्डाटोली, गोंदिया में जी.ई.एस. रिटायर्ड एम्प्लॉईज असोसिएशन, गोंदिया के द्वारा नवनिर्वाचित सांसद राजेंद्र जैन के सत्कार समारंभ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता जनकराज गुप्ता ने की। मंच पर बतौर विशेष अतिथि युवक राका के जिलाध्यक्ष केतन तुरकर, पूर्व जि.प. सदस्य कुंदन कटारे, पुर्व प. स. सदस्य चन्दन गजभिए, संगठन के अध्यक्ष सुखनंदन तुरकर, कार्याध्यक्ष हनवते, संरक्षक हेमंत जायसवाल मंच पर विराजमान थे।

इस अवसर पर श्री सत्य साई बाबा की सांसद राजेंद्र जैन एवं अतिथियों द्वारा पूजा अर्चना की गई एवं स्व. मनोहर भाई पटेल और मां शारदा के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुवात की गई। श्रीमती वंदना शामकुंवर, शालिनी भांडारकर, कौशल्या कावडे, ममता पशीने द्वारा शारदा स्तवन एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।

जीईएस रिटायर्ड कर्मचारी एसोसिएशन के पदाधिकारी एवम् सदस्यों द्वारा खा.श्री राजेंद्र जैन इनका शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ देकर सत्कार कर आगामी संसदीय कार्यकाल के लिए शुभकामना दी गई। संगठन के वरिष्ठ सदस्य सर्वश्री डी.एच.रहांगडाले, ए.ए. पंढरी, के.एच. बिसेन, के.पी. चित्रीव, आर. एल. बहेकार, बी.एल. चौधरी, बी. ए. राऊत, एफ. सी. पटले, ए.पी. मानकर का सांसद राजेंद्र जैन के हस्ते सत्कार किया गया। संगठन के अध्यक्ष तुरकर द्वारा प्रास्ताविक में वर्ष भर के कार्यक्रम की जानकारी दी गई।

सांसद राजेंद्र जैन ने सत्कार पर आभार व्यक्त करते हुए सेवानिवृत्त शिक्षक का मार्गदर्शन, ज्ञान और अनुभव का लाभ समाज को सतत मिलता रहेगा ऐसी कामना करते हुए, ज्येष्ठ नागरिक व सेवानिवृत्त कर्मचारीयों की समस्या के सतत प्रयास करने की बात कही। इस अवसर पर सी.एल. हनवते, विशेष अतिथि कुंदन कटारे, मोहनलाल पटले, ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अध्यक्ष जनकराज गुप्ता ने संगठन को शुभकामनाएं देते हुए वरिष्ठों के सत्कार समारंभ आयोजित करने पर बधाई दी।

कार्यक्रम में प्रमुखता से भागीरथ जीवानी, अप्पाराव पंढरी, एन. के. रहांगडाले, केशव चित्रिव, आर. डी. रामटेक्कर, के. एन. लाडे, एम. जे. पटले, डी. आर. चौरागडे, एन. एस. बघेले, विजय मडामे, वंदना गजभिए, कौशल्या कावडे, शालीनी मोरघडे, ममता पशीने, बी. एल. चौधरी, प्रभु चौरागडे, एस .एल. हनवते, एच .डी. पटले, नान्हे, देबी पांडे, एफ. सी. पटले, कापगते, सुनील लिचडे, ए. जी. गुप्ता सहित असोसिएशन के पदाधिकारी, सदस्य व नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन चांदोराव बिसेन, सुनील श्रीवास्तव, संजय जायसवाल द्वारा एवं आभार डी. एल. पारधी ने माना।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com